
नई दिल्ली
मंगलवार, 14 जनवरी 2025
माघ मास कृष्ण पक्ष -1
वर्ष : 28, अंक : 276
पृष्ठ : 12 मूल्य : 2.00

मौसम
अधि. 18
न्यून. 08



# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com


मकर संक्रांति की मंगलकामनाएं







## 44 घाटों पर स्नान, हेलिकॉप्टर से फूल बरसाए, एनएसजी कमांडो रख रहे नजर

**3700** लोग अपनों से बिछड़ गए लेकिन बेहतर व्यवस्था के चलते उन्हे उनके परिजनों से मिलवा दिया

एजेंसी ▶▶ प्रयागराज

आस्था, भक्ति और श्रद्धा भाव से भरे हुए लाखों श्रद्धालु प्रयागराज के महाकुंभ मेले में पहुंच रहे हैं। संगम में डुबकी लगा रहे हैं और धार्मिक अनुष्ठान कर रहे हैं। पौष पूर्णिमा पर सोमवार को यहां पहला स्नान हुआ जिसमें 44 घाटों पर करीब डेढ़ करोड़ श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगाई। इस आस्था के पर्व पर भक्तों पर ▶▶ शेष पेज 5 पर

# पहले 'स्नान पर्व' पर करीब डेढ़ करोड़ श्रद्धालुओं ने लगाई आस्था की डुबकी

**पीएम मोदी बोले-** भारतीय मूल्यों को संजोने वालों के लिए बहुत खास दिन

## पीएम मोदी ने दी शुभकामनाएं, कहा आध्यात्मिक विरासत का प्रतीक



महाकुंभ 2025 की शुरुआत के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसे भारतीय मूल्यों और संस्कृति को संजोने वालों के लिए बहुत खास दिन बताया। उन्होंने कहा कि यह विशाल धार्मिक आयोजन भारत की शाश्वत आध्यात्मिक विरासत का प्रतीक है। प्रयागराज में अनगिनत लोग आ रहे हैं पवित्र स्नान कर रहे हैं और आशीर्वाद ले रहे हैं। सोमवार को प्रयागराज के पवित्र शहर में महाकुंभ की शुरुआत के साथ, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसे भारतीय मूल्यों और संस्कृति को संजोने वालों के लिए बहुत खास दिन बताया और कहा कि ▶▶ शेष पेज 5 पर

## आज करीब साढ़े नौ घंटे तक होगा अखाड़ों का अमृत स्नान

**प्रयागराज।** मकर संक्रांति पर्व पर अखाड़ों का अमृत स्नान करीब साढ़े नौ घंटे तक चलेगा। हालांकि, शिविर से निकलने और वापस आने में 12 घंटे से भी अधिक समय लगेगा। प्रशासन की ओर से मान्यता एवं परंपरा के अनुसार पूरी तैयारी की गई है। अमृत स्नान के लिए अखाड़ों के संतों एवं नागाओं के स्नान का समय तय हो गया है। सबसे पहले महानिर्वाणी एवं अटल अखाड़े के संत स्नान करेंगे। शिविर से इनका प्रस्थान सुबह करीब सवा पांच बजे होगा और संगम पर सवा छह बजे पहुंचेंगे। करीब 40 मिनट तक अमृत स्नान होगा। इनके बाद निरंजनी एवं आनंद अखाड़ा के संत 7.05 बजे स्नान करेंगे। इसी क्रम में जूना, आवाहन एवं पंच अग्नि अखाड़ा के संत एक साथ सुबह आठ बजे स्नान करेंगे। इनके बाद निर्वाणी, दिगंबर, ▶▶ शेष पेज 5 पर

पीएम मोदी ने जम्मू-कश्मीर के सोनमर्ग में 6.5 किलोमीटर लंबी बनी जेड मोड़ सुरंग का किया उद्घाटन, आम लोगों के साथ सेना को भी मिलेगा फायदा

# सीएम उमर ने की पीएम मोदी की जमकर तारीफ दिल की दूरी और दिल्ली से दूरी को खत्म कर रहे



*सुरंग के उद्घाटन के बाद श्रमिकों से की मुलाकात*

उपराज्यपाल मनोज सिन्हा और सीएम उमर अब्दुल्ला रहे मौजूद



**पीएम मोदी ने कहा ऐसी गर्मजोशी कि वो ठंड भी कभी महसूस नहीं हुई**

उमर अब्दुल्ला ने जब इतनी गर्मजोशी से पीएम मोदी का स्वागत किया तो प्रधानमंत्री ने भी उनका जिक्र किया। अपने संबोधन में पीएम मोदी ने कहा कि दो दिन पहले सीएम उमर अब्दुल्ला ने कुछ तस्वीरें इस ▶▶ शेष पेज 5 पर

एजेंसी ▶▶ श्रीनगर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जम्मू-कश्मीर को जेड मोड़ टनल की सौगात दे दी है। प्रदेश में नई सरकार के गठन के बाद प्रधानमंत्री का यह पहला दौरा है। पर्यटन और रणनीतिक तौर पर यह सुरंग अति महत्वपूर्ण है। श्रीनगर-कारगिल-लेह राजमार्ग पर जिला गांदरबल में समुद्रतल से 8,650 फीट की ऊंचाई पर 6.5 किलोमीटर लंबी सुरंग बनाई गई है। पीएम दौरे के मद्देनजर न सिर्फ श्रीनगर-कारगिल राष्ट्रीय राजमार्ग पर, बल्कि पूरी घाटी में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी है। सुरंग के आसपास संवेदनशील इलाकों में सेना व अर्धसैनिकबलों ने गश्त बढ़ा दी है। एसपीजी ने समारोह स्थल को नियंत्रण में ले लिया है।

इस मौके पर उन्होंने ना सिर्फ मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला के साथ मंच साझा किया बल्कि उन्होंने अपने संबोधन में कई मौकों पर उनका जिक्र भी किया। सामने से उमर अब्दुल्ला ने भी पीएम मोदी की जमकर तारीफ की, उन्होंने जिक्र किया कि मोदी ने किस तरह से अपना वादा निभाया। सीएम उमर अब्दुल्ला ने कहा कि आपने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर श्रीनगर में अपने कार्यक्रम के दौरान 3 बहुत महत्वपूर्ण बातें कहीं। आपने कहा कि आप दिल की दूरी और दिल्ली से दूरी को खत्म करने पर काम कर रहे हैं और ▶▶ शेष पेज 5 पर

### जेड मोड़ टनल का बड़ा फायदा

यह प्रोजेक्ट सोनमर्ग को पूरे साल के गंतव्य में बदलकर पर्यटन को बढ़ावा देगी, जिससे शीतकालीन पर्यटन, साहसिक खेल और स्थानीय आजीविका को बढ़ावा मिलेगा। साल 2028 तक पूरा होने के लिए निर्धारित जोजिला सुरंग के साथ, यह मार्ग की लंबाई को 49 किमी से घटाकर 43 किमी कर देगा और वाहनों की गति को 30 किमी/घंटा से बढ़ाकर 70 किमी/घंटा कर देगा, जिससे श्रीनगर घाटी और लद्दाख के बीच बिना रुके एनएच-1 कनेक्टिविटी सुनिश्चित होगी।

# सीमा पर बाड़बंदी का विरोध कर रहे बांग्लादेश को भारत की दो टूक...

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

बांग्लादेश में जबरन तख्तापलट के बाद तेजी से तनावपूर्ण होते हालातों के बीच बढ़ती अवैध घुसपैठ पर लगाम लगाने के लिए बीएसएफ द्वारा सीमा पर जारी कंटीली तारों की बाड़बंदी का विरोध कर रहे बांग्लादेश को सोमवार को भारत ने कड़ी फटकार लगाई है।

विदेश मंत्रालय ने बांग्लादेश के नई दिल्ली में तैनात कार्यकारी उप-उच्चायुक्त नूरल इस्लाम को समन भेजकर दोपहर दो बजे राजधानी के साउथ ब्लॉक स्थित अपने कार्यालय में तलब किया और मामले पर सख्त हिदायत दी गई कि सीमा पर उसका यह रवैया नहीं चलेगा। मंत्रालय ने एक बयान जारी कर यह जानकारी दी। इसमें बताया कि भारत ने बांग्लादेश के उप-उच्चायुक्त को यह स्पष्ट कर दिया है कि उसने सीमा पर दोनों देशों की सरकारों और बीएसएफ व बांग्लादेश बॉर्डर गार्ड के बीच स्थापित ▶▶ शेष पेज 5 पर

### सीमा पार अपराधों से मिलकर निपटें

भारत ने बांग्लादेश के उप उच्चायुक्त के समक्ष अपराध मुक्त सीमा के गठन के लिए सीमा पार आपराधिक गतिविधियों, तस्करी, अपराधियों और तस्करों की गतिविधियों जैसी चुनौतियों से प्रभावी ढंग से निपटने को लेकर अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। भारत सीमा पर कंटीली तारों की बाड़ लगा रहा है। इसमें लाइटिंग, तकनीकी उपकरण लगाकर सीमा को सुरक्षा प्रदान की जा रही है। इसके अलावा भारत ने बांग्लादेश के सामने अपनी अपेक्षाएं बताते हुए कहा कि वह पूर्व में बनी सहमति का क्रियान्वयन करेगा। जिससे सीमा पार अपराधों से सहयोगात्मक ढंग से निपटा जा सकेगा।

### बांग्लादेश के साथ पड़ती 4,156 किमी. सीमा

भारत की बांग्लादेश के साथ कुल करीब 4 हजार 156 किलोमीटर सीमा पड़ती है। इसमें से 3 हजार किलोमीटर से अधिक के इलाके में भारत ने बाड़बंदी का काम पूरा कर लिया है। अब वह बाकी बची हुई पांच जगहों जैसे चपैनवाबगंज, नौगांव, लालमोनिरहाट ▶▶ शेष पेज 5 पर

खाद्य वस्तुओं के मूल्य घटे

## चार महीने के निचले स्तर पर खुदरा महंगाई

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देश में खुदरा महंगाई दर दिसंबर में चार महीने के निचले स्तर 5.22 फीसदी पर आ गई। यह दर नवंबर में 5.48 फीसदी थी। यह गिरावट खाद्य वस्तुओं की



कीमतों में कमी के कारण आई है। सोमवार को इसको लेकर आंकड़े जारी किए। एनएसओ के तहत सीपीआई के आंकड़ों के मुताबिक, दिसंबर में खाद्य महंगाई 8.39 फीसदी रही। जबकि नवंबर में यह 9.04 फीसदी और दिसंबर 2023 में 9.53 फीसदी थी। एनएसओ के मुताबिक, दिसंबर में उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सामान्य) और खाद्य महंगाई दोनों पिछले चार महीनों के सबसे निचले स्तर पर थे।

### सेंसेक्स लुढ़का, 13 लाख करोड़ का घाटा


**नई दिल्ली।** भारतीय शेयर मार्केट के लिए सोमवार का दिन बेहद खराब साबित हुआ। 86000 से 76000 पहुंचने




वाले सेंसेक्स ने निवेशकों की लुटिया डुबो दी है। एक दिन में बड़ी गिरावट के चलते 13 लाख करोड़ रुपए का नुकसान हो गया है। शेयर बाजार के दोनों प्रमुख सूचकांक बीएसई और एनएसई लाल रंग के निशान पर बंद हुए और अधिकतर बड़े स्टॉक नुकसान में रहे। सेंसेक्स कारोबार बंद होने के समय 1000 से ज्यादा अंक गिर चुका था। 4 कंपनियों को छोड़कर सेंसेक्स की टॉप-30 कंपनियों में बाकी सभी शेयर लाल रंग के निशान पर बंद हुए।

पांच दिन पहले भगदड़ की हुई थी घटना

## तिरुपति मंदिर के लड्डू काउंटर पर लगी आग, मची अफरातफरी





**यूपीएस सिस्टम में शॉर्ट सर्किट के कारण आग लगी**

एजेंसी ▶▶ तिरुपति

तिरुमला के भगवान वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर में हादसे रुकने का नाम नहीं ले रहे। पिछले कुछ दिनों से वहां कुछ ना कुछ अनहोनी हो जा रही है। चार-पांच दिन पहले ही तिरुपति मंदिर में भगदड़ मचने से 6 श्रद्धालुओं की मौत हो गई थी और अब वेंकटेश्वर मंदिर के लड्डू डिस्ट्रिब्यूशन काउंटर में आग लगने की खबर सामने आ रही है। तिरुमला लड्डू काउंटर पर आग लगते ही वहां मौजूद पवित्र प्रसाद लेने वाले भक्तों में दहशत फैल गई। यह घटना सोमवार को मंदिर के लड्डू काउंटर नंबर 47 पर हुई और कथित तौर पर कंप्यूटर सेटअप से जुड़े यूपीएस सिस्टम में शॉर्ट सर्किट के कारण हुई। जैसे ही आग फैली, श्रद्धालु डर के मारे घटनास्थल से भाग गए, लेकिन स्टाफ सदस्यों की तुरंत कार्रवाई ने समय रहते आग पर काबू पा लिया, नहीं तो बड़ा नुकसान हो सकता था। इससे पहले, तिरुमला स्थित भगवान वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर में 8 जनवरी की रात भगदड़ मचने से छह श्रद्धालुओं की मौत हो गई थी और 40 अन्य घायल हो गए थे। यह भगदड़ उस समय मची जब 'वैकुंठ द्वार दर्शनम' के लिए सैकड़ों श्रद्धालु टिकट पाने की कोशिश कर रहे थे।






### महाकुंभ में मुलायम सिंह की मूर्ति को लेकर भड़के संत

**प्रयागराज।** महाकुंभ मेला परिसर में एक कैंप में समाजवादी पार्टी के संस्थापक मुलायम सिंह यादव की मूर्ति को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। कई हिंदू संतों ने इस मूर्ति को लेकर कड़ी आपत्ति जताई है। अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद समेत कई संतों ने गंभीर आरोप



लगाते हुए कहा है कि हिंदुओं के आस्था के पर्व में हिंदू विरोधी नेता की मूर्ति लगाना हिंदुओं का अपमान है। प्रतिमा की स्थापना पर अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद ने कड़ी निंदा की। परिषद के अध्यक्ष महंत रवींद्र पुरी ने कहा कि मुलायम सिंह यादव हिंदू विरोधी और सनातन विरोधी विचार रखते थे। महंत रवींद्र पुरी ने कहा कि मुलायम सिंह यादव की प्रतिमा स्थापित ▶▶ शेष पेज 5 पर





नकली फोन कॉल्स और झूठे/धोखाधड़ी पूर्ण ऑफ़र्स से सावधान रहें. आईआरडीएआई जीवन बीमा पॉलिसियों की बिक्री, बोनस घोषित करने या प्रीमियमों के निवेश जैसी गतिविधियों में संलग्न नहीं है. ऐसे फोन कॉल प्राप्त करने वाले व्यक्तियों से अनुरोध है कि वे पुलिस में इसकी शिकायत दर्ज करवाएँ. बिक्री समापन से पूर्व अधिक जानकारी या जोखिम घटकों, नियम और शर्तों के लिए बिक्री पुस्तिका को ध्यानपूर्वक पढ़े.

लिंक्ड इंश्योरेन्स प्रोडक्ट्स पारंपरिक इंश्योरेन्स प्रोडक्ट्स से भिन्न होते हैं तथा उनके साथ जोखिम घटक होते हैं.
लिंक्ड इंश्योरेन्स पॉलिसियों में अदा किए गए प्रीमियम के साथ पूंजी बाजार तथा सार्वजनिक रूप से उपलब्ध इंडेक्स से जुड़े निवेश जोखिम होते हैं. फ़ंड की कार्यकुशलता तथा पूंजी बाजार/सार्वजनिक रूप से उपलब्ध इंडेक्स को प्रभावित करने वाले घटकों के आधार पर युनिट्स के एनएवीज़ घट-बढ़ सकते हैं तथा बीमित व्यक्ति अपने निर्णयों के लिए स्वयं जिम्मेदार होगा.
भारतीय जीवन बीमा निगम/लाइफ़ इंश्योरेन्स कॉर्पोरेशन ऑफ़ इंडिया केवल जीवन बीमा कंपनी का नाम है तथा निवेश प्लस केवल लिंक्ड इंश्योरेन्स संविदा का नाम है तथा किसी भी रूप में संविदा की गुणवत्ता, इसकी भावी संभावनाओं या आमदनियों की ओर संकेत नहीं करता है.
कृपया अपने बीमा एजेन्ट या मध्यावर्ती या इंश्योरेन्स कंपनी द्वारा जारी पॉलिसी दस्तावेज से संबंधित जोखिमों और लागू प्रमारों की जानकारी प्राप्त कर लें.
इस संविदा के अंतर्गत पेश किए गए विभिन्न फ़ंड्स केवल फ़ंड्स के नाम हैं तथा वे किसी भी रूप में इन प्लान्स की गुणवत्ता, उनकी भावी संभावनाओं तथा आमदनियों की ओर संकेत नहीं करते हैं.

## धूमधाम से मनाया लोहड़ी उत्सव, एलजी सक्सेना ने दी शुभकामनाएं



**नई दिल्ली।** दिल्ली वालों ने सोमवार को धूमधाम से लोहड़ी उत्सव मनाया। इस मौके पर उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने देशवासियों को शुभकामनाएं दी। एलजी ने अपने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट कर लिखा कि लोहड़ी, मकर संक्रांति, पोंगल, माघ बिहू और उत्तरायण के शुभ अवसर पर सभी देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं। उन्होंने लिखा कि यह पर्व हमारे जीवन में प्रकृति, कृषि और उत्सवधर्मिता के महत्व को उजागर करते हैं। एलजी ने लिखा, मेरी कामना है कि ये त्यौहार आपके जीवन में नई ऊर्जा, स्वास्थ्य, समृद्धि और खुशियों का संचार करें। वहीं दिल्ली वालों ने लोहड़ी उत्सव धूमधाम से मनाया। रात के समय पंजाबियों व सिख समाज के लोगों ने अपनी मान्यताओं के अनुसार उत्सव मनाया। इस उत्सव के अवसर पर बाजारों में मूंगफली, गजक, रेवड़ी व मिठाइयों की सजी धजी दुकानों पर शाम होते ही ग्राहकों की खासी भीड़ देखने को मिली। जबकि रात के समय लोगों ने घर आंगन में लोहड़ी जलाई और नाच गाने के साथ एक दूसरे को बधाईयां दी।

### मलेशिया और दुबई जाकर एनसीआर के व्यापारियों से मांगते थे रंगदारी

# गोगी गैंग का कुख्यात दुबई रिटर्न बदमाश गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



■ रंगदारी के तीन अलग अलग मामलों में था वांछित


क्राइम ब्रांच ने रंगदारी के तीन अलग-अलग मामलों में वांछित गोगी व दिनेश करालिया गैंग के कुख्यात बदमाश को गिरफ्तार किया है। आरोपी दुबई रिटर्न बताया जाता है। वह मलेशिया और दुबई से व्यवसायियों को रंगदारी के लिए कॉल करता था। इसके सहयोगियों में से एक अजय अभी भी दुबई में छिपा हुआ है।

स्पेशल सीपी देवेश चंद्र श्रीवास्तव के अनुसार क्राइम ब्रांच की उत्तरी रेंज-1 टीम ने गोगी गैंग के एक कुख्यात बदमाश को गिरफ्तार किया है। इसका नाम सितेंद्र कुमार उर्फ मटरू निवासी वीपीओ ढिगाल, पाना माल्याण, थाना दुजाना, जिला झज्जर, हरियाणा है। 31 वर्षीय सितेंद्र एनसीआर क्षेत्र में व्यवसायियों को निशाना बनाकर जबरन वसूली के कई मामलों में सक्रिय रूप से शामिल रहा है। वह गाजियाबाद के थाने मसूरी, दिल्ली के केएन काटजू मार्ग और पालम गांव थाने में दर्ज मामलों में वांछित था। सितेंद्र अपने सहयोगी अजय के साथ मिलकर दिल्ली और एनसीआर के व्यापारियों से अच्छी खासी रकम वसूल चुका है। अपनी धमकियों में विश्वसनीयता और डर दिखाने के लिए दोनों ने जबरन वसूली कॉल करने के लिए मलेशिया और दुबई की यात्रा तक की थी। पिछले दो महीनों में गिरोह ने रोहिणी, पालम और गाजियाबाद में व्यापारियों से करोड़ों रुपये की मांग की। इनके निशाने पर दुबई स्थित एक एनआरआई बिजनेसमैन भी था। सितेंद्र ने आगे खुलासा किया कि जेल में बंद गैंगस्टर दिनेश करालिया के एक रिश्तेदार ने गाजियाबाद के एनआरआई बिजनेसमैन के घर पर गोलीबारी को अंजाम देने के लिए शार्पशूटरों का इंतजाम करने में मदद की थी।

### मर्डर केस में फरार 50 हजार का इनामी पकड़ा

**नई दिल्ली।** दक्षिण पूर्वी जिले की पुलिस ने शाहीन बाग हत्याकांड में वांछित एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। इसकी गिरफ्तारी पर 50 हजार रुपये का इनाम भी घोषित किया जा चुका था। भगोड़े आरोपी का नाम शोजिब उर्फ शोजीत है। डीसीपी रवि कुमार सिंह के अनुसार 29 दिसंबर 2023 को शाहीन बाग थाना इलाके में झगड़े और चाकूबाजी के संबंध में एक पीसीआर कॉल प्राप्त हुई थी। पुलिस तुरंत घटना स्थल पर पहुंची। पूछताछ करने पर पता चला कि दो घायलों को पीसीआर वैन से नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायल व्यक्तियों में एक नाबालिग और दूसरे का नाम आकिब उर्फ मोनू निवासी जाकिर नगर था। घायल किशोर का बयान दर्ज किया गया, जिसने बताया कि एक दिन पहले उसकी शमीम नामक व्यक्ति से मामूली बात पर बहस हो गई थी। अगले दिन जब वह अपने चाचा आकिब के साथ एक दुकान पर जा रहा था, तो कथित शमीम ने अपने साथियों दिशाद, रॉबिन, सोजिब और अन्य के साथ मिलकर उन पर मुक्कों और चाकू से हमला कर दिया। इस घटना को अंजाम देने के तुरंत बाद आरोपी मौके से फरार हो गए थे। मामले में आकिब की इलाके के दौरान 30 दिसंबर को इलाज के दौरान मौत हो गई थी। जांच के दौरान आरोपी मोहम्मद नौशाद, रॉबिन, शाहिद, जाकिर, दिलशाद और शमीम को कुछ ही घंटों बाद गिरफ्तार कर लिया गया था। गिरफ्तार आरोपियों ने आगे खुलासा किया कि शोजिब भी उपरोक्त हत्या में शामिल था। तब से आरोपी फरार चल रहा था। 4 मई 2024 को इसकी गिरफ्तारी पर 50 हजार का इनाम भी घोषित कर दिया गया था। हाल ही में इसके बारे में सूचना मिली और उसे बुलंदशहर, यूपी से गिरफ्तार किया गया।

## फ्लैट में आग लगने से महिला की मौत, दो घायल



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

पंजाबी बाग इलाके के पश्चिम पुरी में एक आवासीय फ्लैट में आग लगने से एक बुजुर्ग महिला की मौत हो गई जबकि दो अन्य लोग घायल हो गए। यह घटना रविवार रात न्यू स्लम फ्लैट्स में सामने आई। मृतक महिला का नाम निर्मला (65) बताया गया है। वहीं घायलों में प्रहलाद (68) और जितेंद्र (40) शामिल है।

दिल्ली अग्निशमन सेवा (डीएफएस) के प्रमुख अतुल गर्ग ने बताया कि रविवार रात लगभग 10 बज कर 27 मिनट पर आग लगने की सूचना मिली थी। इसके बाद दमकल की तीन गाड़ियां घटनास्थल पर भेजी गई। भूतल समेत तीन मंजिला इमारत की दूसरी मंजिल के फ्लैट में आग लगी थी। आग पर काबू पाने के बाद दमकलकर्मियों को फ्लैट के अंदर एक महिला का जला हुआ शव मिला। शव को पुलिस ने मोर्चरी भिजवाया। डीएफएस प्रमुख ने बताया कि दो लोगों को बचा लिया गया और उन्हें आचार्य भिक्षु अस्पताल ले जाया गया। उधर दिल्ली पुलिस ने बताया कि रविवार रात पंजाबी बाग पुलिस को पीसीआर कॉल मिली। स्टाफ घटनास्थल पर पहुंचा। घटनास्थल पर पहुंचने के बाद सिपाही नफे और मोहित ने पाया कि तीन लोग निर्मला (65), प्रहलाद (68) और जितेंद्र (40) पश्चिम पुरी के न्यू स्लम फ्लैट्स में दूसरी मंजिल पर एक फ्लैट के अंदर फंसे हुए थे। दिल्ली पुलिस के दोनों सिपाहियों ने उप-निरीक्षक संदीप के साथ मिलकर पड़ोस से सीढ़ी का इंतजाम किया और बालकनी के जरिए प्रहलाद और जितेंद्र को बचाया। लेकिन आग इतनी भीषण थी कि अंदर जाना नामुमकिन था, जिसके चलते निर्मला को बचाया नहीं जा सका। पुलिस ने बताया कि जांच के लिए अपराध एवं एफएसएल टीमों को भी बुलाया गया। घायलों के बयान दर्ज किए जा रहे हैं। जांच के निष्कर्षों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## दिल्ली हवाई अड्डे पर करीब ड़ेढ करोड़ का सोना जब्त, आरोपी दंपति अरेस्ट

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय (आईजीआई) हवाई अड्डे पर तस्करी कर लाया गया 1.41 करोड़ रुपये मूल्य का सोना जब्त कर इस सिलसिले में आरोपी दंपति को गिरफ्तार किया गया है। सीमा शुल्क विभाग ने सोमवार को यह जानकारी दी। सीमा शुल्क विभाग के मुताबिक रविवार को बहरीन से आने के बाद दंपति को हवाई अड्डे पर रोक लिया गया।

सीमा शुल्क विभाग ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि सीमा शुल्क अधिकारियों ने 1.5 किलोग्राम सोना (जिसकी कीमत 1.11 करोड़ रुपये है) बरामद किया। तस्करी कर लाए गए सोने को पुरुष यात्री द्वारा ले जाए जा रहे ट्रॉली बैग के अंदर चांदी के रंग के धातु के 15 तारों के रूप में छिपाया गया था। सीमा शुल्क विभाग ने बताया कि इसके अलावा अधिकारियों ने एक महिला यात्री के ट्रॉली बैग के अंदर छिपाकर रखे गए चांदी के रंग के धातु के चार तारों के रूप में सोना बरामद किया। उन्होंने बताया कि उनके पास से कुल 1.90 किलोग्राम सोना जब्त किया गया, जिसकी कीमत 1.41 करोड़ रुपये है। सीमा शुल्क अधिकारी ने बताया कि इस सिलसिले में आरोपी पति और उसकी पत्नी को गिरफ्तार कर लिया गया है।

### हजारों पन्ना प्रमुखों के साथ भारत को 2047 तक पूर्ण विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प लिया : गुप्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के हजारों पन्ना प्रमुखों के साथ दिल्ली विधानसभा में नेता विपक्ष विजेंद्र गुप्ता ने भारत को 2047 तक पूर्ण विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प लिया। इस बात की जानकारी देते हुए विजेंद्र गुप्ता ने कहा कि सोमवार को रोहिणी विधानसभा में भारतीय जनता पार्टी के पहले पन्ना प्रमुखों का सम्मेलन आयोजित हुआ। इस सम्मेलन को संबोधित करते हुए विजेंद्र गुप्ता ने भाजपा कार्यकर्ताओं से अपील की है कि वह आम आदमी पार्टी के मुखिया अरविंद केजरीवाल के भ्रष्टाचार की पोल खोलें और अगले महीने भाजपा को अपना समर्थक देकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथ मजबूत करें ताकि दिल्ली में भी केंद्र सरकार की जनहित से जुड़ी सभी योजनाओं का लाभ दिल्ली वालों को मिल सके। इस सम्मेलन में हिमाचल प्रदेश विधानसभा के सदस्य बलबीर वर्मा समेत भाजपा के पन्ना प्रमुख, त्रिदेव, शहरी केंद्र प्रमुख, मंडल पदाधिकारी, विस्तारक, मोर्चा पदाधिकारी, प्रदेश व जिले के अनेक पदाधिकारी भी उपस्थित थे। गुप्ता ने सम्मेलन में उपस्थित लोगों को दिल्ली सरकार के भ्रष्टाचार और वित्तीय गड़बड़ियों से रूबरू करवाया। उन्होंने एक एक करके आप सरकार द्वारा विकास कार्यों के नाम पर बनाई गई योजनाओं के माध्यम से करोड़ों रुपये की बंदरबाट करने की कहानी सुनाई। वहीं सम्मेलन में उन्होंने दिल्ली मेट्रो को नरेला तक विस्तार देने के लिये प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का भी आभार जताया।

## डीडीए के सस्ते फ्लैट खरीदने के लिए अंतिम मौका आज, हजारों फ्लैट्स हैं उपलब्ध

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



अगर आप अपने घर का सपना देख रहे है तो दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) की दो आवासीय योजनाओं के तहत आज मंगलवार को अंतिम दिन है, आवेदन कर दीजिए। क्योंकि अगर आज अंतिम दिन आवेदन करने से चूके तो यह एक सुनहरा मौका हाथ से निकल सकता है। जी हां यह सही है क्योंकि दिल्ली में सस्ते फ्लैट खरीदने का सपना डीडीए पूरा करने का वादा कर रहा है। जिसके तहत डीडीए की वर्तमान में चल रही दो आवासीय योजनाओं के लिए आवेदन 14 जनवरी 2025 को समाप्त हो रहे है इसके बाद इन योजनाओं के लिए आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे। डीडीए ने आवेदन के लिए 2500 रुपये की फीस रखी है जो नॉन रिफंडेबल है। डीडीए की इन योजनाओं सिरसपुर, नरेला और लोकनायक पुरम में ईडब्ल्यूएस, एलआईजी, एमआईजी और एचआईजी के फ्लैट उपलब्ध कराए गए हैं। इस योजना में स्पेशल छूट का प्रावधान किया गया है। जिसमें महिलाओं, युद्ध में हुई विधवाओं, पूर्व सैनिकों, वीरता या अर्जुन पुरस्कार विजेताओं, विकलांगों, और अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति के लोगों को 25 प्रतिशत तक की भारी छूट दी जा रही है। इस योजना के तहत कुल 6,810 फ्लैट्स उपलब्ध हैं। इनकी कीमत 13 लाख से 24 लाख रुपये के बीच है। जबकि दूसरी योजना श्रमिकों के लिए है। इस योजना में उन लोगों को 25 फीसदी की छूट दी जाएगी, जो 31 दिसंबर 2024 तक निर्माण श्रमिक कल्याण बोर्ड में रजिस्टर्ड हैं या पीएम विश्वकर्मा योजना के तहत रजिस्टर्ड हैं। इस योजना में कुल 700 फ्लैट्स का प्रस्ताव है, जो नरेला के विभिन्न सेक्टरों में स्थित होंगे। इन फ्लैट्स की कीमत 11.54 लाख से 11.67 लाख रुपये तक हो सकती है। इस कीमत में 25 प्रतिशत छूट अलग से मिलेगी।

## आप ने भाजपा पर लगाया बांग्लादेशियों व रोहिंग्याओं को पूरे देश में बसाने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



अवैध बांग्लादेशी प्रवासियों के एक गिरोह के साथ कथित संबंध को लेकर आम आदमी पार्टी (आप) विधायक मोहिंदर गोयल को नोटिस मिलने के एक दिन बाद, राज्यसभा सदस्य संजय सिंह ने सोमवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर देश भर में बांग्लादेशियों और रोहिंग्याओं को बसाने का आरोप लगाया। वहीं झूठे आरोप लगाने के लिए उन्होंने भाजपा नेता स्मृति ईरानी और सुधांशु त्रिवेदी पर मानहानि का केस दर्ज कराने की बात कही। संजय सिंह ने कहा कि स्थिति के लिए केंद्र सरकार को जिम्मेदार ठहराया जाना चाहिए, क्योंकि सीमा सुरक्षा केंद्र की जिम्मेदारी है। सिंह ने प्रैसवार्ता में आरोप लगाया कि पिछले साढ़े दस साल भाजपा बांग्लादेशियों और रोहिंग्याओं को देश में बसाया है। इन्होंने सिर्फ चुनावी फायदे के लिए देश को धोखा दिया है। आप के राज्यसभा सदस्य ने पूछा कि पिछले 10 वर्षों में बांग्लादेशी और रोहिंग्या कैसे सीमा पार कर राष्ट्रीय राजधानी में घुस आए और उनमें से कितनों को वापस भेजा गया। उन्होंने पूछा कि प्रवासी पश्चिम बंगाल, असम और त्रिपुरा की सीमा पार कर बिहार, झारखंड और उत्तर प्रदेश से होते हुए दिल्ली कैसे पहुंच गए। सिंह ने यह भी कहा कि भाजपा से बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के बारे में पूछा जाना चाहिए। हसीना को बांग्लादेशियों, रोहिंग्याओं की नेता बताते हुए संजय सिंह ने पूछा कि भाजपा ने उन्हें कहां रखा है। बांग्लादेश में सरकार विरोधी प्रदर्शनों के कारण सत्ता से बेदखल होने के बाद हसीना भारत आ गईं थीं। एक प्रैसवार्ता मेंभाजपा नेता स्मृति ईरानी ने दावा किया कि जांच एजेंसी को शहर में 26 अवैध बांग्लादेशी प्रवासियों के आधार अद्यतन फॉर्म पर आप विधायकों मोहिंदर गोयल और जय भगवान के हस्ताक्षर और मोहर मिले हैं। संजय सिंह ने कहा कि बांग्लादेशियों का आधार कार्ड बनाने के मामले में पुलिस ने 'आप' विधायक महेंद्र गोयल को आरोपी नहीं, गवाह के तौर पर नोटिस दिया है। इस मामले में भाजपा के नेता स्मृति ईरानी और सुधांशु त्रिवेदी ने महेंद्र गोयल और जय भगवान पर झूठा आरोप लगाया है। दोनों के खिलाफ मानहानि का केस किया जाएगा। संजय सिंह ने प्रैसवार्ता में दिल्ली पुलिस का एक वीडियो दिखाया। जिसमें साफ देखा जा सकता है कि दिल्ली पुलिस का अधिकारी मीडिया से कहता है कि आम आदमी पार्टी का बांग्लादेशी घुसपैठियों से कोई लिंक नहीं है।

### एलजी से मिलकर मुस्लिम संगठनों ने किया अवैध बांग्लादेशियों पर कार्रवाई का स्वागत



**नई दिल्ली।** दिल्ली में अवैध बांग्लादेशियों पर की जा रही कार्रवाई को सही बताते हुए कई मुस्लिम संगठनों ने उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना से मिलकर उन्हें धन्यवाद देते हुए समर्थन किया। नाज वेलफेयर सोसाइटी के तत्वाधान में पहुंचे मुस्लिम समाज के लोगों ने एलजी को धन्यवाद पत्र सौंपते हुए कहा कि दिल्ली व देश की भलाई के लिए अवैध बांग्लादेशियों पर की जा रही कार्रवाई उचित है, जिसका खुले दिल से समर्थन करते है। सोसायटी के महासचिव मो. फैजान व प्रेस सचिव मो. फरमन ने बयान जारी कर कहा कि कुछ दिन पहले संगठन के साथ मुस्लिम समाज के लोगों ने एलजी से मिलकर अवैध बांग्लादेशियों पर कड़ी कार्रवाई करने की मांग की थी। जिसके बाद एलजी सक्सेना द्वारा अवैध बांग्लादेशियों पर सख्त कार्रवाई करने के लिए दिल्ली पुलिस को निर्देश दिए और कार्रवाई शुरू हुई जिसके लिए मुस्लिम संगठन व सम्पूर्ण मुस्लिम समाज आभार व्यक्त करता है। किसी भी देश की एकता, अखंडता एवं सतत विकास के लिए यह आवश्यक है कि उस देश में कोई भी विदेशी अवैध रूप से न घुस पाए तथा अपने नापाक मंसूबों में कामयाब ना हो सके। उन्होंने कहा कि विश्व के अनेक देशों में अवैध घुसपैठियों ने गृह युद्ध युद्ध जैसे हालात पैदा कर दिए हैं। अतः इस प्रकार की सख्त कार्यवाही देशहित में अत्यंत आवश्यक है। जैसा हम लोगों की आशंका थी वैसा ही पाया गया कि अनेक अवैध बांग्लादेशी देश की राजधानी में चोरी छुपे रह रहे हैं। उन्होंने कहा कि आश्चर्य का विषय है कि इन लोगों द्वारा सर्वप्रथम फर्जी तरीके से कोई न कोई पहचान पत्र बना लिया जाता है। उसके पश्चात आधार कार्ड और फिर मतदाता सूची में नाम दर्ज करवा लिया जाता है। स्पष्ट है कि किस प्रकार से अवैध बांग्लादेशियों को सुनियोजित तरीके से दिल्ली में न सिर्फ बसाया जा रहा है बल्कि उनको कुछ विशेष पार्टी द्वारा वोट बैंक के रूप में इस्तेमाल भी किया जा रहा है। यह घुसपैठिए दिल्ली में रहकर गंभीर अपराधों में लिप्त होते हैं तथा इनके कुकृत्यों के कारण हमारे मुस्लिम समाज को काफी बदनामी झेलनी पड़ती है। उन्होंने कहा कि इस कार्रवाई के लिए मुस्लिम समाज व संगठन नु पुन उपराज्यपाल से अनुरोध करते है कि अवैध बांग्लादेशियों के विरुद्ध चलाए गए अभियान जारी रखते हुए दिल्ली शहर को अवैध बांग्लादेशियों से मुक्त कराए। इतना ही नहीं वोट बैंक की राजनीति के लिए अवैध रूप से बांग्लादेशियों के नाम वोटर लिस्ट में जुड़वाने वाले लोगों के विरुद्ध भी सख्त से सख्त कार्यवाही की जानी चाहिए। सनद रहे कि मुस्लिम संगठनों ने 8 दिसंबर 2024 को राज निवास पहुंचकर एलजी सक्सेना से अपील की थी कि अवैध अवैध बांग्लादेशियों पर सख्त कार्रवाई की जाए।

अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 (2) (ii) CrPC देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त नामः **मनीष कुमार खरगा, पुत्रः गणेश खरगा, निवासीः फ्लैट नं. 308, बीएमके, गिरी नगर, नई दिल्ली** ने अपराध किया है (या किए जाने का संदेह है) **FIR No.38/2016 U/S 354A/506/34 IPC** के तहत एक मामला **थाना चितरंजन पार्क, दक्षिण पूर्व जिला, नई दिल्ली** में दर्ज किया गया है और उसके बाद जारी गिरफ्तारी वारंट को यह कहते हुए वापस कर दिया गया कि उक्त **मनीष कुमार खरगा** नहीं मिला या मेरी संतुष्टि के लिए दिखाया गया है कि आरोपी **मनीष कुमार खरगा** फरार हो गया है (या उक्त वारंट कि तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है), इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि अभियुक्त **मनीष कुमार खरगा** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **05.03.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
अनम रईस खान
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी
(महिला न्यायालय)–01, दक्षिण पूर्व जिला,
साकेत कोर्ट कॉम्प्लेक्स, नई दिल्ली

DP/451/SD/2025

### जाट समाज के एक प्रतिनिधिमंडल ने की अरविंद केजरीवाल से मुलाकात

# 'जाट समाज को आरक्षण सूची में शामिल करने की मांग के साथ आप'

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली के जाट समाज को केंद्र की आरक्षण सूची में शामिल ना करना अन्याय है। आम आदमी पार्टी जाट समाज की इस जाय मांग के साथ खड़ी है। यह बात सोमवार को उनसे उनके आवास पर आए एक जाट समाज के प्रतिनिधिमंडल से कही। प्रतिनिधिमंडल ने दिल्ली के जाट समाज को केंद्र की ओबीसी लिस्ट में शामिल करने की मांग को लेकर प्रधानमंत्री को चिट्ठी लिखने के लिए अरविंद केजरीवाल का धन्यवाद किया। अरविंद केजरीवाल ने कहा कि भाजपा नेताओं को बताना चाहिए कि दिल्ली के जाट समाज को ओबीसी लिस्ट में कब शामिल किया जाएगा। वहीं, अंतर्राष्ट्रीय दूहन खाप के प्रधान सतपाल सिंह दूहन ने कहा कि अरविंद केजरीवाल की बात को लोग पत्थर की लकीर मानते हैं। वह जो कहते हैं, उसे करते हैं। इस अवसर पर 'आप' के वरिष्ठ नेता सुशील गुप्ता व अनुराग ढांडा समेत दर्जनों जाट समाज के लोग मौजूद रहे। केजरीवाल ने कहा कि मैंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर याद दिलाया था कि 2015 में प्रधानमंत्री ने जाट समाज को केंद्र सरकार की ओबीसी लिस्ट में शामिल करने का आश्वासन दिया था। अभी दिल्ली का जाट समाज दिल्ली सरकार में ओबीसी की कैटेगिरी में आता है लेकिन केंद्र की ओबीसी की लिस्ट में नहीं आता है। हमने प्रधानमंत्री से दिल्ली के जाट समाज केंद्र की ओबीसी लिस्ट में भी डालने का अनुरोध किया है। केजरीवाल ने कहा कि दिल्ली यूनिवर्सिटी के किसी भी कॉलेज में राजस्थान के जाट समाज को आरक्षण मिलता है लेकिन दिल्ली के जाट समाज को नहीं मिलता है। क्योंकि राजस्थान का जाट समाज केंद्र सरकार की ओबीसी लिस्ट में शामिल है, लेकिन दिल्ली का जाट नहीं शामिल है। इससे बड़ी विसंगति व अन्याय और क्या हो सकता है। दिल्ली में स्थित केंद्र सरकार के सभी संस्थानों एम्स, सफदरजंग, एनडीएमसी और डीडीए में राजस्थान के जाट समाज को आरक्षण मिलता है लेकिन दिल्ली के जाट समाज को नहीं मिलता है। अरविंद केजरीवाल ने कहा कि दिल्ली के जाट समाज को आरक्षण देने के लिए 2015 में भाजपा ने जाट समाज को आश्वासन दिया था। उसके बाद भी आज तक उनका आश्वासन पूरा नहीं हुआ।

### आश्वासन के बाद भी दिल्ली के जाट समाज ओबीसी सूची में नहीं किया गया शामिल : सतपाल सिंह

अंतर्राष्ट्रीय दूहन खाप के प्रधान सतपाल सिंह दूहन ने कहा कि 2004 से हम केंद्र की ओबीसी सूची में जाट समाज को शामिल करने की मांग उठा रहे हैं। इस बीच कई सरकारें आईं और गईं। जाट समाज को ओबीसी में आरक्षण देने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह ने भी आश्वासन दिया था लेकिन आश्वासन पूरा नहीं हुआ। आज हमारे समाज की खाप सरदारी उनसे मिलने के लिए पहुंची थी। इस दौरान केजरीवाल ने हमारी पूरी खाप सरदारी को यह आश्वस्त किया है कि उनकी सरकार बने या न बने, लेकिन वह जाट समाज की लड़ाई को मरते दम तक लड़ते रहेंगे। सतपाल सिंह दूहन ने कहा कि हमारी मुख्य मांग यह है कि देश में बाकी राज्यों से दिल्ली आने वाले बच्चे का यहां के स्कूलों और अस्पतालों में दाखिला हो जाता है, जबकि दिल्ली के हमारे समाज के बच्चे इससे वंचित हैं। हमें हमारे अधिकार मिलने चाहिए। इससे पहले हरियाणा, राजस्थान और उत्तर प्रदेश में जाट समाज के लिए 2016 में आंदोलन के लिए जिन अधिकारों की मांग की गई थी, इसको लेकर भी हमने अरविंद केजरीवाल से अपील की थी कि वह पूरे भारत में पूरे जाट समाज की लड़ाई लड़ने का काम करें। अरविंद केजरीवाल भी इसके लिए तैयार थे। हमारे कहने से पहले भी वो इसके लिए तैयार थे कि वह मरते दम तक जाट समाज की लड़ाई लड़ेंगे।

अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 Cr.P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **अजय, पुत्रः श्री संजय उर्फ संजू, पताः म.नं.18, गली नं.5, गाजीपुर डेयरी फार्म, दिल्ली और बारात घर के पास, धर्मी चौहान का मकान घरोली, दिल्ली** ने **FIR No. 124/2021, dated 05.04.2021, U/s 363/366/376 IPC & 06 POCSO Act, पुलिस थाना गाजीपुर, दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **अजय** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्षित कर दिया गया है कि उक्त **अजय** फरार हो गया है (या उक्त वारंट कि तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 124/2021, dated 05.04.2021, U/s 363/366/376 IPC & 06 POCSO Act, पुलिस थाना गाजीपुर, दिल्ली** के अभियुक्त **अजय** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **14.02.2025 को 10:00 बजे** या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री राकेश कुमार रामपुरी
अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश, पोक्सो एक्ट
पूर्वी जिला, कमरा नं. 76,
कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली

DP/579/ED/2025





## खबर संक्षेप

### केजरीवाल-आतिशी सरकार को सत्ता में बने रहने का कोई अधिकार नहीं बचा : सचदेवा

**नई दिल्ली।** न्यायालय की अंग्रेजी की टिप्पणी की "वाई आर यू ड्रेगिंग योर फीट फ्रॉम डिस्कशन" बेहद गंभीर टिप्पणी है और इसके बाद केजरीवाल-मार्लेना सरकार को सत्ता में बने रहने का कोई अधिकार नहीं बचा है। दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने सोमवार को यह बयान जारी किया। उन्होंने कहा कि सीएजी (कैग) रिपोर्ट मामले के दौरान उच्च न्यायालय की सोमवार की टिप्पणी के बाद अरविंद केजरीवाल के संरक्षण में चल रही आतिशी मार्लेना सरकार को सत्ता में बने रहने का कोई अधिकार नहीं बचा है। 2023 से अरविंद केजरीवाल एवं आतिशी मार्लेना सरकार सीएजी की शीशमहल निर्माण सहित विभिन्न मामलों की 12 से अधिक रिपोर्टों को दबाए बैठी है। दिल्ली विधानसभा में भाजपा के विधायकों ने बार बार यह रिपोर्ट विधानसभा में रखने का अनुरोध किया है पर अपने काले कारनामों की पोल खुलने के डर से भयभीत केजरीवाल - मार्लेना सरकार टस से मस नहीं हुई।

### भाजपा के पूर्व विधायक का आरोप, टिकट देने में हुआ घालमेल

**नई दिल्ली।** दिल्ली भाजपा द्वारा प्रत्याशी टिकट आवंटन मामले में नरेला से भाजपा के पूर्व विधायक नील दमन खत्री ने भाजपा पर घालमेल के आरोप लगाए हैं और निवेदन किया है कि वह पार्टी इस बारे में विचार करे। बता दें कि भाजपा द्वारा शनिवार शाम जारी उम्मीदवारों की सूची में नरेला विधानसभा सीट पर उनका नाम नहीं था, जिसके बाद सोमवार को नील दमन खत्री ने प्रेसवार्ता में आरोप लगाया कि शीर्ष नेतृत्व को सही जानकारी नहीं मिली। प्रेसवार्ता में उन्होंने यह भी कहा कि उनके परिवार के खून में भाजपा की विचारधारा है। उन्होंने कहा कि मुझे टिकट भले ही नहीं दिया जाए लेकिन भाजपा के अन्य कार्यकर्ता भी यहां हैं लेकिन उन कार्यकर्ताओं में से किसी को भी टिकट नहीं दिया गया। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा ने जिस व्यक्ति राजकरण खत्री को टिकट दिया गया है वह सक्रिय कार्यकर्ता नहीं है। इस टिकट आवंटन में घालमेल जरूर हुआ है और तमाम जांच एजेंसियों से इसकी जांच करने की गुहार की है।

### सोमवार को 20 उम्मीदवारों ने दाखिल किया पर्चा

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधासभा चुनाव 2025 के लिए सोमवार को विभिन्न राजनीतिक दलों के अलग-अलग विधानसभा सीटों से कुल 20 उम्मीदवारों ने अपना नामांकन दाखिल किया। इसके साथ ही अब तक 29 उम्मीदवार नामांकन दाखिल कर चुके है। सोमवार को नामांकन दाखिल करने वाले उम्मीदवारों में मादीपुर विधानसभा से 1, विकासपुरी से 4, द्वारका से 1, सीमापुरी से 1, मुंडका से 1, गोंड़ा से 1, गोकुलपुर से 1, सीलमपुर से 2, वजीरपुर से 1, बवाना से 2, दिल्ली कैंट से 1, लक्ष्मी नगर से 1, कोंडली से 1, बुराडी विधानसभा से 2 उम्मीदवार शामिल है।

### सड़क हादसे के बाद फरार हुआ वाहन चालक अरेस्ट

**नई दिल्ली।** मयूर विहार इलाके में नोएडा लिंक रोड पर रविवार तड़के हुये भीषण सड़क हादसे के बाद फरार हुये बोलेरो कार चालक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी चालक का नाम अमित (40) निवासी न्यू फ्रेंड्स कालोनी, तैमूर नगर बताया गया है। गौरतलब है कि हादसे में टैक्सी सवार एक महिला और चालक की जान चली गई थी। महिला का पति गंभीर रूप से घायल है। उसे नोएडा के कैलाश अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। हादसा उस समय हुआ जब बोलेरो कार डिवाइडर से टकराने के बाद विपरीत दिशा में जाकर एक बलेनो कार से टकराने के बाद टैक्सी पर पलट गई थी। बोलेरो कार का चालक वाहन को मौके पर ही छोड़कर फरार हो गया था।

### बुजुर्गों और दिव्यांगों के लिए घर से लाने व वापिस छोड़ने की सुविधा

# दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए तैयार हो रही है दिल्ली : सीईओ

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली विधानसभा चुनाव 2025 के लिए दिल्ली तैयार है और आंशिक रूप से बची कुछ तैयारियां जैसे नामांकन, मॉडल बूथ आदि भी समय के साथ जल्द पूर्ण हो जाएगें। दिल्ली की मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) आर एलिस वाज ने सोमवार को प्रेसवार्ता में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मतदान कर्मियों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू हो गए हैं और नामांकन, अनुमति और प्रवर्तन गतिविधियों से संबंधित महत्वपूर्ण आंकड़ों की प्रतिदिन निगरानी की जा रही है। सीईओ वाज ने कहा कि हम संवेदनशील मतदान केंद्रों के लिए भारत निर्वाचन आयोग के सभी निर्देशों का पालन कर रहे है। उन्होंने कहा कि चुनाव के लिए पुलिस की तैनाती और सुरक्षा व्यवस्था को अभी अंतिम रूप दिया जाना बाकी है। बता दें कि चुनाव कार्यक्रम की घोषणा के तुरंत बाद सात जनवरी को आदर्श आचार संहिता लागू कर दी गई। दिल्ली की 70 विधानसभा सीटों के लिए मतदान पांच फरवरी को होना है और नतीजे आठ फरवरी को घोषित किए जाएंगे। सीईओ ने बताया कि आदर्श आचार संहिता निर्वाचन आयोग (ईसी) द्वारा स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करने के लिए जारी दिशा निर्देशों का पालन किया जा रहा है। यह राजनीतिक दलों और उम्मीदवारों के आचरण को नियंत्रित करता है। वहीं, बताया गया कि चुनाव मतदान के दिन बुजुर्गों, दिव्यांगों के लिए घर से मतदान केंद्र पहुंचाने तक ले जाने व वापिस घर छोड़ने की सुविधा भी दी जा रही है।



#### बाधा डालने वाली गतिविधियों को सख्ती से रोका जाएगा

सीईओ ने बताया कि चुनावी प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की बाधा डालने वाली गतिविधियों को सख्ती से रोका जाएगा। बता दें कि चुनाव की घोषणा के बाद, सीईओ आर एलिस वाज ने राष्ट्रीय और राज्य स्तर पर मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक की थी, जिसमें बैठक का उद्देश्य स्वतंत्र, निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव सुनिश्चित करने के लिए आदर्श आचार संहिता (एमसीसी) और चुनाव व्यय निगरानी उपायों को लागू करने पर चर्चा करना था। सीईओ ने राजनीतिक दलों को स्पष्ट किया कि चुनाव प्रचार के दौरान नैतिकता और पारदर्शिता बनाए रखना अत्यंत आवश्यक है।

#### 21 करोड़ रुपए से अधिक मूल्य की नकदी और शराब जैसी वस्तुएं जब्त

राजधानी दिल्ली में विधानसभा चुनाव के मद्देनजर लागू आदर्श आचार संहिता (एमसीसी) लागू होने के एक सप्ताह के भीतर विभिन्न विभागों ने 21 करोड़ रुपए से अधिक मूल्य की नकदी और शराब जैसी अन्य वस्तुएं जब्त की हैं। सीईओ एलिस वाज ने बताया कि राजधानी में कुल मिलाकर 21 करोड़ 89 लाख रुपए की वस्तुएं जब्त की गई हैं। इसमें 9 करोड़ 8 लाख रुपए नकद, 6 करोड़ एक लाख रुपए की कीमती धातुएं, करीब 5 करोड़ रुपए के मादक पदार्थ, 47 लाख रुपए से अधिक मूल्य की मुफ्त में दी जाने वाली वस्तुएं और 45 लाख रुपए से अधिक मूल्य की शराब शामिल है। सोमवार को इस संबंध में जानकारी देते हुए दिल्ली की मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) आर एलिस वाज ने बताया कि पूर्वी दिल्ली में सबसे अधिक 6.83 करोड़ रुपए मूल्य की वस्तुएं जब्त की गई हैं। दूसरे स्थान पर दक्षिण दिल्ली है, जहां 6.81 करोड़ रुपए मूल्य की वस्तुएं जब्त हुई हैं, जबकि नई दिल्ली क्षेत्र में सबसे कम 3.9 लाख रुपए मूल्य की वस्तुएं जब्त की गई हैं।

#### निगम का चुनावी प्रचार सामग्री पर एक्शन जारी

दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) ने दिल्ली में आदर्श आचार संहिता लगने के बाद से लगातार अवैध चुनाव प्रचार सामग्री पर लगातार कार्रवाई कर रही है। आदर्श आचार संहिता के निगम से जुड़े नोड़ल अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि एमसीडी ने सोमवार को सीटी एसपी जोन, सिविल लाइन जोन, करोल बाग, नजफगढ, केशवपुरम, साउथ जोन, वेस्ट जोन, सेंट्रल जोन, शाहदरा साउथ और शाहदरा नार्थ जोन से पोस्टर, बैनर, होर्डिंग, वॉल पेंटिंग, साइनेज और झंडे हटाने का कार्य किया। नोडल अधिकारी ने बताया कि गत मंगलवार शाम 5 बजे से लेकर सोमवार शाम 5 बजे तक निगम प्रशासन ने 6 लाख 77 हजार 171 प्रचार सामग्री पर कार्रवाई की। इसमें 96 हजार 734 होडिंग, 5 लाख 79 पोस्टर, बैनर, दीवारों पर पेंटिंग, 17 हजार 913 साइनेज बोर्ड, 61 हजार 745 झंडे शामिल हैं। बता दें कि दिल्ली विधान सभा चुनाव-2025 के ऐलान के बाद से एमसीडी ने अवैध प्रचार सामग्री को हटाने का कार्य शुरु कर दिया था। एमसीडी का विभाग हर दिन अलग-अलग जोन से अवैध प्रचार सामग्री को हटाने का कार्य कर रही है।

## केजरीवाल ने चुनाव आयोग से मिलकर की नई दिल्ली के डीएम को हटाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



■ नई दिल्ली विधानसभा में भाजपा फर्जी वोट बनवाने और पैसे, चादरें, चश्मे बांटने का खेल डीएम की मिलीभगत से कर रही : केजरीवाल

आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने नई दिल्ली विधानसभा क्षेत्र में भाजपा द्वारा की जा रही धांधली को रोकने और पटपड़गंज से प्रत्याशी अवध ओझा का वोट दिल्ली में शिफ्ट करने का आदेश देने की मांग को लेकर सोमवार को चुनाव आयोग से मुलाकात की। इस दौरान उनके साथ पंजाब के सीएम भगवंत मान, दिल्ली की सीएम आतिशी, राज्यसभा सांसद संजय सिंह, राघव चड्ढा और अवध ओझा शामिल थे। केजरीवाल ने कहा कि हमने चुनाव आयोग से वोटरों की गड़बड़ी में शामिल स्थानीय डीएम को तुरंत हटाने की मांग की है। चुनाव आयोग ने हमें एक-एक वोट की गहन छानबीन करने और किसी भी हाल में फर्जी वोट नहीं बनने देने का आश्वासन दिया है। केजरीवाल ने कहा कि वहीं एक अच्छी खबर यह है कि चुनाव आयोग ने आम आदमी पार्टी से पटपड़गंज विधानसभा के उम्मीदवार अवध ओझा के वोटर आईडी को दिल्ली में शिफ्ट करने के आदेश दे दिए हैं। अब उनका वोट दिल्ली में बन जाएगा और वह अपना नामांकन दाखिल कर पाएंगे। इसके लिए भी मैं चुनाव आयोग का शुक्रिया अदा करता हूं। दरअसल पटपड़गंज से आप उम्मीदवार अवध कुमार ओझा का वोट ग्रेटर नोएडा में बना हुआ था। उन्होंने दिल्ली में वोट बनवाने के लिए 26 दिसंबर को फॉर्म 6 भरकर आवेदन दिया था। लेकिन उन्हें कोई जवाब नहीं आया। किसी ने उनसे कहा कि क्योंकि उनका ग्रेटर नोएडा में वोट बना हुआ है तो उन्हें वोट ट्रांसफर के लिए फॉर्म 6 नहीं, फॉर्म 8 भरना पड़ेगा। इसलिए उन्होंने 7 जनवरी को फॉर्म 8 भर दिया। कानून के मुताबिक, फॉर्म 8 भरने की 7 जनवरी आखिरी तारीख थी। इलेक्शन कमीशन के मैनुअल यह कहते हैं कि नामांकन की अंतिम तारीख से 10 दिन पहले तक फॉर्म 6, फॉर्म 7, फॉर्म 8 भरे जा सकते हैं। लेकिन रहस्यमय ढंग से एक दिन बाद उन्होंने दोबारा आदेश निकालकर कहा कि 6 जनवरी आखिरी तारीख है। यह चुनाव आयोग की गाइड लाइन और मैनुअल के खिलाफ है। गाइडलाइंस और मैनुअल यह कहता है कि नामांकन की अंतिम तारीख से 10 दिन पहले तक फॉर्म 8 स्वीकार किए जाएंगे। नामांकन की अंतिम तारीख 17 जनवरी के हिसाब से 10 दिन पहले की तारीख 7 जनवरी है। 7 जनवरी आखिरी तारीख होनी चाहिए। इसी मांग को लेकर केजरीवाल सोमवार को चुनाव आयोग से मिले जहां उन्हें बड़ी राहत मिली।

## आप नेताओं ने खुद फर्जी कागजात देकर रोहिंग्याओं के नाम वोटर लिस्ट में जुड़वाए : विजेंद्र गुप्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष विजेंद्र गुप्ता ने आम आदमी पार्टी के नेताओं द्वारा लगातार भारतीय जनता पार्टी पर लगाए जा रहे आरोपों की कड़ी निंदा की है। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी के नेता संजय सिंह का यह आरोप कि 'रोहिंग्याओं और बांग्लादेशियों को दिल्ली में बसाने का काम बीजेपी ने किया है', उनकी बिगड़ी हुई मानसिकता का परिचायक है। गुप्ता ने कहा कि दिल्ली की जनता अच्छे से जानती है कि रोहिंग्याओं और बांग्लादेशियों को फर्जी कागजात के आधार पर उन्हें वोटर कार्ड जारी कर उनके नाम वोटर लिस्ट में शामिल करने का काम आम आदमी पार्टी द्वारा पिछले 10 सालों से लगातार किया जा रहा है। भाजपा और इसके सभी नेता बहुत बार इन्हें देश की सुरक्षा के लिए बड़ा खतरा बता चुके हैं। गुप्ता ने कहा कि मेरी अगुवाई में भाजपा विधायक दल ने सदन ने जब-जब भी इस मुद्दे को लेकर आवाज़ उठाई, सरकार से सवाल किया, तब तब उनके माइक बंद कर दिए गए। और भाजपा विधायकों ने जब इसका विरोध किया तो उन्हें मार्शलों के द्वारा सदन से बाहर करवा दिया गया। गुप्ता ने कहा कि अनेक बार हर मंच पर इन रोहिंग्याओं और बांग्लादेशियों को देश से बाहर करने के लिए दिल्ली में एनआरसी लागू करने की मांग की, लेकिन आम आदमी पार्टी की सरकार ने एनआरसी लागू नहीं किया। चुनाव सामने देख इस पार्टी के नेता हर मामले को लेकर घड़ियाली आंसू बहाने लग गए हैं।

नेता विपक्ष विजेंद्र गुप्ता ने जाटों को केंद्र द्वारा आरक्षण न देने के केजरीवाल के आरोप पर पलटवार करते हुए केजरीवाल पर आरोप लगाया कि उनकी पार्टी ने पिछले 10 साल में एक भी काम जाटों के हितों के लिए नहीं किया और अब चुनावी मौसम में उनके हितों की बात करके अपनी नाकामियों को छुपाने के लिए घड़ियाली आंसू बहा रहे हैं। गुप्ता ने कहा कि भाजपा ने तो हमेशा ही जाटों को बहुत सम्मान दिया है। यहां तक की वर्तमान उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ भी जाट समुदाय से ताल्लुक रखते हैं और भाजपा ने ही उन्हें देश के दूसरे सर्वोच्च पद पर बिठाकर समूचे जाट समाज को गौरवान्वित किया है। इतना ही नहीं, देश के पूर्व प्रधानमंत्री और जाटों के सिरमौर चौधरी चरण सिंह को 'भारत रत्न' से सम्मानित करना जाटों के प्रति भाजपा के सम्मान भाव को ही प्रकट करता है।

#### दिल्ली में तुरंत एनआरसी लागू की जाए

गुप्ता ने एक बार फिर से दिल्ली में तुरंत एनआरसी लागू करने की मांग की है ताकि आपराधिक गतिविधियों में शामिल इन रोहिंग्याओं और बांग्लादेशियों की पहचान कर इन्हें देश से बाहर किया जा सके। गुप्ता ने कहा कि चुनाव में अपनी संभावित हार को आम आदमी पार्टी के नेता पचा नहीं पा रहे हैं और इसलिए ऊलजलूल आरोप लगाकर अपनी बिगड़ी हुई मानसिक स्थिति को उजागर कर रहे हैं। उनकी हताशा खुलकर अब सामने आ चुकी है।

## शीशमहल बना सकते हैं, तो गरीबों को उनके घर देने में क्या दिक्कत है : प्रवेश वर्मा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली में जब आम आदमी पार्टी के मुखिया व पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल अपने लिए शीशमहल बना सकते हैं, तो दिल्ली के गरीबों को उनके घर देने में क्या दिक्कत है? दिल्ली के गरीब अब न्याय मांग रहे हैं। नई दिल्ली विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी और वरिष्ठ नेता प्रवेश साहिब सिंह वर्मा ने सोमवार को एक प्रेस वार्ता में आम आदमी पार्टी की दिल्ली सरकार पर निशाना साधते हुए यह आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि वर्ष 2013 में दिल्ली सरकार के दिल्ली अर्बन शेल्टर इम्प्रूवमेंट बोर्ड (ड्यूसिब) ने गरीब परिवारों से स्थायी घर देने का वादा कर हजारों रुपये जमा किए। किसी ने 70 हजार किसी ने 1 लाख और कई ने डेढ़ लाख रुपए तक जमा किए। लेकिन 12 साल बाद भी इन परिवारों को उनके घर नहीं मिले। इस दौरान उन्होंने केजरीवाल सरकार की असफलताओं और गरीबों के साथ किए गए विश्वासघात को भी उजागर किया। प्रेस वार्ता में प्रवेश वर्मा ने दिल्ली सरकार से तुरंत कार्रवाई की मांग की। उन्होंने कहा कि तैयार मकानों का तुरंत आवंटन किया जाए और झुग्गीवासियों के साथ किए गए अन्याय का मुआवजा दिया जाए।

#### प्रधानमंत्री आवास योजना के मुकाबले विफलता

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू की गई प्रधानमंत्री आवास योजना का उदाहरण देते हुए प्रवेश वर्मा ने कहा कि इस योजना के तहत देश भर में करोड़ों गरीब परिवारों को घर मिले। हाल ही में प्रधानमंत्री मोदी ने अशोक विहार में 1,675 मकानों का आवंटन किया, जो उनकी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इसके विपरीत, केजरीवाल सरकार 12 साल बाद भी गरीबों के घरों का आवंटन करने में विफल रही।

#### शीला सरकार की योजनाओं को रोका

प्रवेश वर्मा ने याद दिलाया कि शीला दीक्षित सरकार के दौरान झुग्गीवासियों के लिए घर बनाने की योजना शुरू की गई थी। बापरौला और सावदा घेवरा जैसे इलाकों में घर बनाए गए। लेकिन जब केजरीवाल सत्ता में आए, तो इन घरों को आवंटित करने की प्रक्रिया को रोक दिया गया। गरीबों को उनका हक देने की बजाय, केजरीवाल सरकार ने उनकी मेहनत की कमाई को नजरअंदाज कर दिया। प्रवेश वर्मा ने खुलासा किया कि दिल्ली में 8,000 से अधिक मकान पूरी तरह से बनकर तैयार हैं और केवल आवंटन के इंतजार में हैं। लेकिन इन मकानों को गरीबों को देने की बजाय, केजरीवाल ने अपने लिए पांच-पांच बंगले तोड़कर शीशमहल बना लिए। यह गरीबों के साथ सबसे बड़ा धोखा है।

#### झुग्गियां तोड़ीं, छत छीनी

प्रवेश वर्मा ने यह भी बताया कि बीते एक साल में आम आदमी पार्टी और एमसीडी ने मिलकर सिल्वर ओक पार्क, रमेश नगर और करोल बाग जैसे इलाकों में सैकड़ों झुग्गियां तोड़ दीं। पूरे के पूरे क्लस्टर उजाड़ दिए गए। गरीब परिवारों ने कई बार गुहार लगाई, लेकिन उनकी समस्याओं का कोई समाधान नहीं किया गया। प्रेस वार्ता में प्रवेश वर्मा ने झुग्गियों में रहने वाले कई पीड़ितों को भी पेश किया, जिन्होंने अपनी आपबीती सुनाई। उन्होंने बताया कि 2013 में उन्होंने घर के नाम पर बड़ी रकम दी, लेकिन आज तक न तो घर मिला और न ही कोई आश्वासन। एक पीड़ति ने कहा कि केजरीवाल ने घर देने के नाम पर पैसे लिए, लेकिन आज हमारे पास न घर है, न न्याय।

### दिल्ली का विकास न मोदी कर सकते हैं न केजरीवाल, हमारी सरकार आई तो जातिगत जनगणना होगी

# राहुल ने केजरीवाल को बताया भ्रष्टाचारी, कहा अडाणी के खिलाफ आज तक एक शब्द नहीं बोला

सत्यप्रकाश ⏭ नई दिल्ली




लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने यमुनापार में अपनी पहली चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए पूर्व सीएम व आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल व आप पार्टी की कट्टर ईमानदारी के दावे पर कड़ा प्रहार किया। केजरीवाल पर जमकर हमला बोलते हुए राहुल ने कहा कि जो कांग्रेस की सीएम शीला दीक्षित के समय घोषणा करते थे कि हम भ्रष्टाचार को समाप्त कर देंगे, वो आज खुद व उनकी पूरी पार्टी भ्रष्टाचार में लिप्त हैं। उन्होंने दिल्ली वालों से पूछा कि आप लोग बताओ कि क्या दिल्ली से भ्रष्टाचार समाप्त हो गया, नहीं हुआ। राहुल ने केजरीवाल के विकास के माडल व दावों को नकारते हुए कहा कि दिल्ली का विकास न मोदी कर सकते है न केजरीवाल। राहुल ने तत्कालीन शीला सरकार की तारीफ करते हुए कहा कि उन्होंने करके दिखाया था। दिल्ली का विकास कांग्रेस ने करके दिखाया है और कांग्रेस ही दिल्ली का विकास कर सकती है। दिल्ली में सड़क से लेकर स्कूल तक कहीं विकास नहीं दिखता। केजरीवाल ने कहा था कि मैं दिल्ली को साफ करके पेरिस बना दूंगा। लेकिन हुआ क्या आज दिल्ली में बाहर चला नहीं जा सकता, आधे लोग बीमार रहते है, कैंसर बढ़ता जा रहा है दम घुटता है। उनके वादे सब झूठे साबित हुए है। उन्होंने कहा कि मोदी की तरह केजरीवाल भी केवल घोषणा ही करते है पूरा नहीं। राहुल ने कहा कि महंगाई के बारे में पीएम मोदी और अरविंद केजरीवाल दोनों दावा करते थे कि हम महंगाई को कम कर देंगे। लेकिन लेकिन मैं आपसे पूछता हूं कि क्या महंगाई कम हुई, नहीं, और बढ़ती जा रही है, बढ़ती जा रही है। आज गरीब और गरीब होते जा रहे है और अमीर और अमीर होते जा रहे है। राहुल ने वादा किया कि दिल्ली में हमारी सरकार बनी तो जातिगत जनगणना करवा के दिखाएगें। उन्होंने कहा कि केवल 100-150 लोग है जो हिंदुस्तान को कंट्रोल करते है, देश का पूरा का पूरा फायदा उनको मिलता है। अडाणी, अंबानी नरेंद्र मोदी की मार्केटिंग करते है। राहुल ने अडाणी को लेकर कहा कि मोदी व केजरीवाल कभी इनके खिलाफ नहीं बोलते। उन्होंने कहा कि केजरीवाल ने आज तक अडाणी के खिलाफ एक भी शब्द नहीं बोला है। लेकिन में खुलकर बोलता हुं। राहुल ने कश्मीर से कन्याकुमारी तक की अपनी संविधान बचाओ यात्रा का जिक्र करते हुए कहा कि इस समय देश में दो विचारधारा की लड़ाई चल रही है। एक तरफ वो लोग खड़े हैं जो हर हाल में संविधान की रक्षा करेंगे। जबकि दूसरी तरफ आरएसएस व भाजपा के लोग जो संविधान को खत्म करना चाहते है। राहुल ने अंत में दिल्ली से कहा कि कांग्रेस को वोट दें और दिल्ली का विकास फिर से करें।

#### प्रदेश अध्यक्ष यादव ने केजरीवाल को बताया सपनों का सौदागर

जनसभा में बोलते हुए प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने केजरीवाल पर निशाना साधते हुए कहा कि दिल्ली में दस साल पहले एक सपनों का सौदागर आया जिसने लोगों को वो सपने दिखाए जो आज तक पूरे नहीं हुए। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार को मिटाने की बात करने वाले, मजबूत लोकपाल देने वाले केजरीवाल आज खुद भ्रष्टाचार के मामलों में जेल की हवा खाकर आ रहे है। इनके अधिकांश मंत्री, विधायक जेल जा चुके, या जाने की लाइन में लगे है। उन्होंने कहा कि केजरीवाल व आम आदमी पार्टी शराब के भ्रष्टाचार में गोते लगाती है। दिल्ली को नर्क बनाने में केजरीवाल व आप पार्टी ने कोई कसर नहीं छोड़ी।

#### राहुल गांधी के नारे लगाने पर भाषण बीच ही उखड़े उदित राज

पूर्व सांसद उदित राज अपने भाषण के बीच ही उखड़ गए। जनसभा में बैठे लोगों द्वारा बार बार राहुल गांधी जिंदाबाद के नारे लगाने पर वह नाराज हो गए। उदित राज ने मंच से ही कहा कि अरे चुप रहो, कैसे लोग हो। ऐसा लगता है कि जैसे आप किसी अन्य पार्टी के लोग हो। उन्होंने कहा कि कमाल की बात है, इनके साथ बैठे हुए वरिष्ठ लोग क्या उन्हें समझा नहीं सकते। अरे अपना जोश बचाकर रखो जब राहुल आएं तो लगाए नारे। इस दौरान मंच संचालन कर रहे पूर्व विधायक हरिशंकर गुप्ता उदित राज को इशारे से शांत रहने के लिए कहते रहे। लेकिन वो नारेबाजी करने वालों पर उखड़े रहे। बाद में किसी अन्य ने आकर लोगों से शांत रहने की अपील की, जिसके बाद उन्होंने अपना भाषण जारी किया। उन्होंने केजरीवाल को दलित विरोधी बताया।

#### संदीप ने कहा रोता हुआ सीएम चाहिए या काम करने वाला

पूर्व सांसद व नई दिल्ली से अरविंद केजरीवाल के खिलाफ ताल ठोक रहे संदीप दीक्षित ने दिल्ली वालों से कहा कि अगर आपको रोता हुआ मुख्यमंत्री चाहिए तो किसी को भी चुन लेना। लेकिन काम करने वाला सीएम चाहिए या 15 साल वाली स्वर्णिमकाल की सरकार। अगर काम करने वाली सरकार चाहिए तो आने वाली 5 फरवरी को कांग्रेस को वोट देकर भारी मतों से विजयी बनाए। उन्होंने कहा कि जनता ही असली जनार्दन है, वह जब चाहती है उसे सत्ता से आराम करवा देती है। अब दिल्ली की जनता गत दस वर्ष की सरकार से परेशान होकर इस बदलने को तैयार बैठी है। हमें फिर मौका दें, कांग्रेस फिर से वही खुशहाली, सेवाएं देगें। दीक्षित ने कहा कि हमारी सरकार ने हमेशा झुककर आपकी सेवा की, न कि घमंड व अकड़ के साथ गलत व्यवहार किया।

#### मैं राहुल के बयानों पर कोई टिप्पणी नहीं करुंगा : केजरीवाल

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने सोमवार को दिल्ली में राहुल की रैली के बाद कहा कि आज राहुल गांधी दिल्ली आए। उन्होंने मुझे बहुत गालियां दीं। पर मैं उनके बयानों पर कोई टिप्पणी नहीं करुंगा। उनकी लड़ाई कांग्रेस बचाने की है, मेरी लड़ाई देश बचाने की है।

### मुंख्यमंत्री आतिशी सोमवार को दाखिल नहीं कर पाईं नामांकन पत्र अब आज करेंगी

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी कालकाजी विधानसभा क्षेत्र से नामांकन पत्र सोमवार को दाखिल नहीं कर सकीं। यह जानकारी आम आदमी पार्टी (आप) के एक नेता ने दी। मुख्यमंत्री आतिशी ने गिरि नगर स्थित एक गुरुद्वारे में मत्था टेकने के बाद आप के वरिष्ठ नेता मनीष सिसोदिया के साथ एक रोड शो किया और फिर नामांकन पत्र दाखिल करने के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी के कार्यालय की ओर रवाना हुईं। हालांकि, रोड शो में देरी होने के कारण वह नामांकन पत्र दाखिल किए बिना ही अपराह्न तीन बजे अरविंद केजरीवाल समेत आप नेताओं के साथ निर्वाचन आयोग के अधिकारियों से मिलने के लिए आयोग के दफ्तर चली गईं। विधानसभा चुनाव के लिए नामांकन पत्र हर दिन अपराह्न तीन बजे तक दाखिल किए जा सकते हैं। आतिशी अब आज मंगलवार को नामांकन पत्र दाखिल करेंगी।

कालकाजी विधानसभा से आम आदमी पार्टी की प्रत्याशी और दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने सोमवार को नामांकन करने से पहले पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया के साथ एक रोड शो किया। इस रोड शो में उनके समर्थक जुटे।

**खबर संक्षेप**

### डकैती डालने वाला चौथा आरोपी भी गिरफ्तार



**गाजियाबाद।** पॉश कॉलोनी कविनगर में स्टील कारोबारी रामदास गुप्ता के घर मे करोड़ों की डकैती की वारदात को अंजाम देने वाले चौथे आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। उसके कब्जे से सिक्के बरामद किए गए हैं। एसीपी अभिषेक श्रीवास्तव ने बताया कि ए 101 निवासी लोहा व्यापारी के घर मे घुसकर चार बदमाश गुप्ता व उनकी पत्नी को कमरे में बन्द करके घर में रखे नकदी व जेवरात (सोने, चांदी व हीरे के) की डकैती कर के ले गए थे।

### घर से लापता लड़के को किया तलाश



**फरीदाबाद।** अपराध शाखा कैट व थाना आदर्श नगर की पुलिस टीम ने संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुए दिल्ली से परिजनों के हवाले करने का सराहनीय कार्य किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि शिकायत में बताया था कि उनका लड़का 31 दिसंबर को बिना बताए निकल गया था। टीम ने अपराध शाखा की टीम के द्वारा संयुक्त रुप से कार्यवाही करते हुए गुप्त सूत्रों व तकनीकी सहायता से लड़के को न्यू दिल्ली रेलवे स्टेशन से तलाश किया गया है।

### आयुश हत्या मामले में 3 और आरोपी गिरफ्तार



**फरीदाबाद।** आयुश की हत्या मामले में अपराध शाखा डीएलएफ की टीम ने विवेक, रिषभ और शिवशंकर उर्फ विकास को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने मामले में अधिक जानकारी देते हुए बताया कि विवेक और ऋषभ गांव मनीखुर्द जोनपुर उत्तर प्रदेश दोनों भाई है तथा आरोपी शिवशंकर वासी गांव भोज्पुर जिला सुलतानपुर उत्तर प्रदेश के रहने वाले है। जो वर्तमान में सरुरपुर एरिया में रह रहे है। तीनों आरोपियों को अपराध शाखा टीम ने गांव गौच्छी से गिरफ्तार किया है। आरोपियों से एक सूआं व 2 डंडे बरामद किए गए है।

# केएल मेहता दयानंद महिला महाविद्यालय में लोहड़ी उत्सव उत्साह से मनाया गया: अध्यक्ष मेहता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

केएल मेहता दयानंद महिला महाविद्यालय फरीदाबाद में लोहड़ी का त्यौहार बड़े उत्साह और खुशी के साथ मनाया गया। इस कार्यक्रम में डॉ. आनंद मेहता अध्यक्ष (एमडीईएस) मुख्य अतिथि के रूप उपस्थित रहे। प्रिंसिपल डॉ. मंजू दुआ ने पौधा देकर उनका गर्मजोशी से स्वागत किया, जबकि छात्रों ने पारंपरिक तिलक लगाकर उनका स्वागत किया। कार्यक्रम की शुरुआत डॉ. आनंद मेहता व प्राचार्य डॉ. मंजू दुआ, वरिष्ठ प्राध्यापिकाओं द्वारा द्वारा लोहड़ी की अग्नि जलाने से हुई। प्रसाद को पवित्र अग्नि में डाला गया जो लोहड़ी से जुड़े पारंपरिक रीति-रिवाजों का प्रतीक था। सभा को संबोधित करते हुए डॉ. आनंद मेहता ने नव वर्ष और आनंदमय लोहड़ी की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने छात्रों को अपनी पढ़ाई पर ध्यान केंद्रित करते हुए पूरे मन से त्योहार मनाने के लिए प्रोत्साहित किया।

प्राचार्य डॉ. मंजू दुआ ने भी त्योहार के सांस्कृतिक और कृषि महत्व पर जोर देते हुए छात्रों और कर्मचारियों को लोहड़ी की शुभकामनाएं दीं। समारोह के हिस्से के रूप में डॉ. आनंद मेहता द्वारा कॉलेज के सहायक कर्मचारियों को कंबल वितरित किए गए।

डॉ. मेहता ने नव वर्ष और आनंदमय लोहड़ी की शुभकामनाएं दी



### पंजाबी गीतों ने मंत्रमुग्ध कर दिया

सांस्कृतिक कार्यक्रम ने उत्सव में जीवंत ऊर्जा भर दी। संगीत विभाग के छात्रों ने पंजाबी गीतों का मनमोहक मिश्रण प्रस्तुत किया, जिससे उत्सव का माहौल पूरी तरह से सेट हो गया। कॉलेज की नृत्य टीम ने रोमांचकारी प्रदर्शन किया जिसने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण डीजे द्वारा बजाए गए जोशीले ट्रैक पर नृत्य में छात्रों और कर्मचारियों सहित सभी की उत्साहपूर्ण भागीदारी थी।

फरीदाबाद में जिला लोक संपर्क एवं परिवेदना समिति की बैठक की अध्यक्षता करने पहुंचे उद्योग मंत्री

# जनता के प्रति जवाबदेही सुनिश्चित करते हुए शिकायतों का निवारण करें अधिकारी: मंत्री सिंह

परिवेदना समिति की बैठक में उद्योग मंत्री के पहुंचने पर डीसी विक्रम सिंह ने उनका स्वागत करते हुए उनका अभिनंदन किया। परिवेदना समिति की बैठक में कुल 18 परिवाद रखे गए जिनमें से 12 परिवादों का निदान तत्परता से किया गया और शेष छह परिवाद के समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए।




हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

हरियाणा सरकार में उद्योग एवं वाणिज्य, पर्यावरण, वन मंत्री राव नरबीर सिंह ने कहा कि जनता के प्रति अधिकारी जवाबदेह बनते हुए लोगों की समस्याओं का निवारण प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित करें ताकि लोगों को बेवजह के कार्यालयों के चक्कर न काटने पड़ें। राव नरबीर सिंह सोमवार को फरीदाबाद स्थित एचएसवीपी सभागार में जिला लोक संपर्क एवं परिवेदना समिति की मासिक बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। परिवेदना समिति की बैठक में उद्योग मंत्री के पहुंचने पर डीसी विक्रम सिंह ने उनका स्वागत करते हुए उनका अभिनंदन किया। परिवेदना समिति की बैठक में कुल 18 परिवाद रखे गए जिनमें से 12 परिवादों का निदान तत्परता से किया गया और शेष छह परिवाद के समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए। उद्योग मंत्री राव नरबीर सिंह ने बैठक में जिला के लोगों को नव वर्ष सहित लोहड़ी व मकर संक्रांति पर्व की शुभकामनाएं देते हुए सभी के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। राव नरबीर सिंह ने कहा कि हरियाणा सरकार जनसेवा को समर्पित होकर समाज के हर वर्ग के उत्थान का लक्ष्य निर्धारित कर कार्य कर रही है।

### शिकायतों का निदान करना सुनिश्चित करें

परिवेदना समिति की बैठक में परिवादों की सुनवाई करते हुए राव नरबीर सिंह ने कहा कि अधिकारी व कर्मचारी ऑफलाइन अथवा ऑनलाइन शिकायत आने पर समाधान की दिशा में कदम उठाएं और किसी भी फाइल पर बार-बार ऑब्जेक्शन लगाने की अपेक्षा एक बार ही परिवादी को निर्धारित नियमों की जानकारी दें और शिकायतों का निदान करना सुनिश्चित करें। आमजन की शिकायतों की सुनवाई करते हुए लोगों को उनके शिकायत का स्टेटस बताते हुए संतुष्टि प्रदान की जाए। बैठक में सिविल सर्जन व पुलिस आयुक्त से संबंधित रखे एक परिवाद में सुनवाई करते हुए शिकायतकर्ता की मांग पर एडीसी की अध्यक्षता में जांच कमेटी का गठन कर परिवादी को राहत पहुंचाने के निर्देश दिए। उद्योग मंत्री ने शिकायतकर्ता की शिकायत पर संज्ञान लेते हुए स्टेट क्राइम ब्रांच को रेफर करने के आदेश दिए। एक परिवाद में सुनवाई करते हुए उद्योग मंत्री ने डब्लूटीसी क्षेत्र में संबंधित तहसीलदार को उक्त निर्धारित क्षेत्र में कोई रजिस्ट्री न करने के आदेश दिए।

मंत्री ने लोगों की समस्याओं को सुना

## प्लॉट के स्थान पर नोटिस मिलने पर लोग पहुंचे मंत्री नागर के खुले दरबार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

हरियाणा सरकार के मंत्री राजेश नागर ने अपने निवास पर लगे खुले दरबार में लोगों की समस्याओं को सुना और अधिकारियों को मौके पर ही समाधान देने के निर्देश दिए। सेक्टर 80 में एचएसवीपी द्वारा आवंटियों को प्लाट का कब्जा न देने बारे में आई शिकायत में शिकायतकर्ताओं ने बताया कि एचएसवीपी प्लॉट्स का कब्जा नहीं दे रहा है लेकिन निर्माण में देरी के नाम पर नोटिस भेज कर उन्हें परेशान कर रहा है।

वह मानसिक और आर्थिक दोनों प्रकार से परेशान हो रहे हैं। उन्होंने मंत्री राजेश नागर को बताया है कि वह उन प्लॉट्स के लिए बैंक से लिया लोन चुका रहे हैं जिनका उन्हें अभी तक कब्जा नहीं दिया गया है। उन्होंने 6 महीने में प्लॉट का कब्जा दिलाने और 15 दिन के अंदर विकास कार्य शुरू करने की मांग की। जिस पर मंत्री राजेश नागर ने जल्द से जल्द समाधान देने की बात कही। उन्होंने एक शिकायत पर तिलपत गांव के सूरदास चौक को बनाने के लिए एडीसी को मौके पर ही निर्देश दिया।

उन्होंने गांव चंदावली और सिलौटी पलवल में राशन डिपो की शिकायत पर कार्रवाई के निर्देश अधिकारियों को दिए। इसी प्रकार गांव बडोली से आए लोगों ने मंत्री से 15 फीट चौड़े और 200 मीटर लंबे रास्ते को बनाने की मांग रखी जिसे जल्दी बनाने की बात मंत्री राजेश नागर ने कही। मंत्री राजेश नागर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की जोड़ी ने हमारे हरियाणा के विकास को तेज गति दी है।




समस्याओं का जल्द हो रहा निपटारा

## कमिश्नर के दिशा-निर्देशों पर समाधान शिविर का आमजन उठा रहे लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह के नेतृत्व में प्रदेश में लगातार जनसेवा को समर्पित एक से बढ़ कर एक कार्य किये जा रहे हैं। प्रदेश में सरकारी कार्यालयों में लगाए जाने वाले शिविर लोगों के लिए हर रोज लाभदायक सिद्ध हो रहें। आम जन को अपनी समस्याओं को अधिकारियों के समक्ष रखने का उचित मौका मिल रहा है।

नगर निगम फरीदाबाद की कमिश्नर ए मोना श्रीनिवास के दिशा-निर्देशों पर प्रत्येक कार्य दिवस में निगम मुख्यालय के सभागार कक्ष में लगाए जाने वाले समाधान शिविर में आज निगम के एसडीओ राजेश शर्मा और जेडटीओ पदम ढांडा ने जन समस्याएं सुनी। यह समाधान शिविर हर कार्य दिवस पर सुबह 10 से 12 बजे तक नगर निगम कार्यालय सहित सभी सरकारी कार्यालयों में लगाए जा रहे समाधान शिविरों का आमजन को लाभ उठाना चाहिए। नगर निगम के प्रत्येक जोन में सभी जॉइंट कमिश्नर की देख रेख में समाधान शिविर आयोजित हो रहे हैं।

निगम के एसडीओ राजेश शर्मा ने बताया कि समाधान शिविर में आई ध्वनि प्रदूषण, प्रॉपर्टी आईडी, सडक़ निर्माण, सीवर, पानी, अतिक्रमण और सफाई और अवैध निर्माण से संबंधित शिकायतें प्राप्त हुई, जिनका समाधान संबंधित अधिकारियों और विभागों से करवाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रशासन का मुख्य उद्देश्य लोगों की समस्याओं का समयबद्ध समाधान करना है। शिविर में कई शिकायतों का मौके पर ही निपटारा किया जाता है जबकि कुछ मामलों में समय सीमा निर्धारित की जाती है, उन्होंने कहा कि समस्या का समाधान होने पर शिकायतकर्ताओं को उसकी जानकारी दी जाती है ताकि शिकायतकर्ता संतुष्ट हो सके।

### वाहन चोरी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** पुलिस चौकी दयालबाग की टीम ने नाका चेकिंग के दौरान वाहन चोरी करने वाले आरोपी तालु को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि पुलिस चौकी दयालबाग के द्वारा रिलायंस फ्रेश दयालबाग पर नाका लगा कर चेकिंग की जा रही थी। चेकिंग के दौरान मोटरसाइकिल पर एक व्यक्ति को काबू किया गया। जिससे मोटरसाइकिल के कागजात मांगे गए, आरोपी कागजात पेश नही कर पाया। बाइक का रिकॉर्ड जांचने पर पाया गया कि मोटरसाइकिल के संबंध में दिलशाद वासी संगम विहार दिल्ली ने मोटरसाइकिल चोरी की शिकायत पुलिस चौकी दयालबाग ने 21 अक्टूबर को दी थी। जिसका थाना सुरजकुण्ड में चोरी का मामला दर्ज है।

यह प्रजातंत्र है कई दफा जनतंत्र पर तंत्र हावी हो जाता है

# कांग्रेस को लोगों ने नहीं तंत्र ने हराया: पूर्व सीएम हुड्डा

धर्मेंद ▶▶ गुरुग्राम

सूबे के पूर्व सीएम कांग्रेसी नेता भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि कांग्रेस को लोगों ने नहीं हराया, जनता पर हावी हो रहे तंत्र ने हराया है। यह प्रजातंत्र है, कई दफा जनतंत्र पर तंत्र हावी हो जाता है। पूर्व सीएम पूर्व मंत्री सुखबीर कटारिया की माता भतेरी देवी की पुण्यतिथि के अवसर पर पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे।

इस मौके पर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री चौधरी भूपेंद्र सिंह हुड्डा, प्रदेश अध्यक्ष चौधरी उदयभान, कार्यकारी अध्यक्ष जितेंद्र भारद्वाज समेत बड़ी संख्या में कांग्रेस नेताओं ने पहुंचकर पुष्प अर्पित किए। भूपेंद्र हुड्डा व चौधरी उदयभान ने



चुनाव हारने का कारण संगठन न होने की कमी भी रही। पत्रकारों ने कहा कि संगठन को लेकर कई बार प्रेस वार्ताओं में सवाल किया गया। लेकिन प्रक्रिया जारी रहने की बात कही गई। दोनों नेताओं ने कहा कि संगठन को लेकर कांग्रेस नेतृत्व को अवगत कराया गया है। अपूरवल नहीं मिलता है। संगठन को लेकर कांग्रेसियों में कोई मतभेद नहीं है।

### यह लोग उपस्थित रहे

मौके पर पूर्व मंत्री सुखबीर कटारिया, यूथ कांग्रेस जिलाध्यक्ष निशित कटारिया, एमएस चोपड़ा, ओमप्रकाश ढांडा, विक्की कटारिया, सूबे सिंह यादव, गजेंद्र चौहान, मोहित कौशिक, इमरत उल्लावास, इंटक अध्यक्ष अमित यादव, सुभाष मालिक, विकास हुड्डा, भाल सिंह, प्रेम फोर, शमीम खान, गौतम यादव, शिव प्रताप आदि मौजूद रहे।

ग्रेटर फरीदाबाद एसोसिएशन की हुई बैठक

## सोसाइटी पदाधिकारियों ने बिजली, पानी सीवर की समस्याओं को सामने रखा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

ग्रेटर फरीदाबाद एसोसिएशन द्वारा वरिष्ठ अधिवक्ता ओपी शर्मा की अध्यक्षता में नहर पार क्षेत्र में बसी सोसाइटीज की समस्यायों के समाधान हेतु बनाये गए ग्रेफा एसोसिएशन पटल को आम जनसमस्याओं के लिए अधिक व्यापी और समग्र बनाने के उद्देश्य से ओजोन पार्क सोसाइटी के क्लब हाउस में एक बैठक का आयोजन किया गया।

25 से ज्यादा सोसाइटीज की आरडब्ल्यूए के पदाधिकारियों की सहभागिता से संपन्न हुई इस बैठक में मुख्य रूप से बिजली, पानी, सीवर, सुरक्षा और अपराध के विषयों पर पदाधिकारियों ने अपनी समस्याएं रखीं व ग्रेफा एसोसिएशन संस्था में अपनी आस्था जताते हुए समाधान की रूपरेखा तैयार की। संस्था के अध्यक्ष ओपी शर्मा, महासचिव विकास खत्री व कोषाध्यक्ष पारस भारद्वाज ने सभी समस्याओं को राजनीतिक आधिकारिक व न्यायालय के माध्यम से समाधान का आश्वासन दिया। सभी उपस्थित पदाधिकारियों ने ग्रेटर फरीदाबाद में रहने वाले नागरिकों की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए ग्रेफा एसोसिएशन के तत्वावधान में संस्था की सदस्यता बढ़ाने व विभिन्न नागरिक समितियां तैयार करने की मांग की जिससे मूलभूत समस्याओं के प्रति अधिकारियों और चुने हुए जनप्रतिनिधियों की जवाबदेही तय की जा सके।

अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज

# हुक्का पीने गए युवक की गोली मारकर हत्या, झोपड़ी में मिला शव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

सोहना में गांव रिठौज की चावड़ी ढाणी के पास खेतों में बनी अपनी झोपड़ी में हुक्का पीने गए 22 वर्षीय युवक की गोली मारकर हत्या करने का मामला सामने आया है। युवक का शव झोपड़ी में मिला था। सुबह उसकी मां उसे जगाने गई तो वह चारपाई पर मृत अवस्था में पड़ा था।

सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच करने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने अज्ञात पर हत्या का केस दर्ज कर लिया है। पुलिस को दी शिकायत में गांव रिठौज निवासी अनिल ने बताया कि उसका 22 वर्षीय बेटा हर्ष मानव रचना स्कूल के बच्चों को ले जाने के लिए अपनी कैब चलाता था। वह रविवार की रात करीब 10 बजे घर से करीब 50 मीटर दूर बनी झोपड़ी में हुक्का पीने के लिए गया था। सुबह करीब साढ़े चार बजे जब हर्ष की मां उसे जगाने के लिए झोपड़ी में पहुंची तो हर्ष लहूलुहान मृत अवस्था में पड़ा मिला।

### डेढ़ महीने पहले गांव के तीन युवकों से हुआ था झगड़ा

हर्ष के परिजनों ने शिकायत में किसी पर हत्या का संदेह नहीं जताया, लेकिन पूछताछ में हर्ष के भाई वंश ने बताया कि उसके भाई का झगड़ा विशाल उर्फ भोलू निवासी रिठौज, सुमित निवासी रिठौज व सुमित के साले के साथ हुआ था। हालांकि भोंडसी थाना प्रभारी ने कहा कि प्रथम दृष्ट्या यह रंजिश का ही मामला लग रहा है। जांच शुरू कर दी गई है, जल्द ही पूरे मामले का खुलासा किया जाएगा।

11 सूत्रीय संकल्प पत्र पर विस्तार से बताया

## हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रत्याशी सन्नी ने संकल्प पत्र जारी किया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

आगामी 19 जनवरी को आयोजित होने वाले हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के चुनाव के मद्देनजर वार्ड 40 फरीदाबाद से प्रत्याशी रंजोत सिंह सन्नी ने नीलम-बाटा रोड स्थित निजी होटल में एक प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उन्होंने अपना संकल्प पत्र जारी किया। रंजोत सिंह अपनी जीत को लेकर काफी आश्वस्त दिखे और 11 सूत्रीय संकल्प पत्र पर विस्तार से बताया। इस संकल्प पत्र में सिख, सिख पंजाबी और पंजाबियत को बढ़ावा देने से लेकर पंजाबी को प्रदेश की दूसरी मुख्य भाषा बनाने और सीबीएसई मान्यता प्राप्त खालसा स्कूल से लेकर फरीदाबाद से अमृतसर पंजाब के बीच शान ए पंजाब ट्रेन जनता को चलवाने की बात कहीं। पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए रंजोत सिंह ने अपने प्रतिद्विन्द्वीयों पर भी तंज कसा कहा युवा को आगे बढ़ाने के बजाए बुजुर्ग खुद मैदान में कूद पड़े हैं।

मेवाड़ में स्वामी विवेकानंद जयंती पर आयोजित कार्यक्रमों ने सबका मन मोह लिया

# स्वामी विवेकानंद ने युवाओं को दासता से मुक्ति दिलाई: डॉ. गदिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

वसुंधरा स्थित मेवाड़ ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस में स्वामी विवेकानंद जयंती पर आयोजित कार्यक्रमों ने सबका मन मोह लिया। सम्भाषण और कविताओं ने तो सराहना बटोरी ही, स्वामी विवेकानंद पर आधारित तमाम प्रस्तुतियों ने माहौल में चार चांद लगा दिये। इस मौके पर मेवाड़ इंस्टीट्यूशंस के चेयरमैन डॉ. अशोक कुमार गदिया ने स्वामी विवेकानंद को भारत के 65 करोड़ युवाओं का सशक्त प्रतिनिधि बताया। उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद ने दासता और परतंत्रता से निराश हो चुके नौजवानों में



उत्साह एवं उमंग का संचार किया। स्वामी विवेकानंद ने कहा कि उठो, जागो और तब तक मत रुको जब तक अपने लक्ष्य की प्राप्ति न कर लो। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे स्वामी विवेकानंद के मद्रास में 'मेरी क्रांतिकारी योजना' विषय पर दिये गये भाषण को एक बार जरूर पढ़ें। उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद ने अपने गुरु से प्राप्त ज्ञान को पूरे विश्व में बांटा। पूरे विश्व में धर्मध्वजा फहरायी। उपनिवेशवाद के खिलाफ नई क्रांति का बिगुल बजाया।

### सच्चाई के मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित किया

पवित्रता, अच्छाई और सच्चाई के मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित किया। डॉ. अलका अग्रवाल के अनुसार आज देश में चरित्रनिष्ठ युवाओं की जरूरत है। तभी हमारा देश पुनः विश्वगुरु बन सकता है। विवेकानंद जयंती समारोह में प्राची एंड ग्रुप, शताक्षी एंड ग्रुप समेत मुस्कान, शिप्रा, शिखा, शिवांगी, शिल्पी, नंदिनी आदि विद्यार्थियों ने कविता, गीत, सम्भाषण, विचार, स्लोगन आदि प्रकट किये। इस मौके पर डॉ. अशोक कुमार गदिया की स्वामी विवेकानंद पर लिखी पुस्तक मेरी क्रांतिकारी योजना विद्यार्थियों को बांटी गई।

## ड्रिंक एंड ड्राइव करने पर चार महिलाओं सहित 636 चालकों के काटे चालान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

ड्रिंक एंड ड्राइव करने पर ट्रैफिक पुलिस ने बीते 12 दिन में चार महिलाओं सहित 636 चालकों के चालान काटे। वहीं, दो वाहनों को भी इंपाउंड किया गया है। पुलिस कमिश्नर विकास अरोड़ा व डीसीपी ट्रैफिक विरेन्द्र विज के निर्देशानुसार यातायात पुलिस ने यह कार्रवाई की। जनवरी माह में चलाए गए अभियानों को सफल बनाने के लिए डीसीपी ट्रैफिक विरेंद्र विज द्वारा यातायात पुलिस की विभिन्न पुलिस टीमों का गठन करके उनको चिन्हित स्थानों पर विशेष आदेश/निर्देश देकर तैनात किया गया। इन विशेष अभियानों के तहत 1 जनवरी 2025 से 12 जनवरी 2025 तक पुलिस टीमों को नाका लगाकर चेकिंग की गई। इस दौरान चार महिला वाहन चालक सहित कुल 636 वाहन चालक ड्रिंक एंड ड्राइव करते हुए मिले।

### यातायात नियमों का करें पालन

डीसीपी ट्रैफिक विरेंद्र विज ने कहा कि यातायात पुलिस, गुरुग्राम द्वारा चलाए गए अभियान का उद्देश्य ड्रिंक एंड ड्राईव करने वाले वाहन चालकों पर नकेल कसना तथा यातायात नियमों की पालना सुनिश्चित कराते हुए यातायात का संचालन व्यवस्थित तथा सुरक्षित करना है। समय-समय पर रात के समय विशेष नाके लगाकर वाहनों को चैक किया जाता है और शराब पीकर वाहन चलाने वाले वाहन चालकों/मालिकों के नियमानुसार चालान किए जाते हैं। यातायात नियमों की अवहेलना करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई करने के साथ गुरुग्राम पुलिस द्वारा लोगों को यातायात नियमों पालना करने के बारे में विभिन्न जानकारी देने के उद्देश्य से विशेष जागरूकता कार्यक्रम भी आयोजित किए गए।


## खबर संक्षेप

### यूपी में 14 जनवरी को सार्वजनिक अवकाश



**लखनऊ।** यूपी सरकार ने 14 जनवरी को मकर संक्रांति के मौके पर सार्वजनकि अवकाश घोषित कर दी है। विशेष सचिव की ओर से ये निर्देश जारी किए गए हैं। निर्देश में कहा गया है कि उत्तर प्रदेश शासन की ओर से मकर संक्रांति के शुभ अवसर पर 14 जनवरी 2025 को अवकाश घोषित किया गया। गौरतलब है कि मकर संक्रांति के दिन उत्तर प्रदेश में खिचड़ी के त्योहार के रूप में मनाया जाता है।

### बीवी से लड़ने के बाद पति ने खुद को लगाई आग



**बरेली।** यहां एक शख्स ने पत्नी से विवाद के बाद खुद को आग के हवाले कर लिया। फिर घर से बाहर निकलकर इधर-उधर दौड़ने लगा। ये देख पत्नी ने शोर मचाया, जिसके बाद लोगों ने आग बुझात हुए उसे अस्पताल में भर्ती कराया। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।सलीम ने घर में रखी तेल का केन अपने ऊपर डाल लिया फिर माचिस से खुद को आग लगा ली।

### झारखंड में ट्रेजरी ऑफिसर को मारी गोली



**बोकारो।** झारखंड में ट्रेजरी ऑफिस के एक अधिकारी की गोली मारकर हत्या करने का मामला सामने आया है। कर्मचारी की लाश बिस्तर पर खून से लथपथ पड़ी थी। पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ कर सबूत इकट्ठा करने की कोशिश कर रही है।पुलिस ने सोमवार को बताया कि घटना रविवार की रात कश्मीर थाना क्षेत्र के मधुकरपुर गांव स्थित उनके आवास पर हुई।

---

राज्यपाल से मिले बीपीएससी कैंडिडेट

## न्याय का मिला आश्वासन, प्रशांत से अनशन खत्म करने की अपील

एजेंसी ▶▶ पटना



बीपीएससी री एग्जाम की मांग को लेकर जन सुराज के संस्थापक प्रशांत किशोर का आमरण अनशन जारी है। इस बीच अभ्यर्थियों का 12 सदस्यीय शिष्टमंडल सोमवार को बिहार के महामहिम राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान से मिलने राजभवन पहुंचा। शिष्टमंडल में 12 छात्र शामिल थे वहीं जन सुराज अध्यक्ष मनोज भारती भी छात्रों के साथ छात्रों की मांग लिए राज्यपाल से मिले। मुलाकात के बाद राजभवन परिसर में छात्रों ने मीडिया से बात की और राज्यपाल से मुलाकात और उनकी पहल पर संतोष जताया। जन सुराज के मुताबिक महामहिम ने खुद पहल करके छात्रों को मिलने के लिए बुलाया था। उन्हें मिलने के लिए दो बजे का समय दिया गया था।

---

## डिप्टी सीएम विजय सिन्हा के दही-चूड़ा भोज में पहुंचे राज्यपाल आरिफ मोहम्मद, बोले- महाकुंभ भी जाएंगे

डिप्टी सीएम विजय सिन्हा के दही-चूड़ा भोज में आज राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान शामिल हुए । इस दौरान उन्होने मकर संक्रांति की शुभकामनाएं दी। राज्यपाल ने कहा कि वो महाकुंभ में भी शामिल होने प्रयागराज जाएंगे।

एजेंसी ▶▶ पटना

14 जनवरी को मकर संक्रांति का महापर्व है। बिहार के डिप्टी सीएम विजय सिन्हा के आवास पर सोमवार को दही-चूड़ा भोज का कार्यक्रम हुआ। जिसमें राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान भी शामिल हुए। इस मौके पर उन्होने बिहार और देशवासियों को मकर संक्रांति की पूर्व संध्या पर शुभकामनाएं दीं। वहीं प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ में शामिल होने के सवाल पर उन्होने कहा कि वो तो महाकुंभ में जा ही रहे हैं। जहां वो 3 दिन तक रुकेंगे।

### सांस्कृतिक कार्यक्रम का लिया आनंद



राज्यपाल आरिफ मोहम्मद ने कहा कि एक श्रद्धेय संत के आमंत्रण पर वो महाकुंभ जाएंगे। इस दौरान वो तीन दिनों तक रुकेंगे। डिप्टी सीएम विजय सिन्हा के आवास पर दही-चूड़ा भोज के दौरान आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आनंद लिया। राज्यपाल ने कहा कि ऐसा ही कार्यक्रम राजभवन में भी कराएंगे। गौरतलब है कि उपमुख्यमंत्री विजय सिन्हा के आवास पर चूड़ा-दही भोज का आयोजन किया गया था। सुबह ही विजय सिन्हा के आवास पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भी पहुंचे थे।

---

गोरखनाथ मंदिर में जनता दर्शन के दौरान बोले सीएम योगी

## अस्पताल से इस्टीमेट मंगवा लीजिए, सरकार देगी इलाज का पैसा, सुनी सौ लोगों की समस्याएं

एजेंसी ▶▶ गोरखपुर

कड़ाके की ठंड में भी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में जनता दर्शन में लोगों से मुलाकात की। उनकी समस्याएं सुनीं। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे जनता की समस्याओं पर पूरी गंभीरता और संवेदनशीलता से ध्यान देकर उनका त्वरित, गुणवत्तापूर्ण और संतुष्टिपरक निस्तारण कराएं ताकि किसी को भी परेशान न होना पड़े। जिन्हें इलाज में सरकार से आर्थिक सहायता की आवश्यकता है तो उनके अस्पताल की इस्टीमेट की प्रक्रिया को शीघ्रता से पूर्ण कराकर शासन को उपलब्ध कराया जाए। इस दौरान इलाज में आर्थिक सहायता की गुहार लेकर पहुंची एक महिला को सीएम योगी ने आत्मीय संबल देते हुए कहा कि पीजीआई लखनऊ से इस्टीमेट मंगवा लीजिए, इलाज का पैसा सरकार देगी। गोरखपुर प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार सुबह गोरखनाथ मंदिर के महंत दिग्विजयनाथ सभागार में आयोजित जनता दर्शन में करीब 100 लोगों से मुलाकात की। एक-एक करके उनकी समस्याएं सुनीं और निस्तारण के लिए आश्वस्त करते हुए उनके प्रार्थना पत्र संबंधित अधिकारियों को हस्तगत किए। सभी लोगों को आश्वस्त किया कि उनके रहते किसी को भी चिंतित होने की आवश्यकता नहीं है। हर समस्या का समाधान कराया जाएगा।

गोरखपुर प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार सुबह गोरखनाथ मंदिर के महंत दिग्विजयनाथ सभागार में आयोजित जनता दर्शन में करीब 100 लोगों से मुलाकात की। एक-एक करके उनकी समस्याएं सुनीं और निस्तारण के लिए आश्वस्त करते हुए उनके प्रार्थना पत्र संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया

**खास बातें**

- मुख्यमंत्री योगी गोरखनाथ मंदिर में लगाया जनता दरबार
- महिला फरियादी ने मुख्यमंत्री से इलाज के लिए मदद मांगी



### हर पीड़ित की समस्या का समाधान कर उसे संतुष्ट करें

सीएम योगी ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि हर पीड़ित के साथ संवेदनशील रवैया अपनाया जाए और उसकी समस्या का समाधान कर उसे संतुष्ट किया जाए। इसमें किसी भी तरह की कोताही नहीं होनी चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि यदि कहीं कोई जमीन कब्जा या दबंगई कर रहा हो तो उसके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए। हर पीड़ित की समस्या का निस्तारण निष्पक्ष रूप से उसकी संतुष्टि के अनुरूप किया जाना सुनिश्चित होना चाहिए। जनता दर्शन में हर बार की तरह कई लोग गंभीर बीमारियों में इलाज के लिए आर्थिक मदद की गुहार लेकर पहुंचे थे। सीएम ने सभी को भरोसा दिया कि उनकी सरकार किसी भी जरूरतमंद के इलाज में धन की कमी को बाधक नहीं बनने देगी। विवेकाधीन कोष से मदद की जाएगी। इस दौरान एक महिला ने अपने परिजन का इलाज पीजीआई लखनऊ में कराने के लिए अपनी आर्थिक तंगी का जिक्र किया।

### मंदिर की गोशाला में सीएम योगी ने की गोसेवा

गोरखनाथ मंदिर प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की दिनचर्या परंपरागत रही। सोमवार प्रातःकाल गुरु गोरखनाथ का दर्शन पूजन करने, अपने गुरुदेव ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ की समाधि स्थल पर शीश नवाने के बाद वह मंदिर परिसर का भ्रमण करते हुए मंदिर की गोशाला में पहुंचे। यहां उन्होंने कुछ समय बिताया और गोसेवा की। मुख्यमंत्री ने गोवंश को खूब दुलारने के बाद उन्हें गुड़ खिलाया और शीतलहर में गोशाला के कार्यकर्ताओं को देखभाल के लिए जरूरी निर्देश दिए।

---

महाकुंभ के बीच अखिलेश ने लुभाया, बोले-

## निषाद समाज को लैपटॉप की तरह ही बांटेंगे नाव

एजेंसी ▶▶ लखनऊ



प्रयागराज में महाकुंभ में पहले अमृत स्नान से पहले सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने यहां आ रहे तीर्थयात्रियों को सफल यात्रा के लिए शुभकामनाएं देने के साथ ही प्रयागराज के नाविकों के लिए बड़ी घोषणा भी कर दी है। उन्होंने कहा कि जैसे उनकी सरकार में लैपटॉप बांटे गए थे, उसी तरह सपा फिर से सरकार बनने पर नाविकों को नावें फ्री में बांटी जाएंगी। अखिलेश ने यह घोषणा ऐसे समय में की गई है जब नाविक प्रयागराज में आंदोलनरत है। अखिलेश ने नाविकों के आंदोलन का एक वीडियो भी एक्स पर पोस्ट किया है। एक अन्य पोस्ट में उन्होंने लिखा कि महाकुंभ में आए सभी तीर्थयात्रियों का हार्दिक स्वागत एवं अभिनंदन और सबकी तीर्थयात्रा के सफलतापूर्वक संपन्न होने के लिए अनंत शुभकामनाएं!

### प्रयागराज में नाविकों की हड़ताल

अखिलेश यादव ने प्रयागराज में नाविकों के हड़ताल पर कहा कि नाविकों की मदद होनी चाहिए। महाकुंभ जैसे आयोजनों को लिए ही नाविक तैयारी करते हैं। कई बार उधार लेकर नाव बनाते हैं। बैंकों से लोन लेकर नाव खरीदते हैं। अगर इस समय इन्हें मदद नहीं मिलेगी तो कब मिलेगी। कहा कि इसमें नाव चलाने वाले ज्यादातर निषाद समाज के लोग होते हैं। सरकार को चाहिए कि नाविकों को नाव फ्री में दी जाए। अगर सरकार ऐसा नहीं कर रही तो सपा की सरकार बनने पर नाव फ्री में दी जाएगी। जिस तरह से लैपटॉप फ्री में दिया गया था, उसी तरह नाविकों को नाव फ्री में दी जाएगी।

### भाजपा ने नाविकों को किनारे कर दिया

अखिलेश एक्स पर नाविकों के हड़ताल को लेकर लिखा कि जो दुनिया को किनारे लगाते हैं, भाजपा सरकार ने उन्हें ही किनारे कर दिया है। मिल्कीपुर उपचुनाव से ठीक पहले सपा का दांव अयोध्या की मिल्कीपुर उपचुनाव से ठीक पहले सपा का इस तरह से निषाद समाज के लिए नाव देने की घोषणा के कई और मायने भी निकाले जा रहे हैं। अयोध्या में ही निषाद समाज की एक बेटी के साथ रेप के मामले में सपा की भाजपा ने घेरेबंदी की थी। माना जा रहा है मिल्कीपुर उपचुनाव में भी निषाद समाज को लुभाने के लिए अखिलेश की तरफ से यह घोषणा की गई है।

---

## पेज एक का शेष

### पहले 'स्नान पर्व'...

हेलिकॉटर से 20 क्विंटल फूलों की वर्षा की गई। महाकुंभ 144 साल में दुर्लभ खगोलीय संयोग में हो रहा है। यह वही संयोग है, जो समुद्र मंथन के दौरान बना था। देश के कोने-कोने से भक्त प्रयागराज आए हैं। भीड़ इतनी है कि 3700 लोग अपनों से बिछड़ गए। बाद में खोया-पाया केंद्र से अनाउंसमेंट कर ज्यादातर लोगों को उनके परिवार वालों से मिलवाया गया। हेलिकॉप्टर और एनएसजी कमांडो महाकुंभ में आए लोगों पर नजर रख रहे हैं। विदेशी श्रद्धालु भी बड़ी तादाद में कुंभ में स्नान करने पहुंचे। प्रशासन के मुताबिक, जर्मनी, ब्राजील, रूस समेत 20 देशों से भक्त पहुंचे हैं। सोमवार से ही इन श्रद्धालुओं ने 45 दिन का कल्पवास शुरू कर दिया है। एपल के को-फाउंडर स्टीव जॉब्स की पत्नी लॉरेन पॉवेल जॉब्स महाकुंभ पहुंचीं। उन्होंने निरंजनी अखाड़े में अनुष्ठान किया। कल्पवास भी करेंगी। महाकुंभ को लेकर गूगल ने भी खास फीचर शुरू किया। महाकुंभ टाइप करते ही पेज पर वर्चुअल फूलों की बारिश हो रही है।

**ब्रम्ह मुहूर्त में शुरु हुई डुबकी सीएम योगी ने दी बधाई:** प्रयागराज के पावन संगम तट पर महाकुंभ 2025 का प्रथम स्नान पर्व पौष पूर्णिमा सोमवार सूर्य की किरणें फूटने से पहले ब्रम्ह मुहूर्त में शुरू हो गया। आधी रात से ही श्रद्धालु मेला क्षेत्र में विभिन्न रास्तों से प्रवेश करने लगे और संगम पर भीड़ बढ़ने लगी। हर-हर गंगे और जय गंगा मैया के घोष के बीच स्नान शुरू हुआ तो सुबह का उजाला होते होते संगम नोज स्नानार्थियों से पट गया। संगम क्षेत्र में सोमवार से ही माह भर का कल्पवास भी प्रारंभ हो गया। मुख्यमंत्री योगी आदत्यिनाथ ने एक्स पर पोस्ट कर पौष पूर्णिमा की बधाई दी।

**स्पीकर से एनाउंस करके संभाल रहे हैं भीड़:** संगम पर एंट्री के सभी रास्तों पर भक्तों की भीड़ है। वाहनों की एंट्री बंद है। श्रद्धालु बस और रेलवे स्टेशन से 10-12 किलोमीटर पैदल चलकर संगम पहुंच रहे हैं। 60 हजार जवान सुरक्षा और व्यवस्था संभालने में लगे हैं। पुलिस स्पीकर से लाखों की संख्या में आई भीड़ को मैनेज कर रहे हैं। जगह-जगह कमांडो और पैरामिलिट्री फोर्स के जवान भी तैनात हैं।

**मोक्ष का मार्ग खोलता है कल्पवास:** कुंभ मेले में कल्पवास का बड़ा महत्व है। मान्यता है कि यहां किया गया तप हर पाप को नष्ट कर देता है और मोक्ष का मार्ग खोलता है। कल्पवास के दौरान श्रद्धालु पवित्र नदियों के संगम पर ध्यान, भजन और वेद पढ़कर समय बिताते हैं। सांसारिक मोह-माया से दूर, यहां भौतिक सुखों का त्याग कर दिव्य ऊर्जा से जुड़ने का प्रयास किया जाता है। कल्पवास करना उन लोगों के लिए बेहतर माना जाता है, जिन्होंने जीवन की जिम्मेदारियों से मुक्ति पा ली हो। युवा भी इसमें भाग ले सकते हैं। लेकिन, उन्हें तपस्या और संयम के लिए पूरी तरह समर्पित होना होगा। महाभारत और मत्स्यपुराण में कहा गया है कि जो लोग तप और भक्ति के साथ कल्पवास करते हैं, वे न केवल पाप से मुक्त होते हैं, स्वर्ग में भी स्थान पाते हैं।

### पीएम मोदी ने दी...

यह विशाल धार्मिक आयोजन भारत की शाश्वत आध्यात्मिक विरासत का प्रतीक है। उन्होंने एक्स पर कहा, कि भारतीय मूल्यों और संस्कृति को संजोने वाले करोड़ों लोगों के लिए यह बहुत खास दिन है। प्रयागराज में महाकुंभ 2025 की शुरुआत हो रही है, जो आस्था, भक्ति और संस्कृति के पवित्र संगम में अनगिनत लोगों को एक साथ लाएगा। महाकुंभ भारत की शाश्वत आध्यात्मिक विरासत का प्रतीक है और आस्था और सद्भाव का जश्न मनाता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि उन्हें प्रयागराज में चहल-पहल देखकर खुशी हो रही है, जहां अनगिनत लोग आ रहे हैं, पवित्र स्नान कर रहे हैं और आशीर्वाद ले रहे हैं। उन्होंने तीर्थयात्रियों और पर्यटकों को शानदार प्रवास की शुभकामनाएं दीं।

### आज करीब साढ़े...

निर्मोही अखाड़ा के संत क्रमशः 10.40, 11.20 एवं 12.20 बजे स्नान करेंगे। इनके बाद नया पंचायती अखाड़ा के संत दिन में 1.15 तथा बडा पंचायती के 2.20 बजे स्नान करेंगे। निर्मला पंचायती अखाड़ा के संत आखिर में 3.40 से 4.20 बजे तक स्नान करेंगे। इसके बाद करीब 5.20 बजे वह अपने शिविरों में पहुंचेंगे। अमृत स्नान के लिए मेला प्रशासन की ओर से पूरी तैयारी की बात कही जा रही है। अखाड़ों के स्नान के संगम पर घाट सुरक्षित रहेगा। उस दौरान अन्य कोई स्नान नहीं करेगा। अखाड़ों के आवागमन के लिए दो मार्ग बनाए गए हैं। दोनों मार्ग बैरिकेड कर दिए गए हैं। बैरिकेडिंग दो स्तर पर की गई है। ताकि, संतों तक कोई पहुंच न सके।

### आज अखाड़ों के अमृत स्नान...

**सन्यासी**

-श्री पंचायती अखाड़ा महानिर्वाणी एवं श्री शंभू पंचायती अटल अखाड़ा – 06:15 बजे

-श्री तपोनिधि पंचायती श्री निरंजनी अखाड़ा, एवं श्री पंचायती अखाड़ा आनन्द – 07:05 बजे

-श्री पंचदशनाम जूना अखाड़ा एवं श्रीपंचदशनाम आवाहन अखाड़ा तथा श्री पंचाग्नि अखाड़ा – 08:00 बजे

**बैरागी**

-अखिल भारतीय श्री पंच निर्मोही अनी अखाड़ा – 10:40 बजे

-अखिल भारतीय श्री पंच दिगम्बर अनी अखाड़ा – 11:20 बजे

-अखिल भारतीय श्री पंच निर्वाणी अनी अखाड़ा – 12:20 बजे

**उदासीन**

-श्री पंचायती नया उदासीन अखाड़ा – 13:15 बजे

-श्री पंचायती अखाड़ा, बड़ा उदासीन, निर्वाण – 14:20 बजे

8श्रीपंचायती निर्मल अखाड़ा–15:40 बजे

### सीएम उमर ने...

यह वास्तव में आपके काम से साबित होता है उस दौरान आपने जम्मू कश्मीर के लोगों से कहा था कि बहुत जल्द चुनाव होंगे और लोगों को अपने वोट के जरिए अपनी सरकार चुनने का मौका मिलेगा। आपने अपनी बात रखी और 4 महीने के भीतर चुनाव हुए। उमर ने आगे कहा कि इस टनल का यहां के लोगों को बहुत समय से इंतजार था। इस टनल की वजह से अब लोगों को सर्दियों में सोनमर्ग छोड़कर निचले इलाकों में आने की जरूरत नहीं पड़ेगीसाल के 12 महीने यहां पर्यटन होगा। एक विंटर टूरिज्म की डेस्टिनेशन के तौर पर हम सोनमर्ग को विकसित कर पाएंगे।

### पीएम मोदी ने कहा...

जगह की सोशल मीडिया पर डाली थीं। उन तस्वीरों को देखकर यहां आने की मेरी इच्छा और ज्यादा प्रबल हो गई थी। सीएम ने आपको बताया था कि मेरा इस इलाके के साथ एक पुराना नाता रहा है। मुझे वो दिन याद आ रहे हैं जब मैं भाजपा कार्यकर्ता की तरह काम करता था, बहुत टाइम बिताया है। पीएम ने आगे बोला कि बात चाहे सोनमर्ग की हो, गुलमर्ग की हो या फिर बारामुला, कई किलोमीटर पैदल हम चला करते थे, भारी बर्फबारी के बीच चलते रहते थे। लेकिन लोगों की ऐसी गर्मजोशी थी कि वो ठंड भी कभी महसूस नहीं हुई।

### सीमा पर बाड़बंदी...

किसी द्विपक्षीय समझौते या प्रोटोकॉल का उल्लंघन नहीं किया है। सीमा पर सुरक्षा कदमों के तहत बाड़ लगाने का काम किया जा रहा है। वहीं, यह समूचा घटनाक्रम बीते रविवार को मामले पर बांग्लादेश द्वारा ढाका में तैनात भारतीय उच्चायुक्त प्रणय वर्मा को बुलाकर विरोध दर्ज कराने के ठीक अगले दिन सामने आया है। बांग्लादेश के विदेश सचिव मोहम्मद जशीमुद्दीन ने भारतीय उच्चायुक्त से मुलाकात कर मामले पर गहरी चिंता व्यक्त की थी।

### बांग्लादेश के ...

और तीन बीघा कॉरिडोर पर इस काम को आगे बढ़ा रहा है। जिसका बांग्लादेश विरोध कर रहा है। उसका कहना है कि ऐसा करके भारत दोनों देशों के बीच मौजूद द्विपक्षीय समझौतों का उल्लंघन कर रहा है।

### महाकुंभ में मुलायम...

करने का उद्देश्य संतों को उन घटनाओं की याद दिलाना है, जब उनके लोगों ने हिंदुओं की हत्या की थी। उन्होंने कहा, हमें मुलायम सिंह की प्रतिमा पर कोई आपत्ति नहीं है। वह हमारे मुख्यमंत्री रहे हैं। लेकिन वे इस वक्त प्रतिमा स्थापित करके क्या संदेश देना चाहते हैं? सभी जानते हैं कि राम मंदिर आंदोलन में उन्होंने क्या किया। महंत ने कहा, वह हमेशा हिंदू विरोधी, सनातन विरोधी और मुसलमानों के हितैषी रहे हैं। जूना अखाड़े के महामंडलेश्वर यति नरसिंहानंद ने भी रवींद्र पुरी का समर्थन किया है।

---

वर्दी पहनकर गाड़ियों से करते थे वसूली

## बिहार के किशनगंज में सात फर्जी पुलिसकर्मी गिरफ्तार



एजेंसी ▶▶ किशनगंज

बिहार के किशनगंज में सात फर्जी पुलिस कर्मियों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार युवक पुलिस की वर्दी पहन कर सड़क पर ड्यूटी का बहाना कर गाड़ियों के ड्राइवर से वसूली करते थे। गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने इन्हें दबोच लिया। पूछताछ के बाद सबको जेल भेज दिया गया है। पुलिस गिरोह के अन्य बदमाशों की तलाश कर रही है। एसएसपी के आदेश पर यह कार्रवाई की गयी।

किशनगंज के कोचाधामन थाना क्षेत्र के सोंथा चौक में फर्जी पुलिस बन वाहन चालकों से अवैध वसूली करने के आरोप में कोचाधामन थाने की पुलिस ने सात युवकों को गिरफ्तार किया है।कार्रवाई रविवार को रात को कोचाधामन थाना क्षेत्र के सोंथा के पास की गई। पकड़े गए युवकों में एक युवक पुलिस की नेमप्लेट वाली वर्दी पहने हुए थे। आरोपी युवक अपनी पहचान छिपा कर वाहन चालकों से अवैध वसूली की फिराक में थे। पुलिस ने पुलिस का नेम प्लेट लगा एक आर्टिगा कार भी जब्त किया है जिसकी जांच चल रही है। पुलिस को आशंका है कि गाड़ी चोरी या लूट की हो सकती है।

---

रांची में 728 लोगों पर होगा एक्शन

## प्रधानमंत्री आवास का पैसा लिया,पर नहीं बनवाया घर

एजेंसी ▶▶ रांची

झारखंड में प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के 728 लाभुकों पर सर्टिफिकेट केस दर्ज होगा। रिपोर्ट के मुताबिक ये वे लाभुक हैं जो रांची नगर निगम क्षेत्र में रहते हैं और पक्के मकान के लिए पीएमएवाई योजना के लाभार्थी हैं। इन सभी ने पहली किस्त के 45,000 रुपये लेने के बाद भी घर के निर्माण को नींव से आगे नहीं बढ़ाया है। कई बार नोटिस दिए जाने के बाद इन लोगों ने लिंटर तक का काम भी पूरा नहीं कराया है।

सामुदायिक संगठनकर्ता की ओर से आवास का निर्माण पूरा कराने के लिए जागरूक करने के बाद भी असर होता नहीं देख निगम की पीएमएवाई शाखा इन लाभार्थियों पर सर्टिफिकेट केस दर्ज

प्रधान मंत्री आवास योजना
Pradhan Mantri Awas Yojana

कर नोटिस जारी करने में जुट गई है। 427 ने लिंटर, 457 ने छत की ढलाई कराई योजना का लाभ पाने वाले 427 लाभुक ऐसे हैं, जिन्होंने छज्जा के साथ लिंटर तक का काम पूरा करा लिया है।

इसके बाद आगे की दीवार और छत तक नहीं बनवाई है। इसी तरह 457 लाभुकों ने छत की ढलाई पूरी करा ली है। लेकिन मकान की फिनिशिंग अब भी लंबित है।

---

संभल में दुकानदारों को 24 घंटे का अल्टीमेटम

## मस्जिद के बाहर बनी 12 दुकानों पर बुलडोजर चलाएगा प्रशासन

एजेंसी ▶▶ संभल

यूपी के संभल में अवैध अतिक्रमण पर कार्रवाई जारी है। प्रशासन पर मस्जिद के बाहर बनी 12 दुकानों पर बुलडोजर चलवाएगा। हालांकि इससे पहले दुकानदारों को 24 घंटे का अल्टीमेटम भी दे दिया गया है। दुकानों से कहा गया है कि अपनी-अपनी दुकानों को समय रहते खाली कर लें। इसको लेकर एसडीएम ने दुकानदारों के साथ बैठक भी की और फिर मौके पर पहुंचकर सड़क की पैमाइश कराई।

थाना मस्जिद पहुंचकर एसडीएम ने मस्जिद के क्षेत्रफल के बारे में जानकारी ली और मस्जिद कमेटी से मस्जिद की भूमि के दस्तावेज दिखाने को कहा। दुकानदारों की तरफ से बताया गया कि वक्फ की भूमि पर मस्जिद और दुकानें बनी हुई हैं, लेकिन दुकानदार कागजात नहीं दिखा पाए।

### सड़क के चौड़ीकरण की रुपरेखा तैयार



कोतवाली के पास सर्राफा बाजार मार्ग पर सड़क की चौड़ाई कम है, ऐसे में यहां अक्सर जाम के हालात बने रहते हैं। इसी रोड पर मस्जिद भी मौजूद है। शहर के बाजार को जाम से निजात दिलाने के लिए अफसरों ने सड़क के चौड़ीकरण की रुपरेखा बनाई है। एसडीएम वंदना मिश्रा सदर कोतवाली पहुंचीं और दुकानदारों को बुलाकर उनके साथ बैठक की। एसडीएम ने दुकानदारों और थाना मस्जिद से जुड़े लोगों के साथ संवाद किया। एसडीएम ने कहा कि देखने में लग रहा है कि सड़क पर अतिक्रमण कर दुकानों को बनाया गया है। जिससे सड़क की चौड़ाई कम हुई है, लेकिन दुकानदारों का कहना है कि उनकी दुकानें मस्जिद की भूमि पर बनी हैं और मस्जिद वक्फ की भूमि पर बनी है।

### वक्फ के दस्तावेज दिखाने का दिया गया था समय

एसडीएम ने वक्फ की भूमि के दस्तावेज मांगे लेकिन वह नहीं दिखा पाए। जिस पर एसडीएम ने उन्हें सोमवार शाम तक वक्फ के दस्तावेज दिखाने के लिए समय दिया है। साथ ही कहा है कि अगर उन्हें सड़क पर अतिक्रमण कर दुकानों को बनाया है, तो स्वतः ही हटा लें, अन्यथा प्रशासन अतिक्रमण को हटवाने का कार्य करेगा। एसडीएम वंदना मिश्रा ने कहा, कोतवाली के सामने कुछ दुकानें हैं, सड़क की चौड़ाई वहां कम हो गई है। प्रथम दृष्टया प्रतीत होता है कि वह दुकानें सड़क पर बनाई गई हैं। इसके संबंध में बैठक बुलाई गई थी कि दुकानदार खुद इसे देखें और स्वतः संज्ञान लेकर हटा लें।

मकर संक्रांति विशेष



प्रकृति के स्वरूप के साथ सूर्य की गति बदलने का उल्लास पर्व है- मकर संक्रांति। इस पर्व से जुड़ी हमारी प्यारी-मनोहारी सांस्कृतिक परंपराएं न केवल हमें स्वस्थ-ऊर्जावान रहने के लिए प्रेरित करती हैं। अपने घर, परिवार, रिश्तों, आस-पड़ोस और समाज से जुड़ाव को प्रगाढ़ बनाने का भी संदेश देती हैं। आइए आज इस पर्व को हम भी अपनों के संग भरपूर उमंग-उल्लास के साथ मनाएं।

# सबसे जुड़कर हंसी-खुशी मनाएं मकर संक्रांति

कवर स्टोरी
सरस्वती रमेश

भारतीय संस्कृति और परंपराओं में माघ, सूर्य की महिमा, स्तुति और उसकी ऊष्मा का गुणगान करने का माह है। माघ यानी मकर संक्रांति पर्व का मास। मकर संक्रांति सूर्य की आराधना का सबसे बड़ा पर्व माना जाता है। इस दिन सूर्य, धनु राशि से मकर राशि में प्रवेश करता है और अगले छह मास तक पृथ्वी के उत्तरार्ध की ओर झुक जाता है। इस कारण धरती पर सूर्य की गर्मी अधिक पहुंचती है, प्रकृति में तेजी से नवसृजन होता है। इस नवसृजन का प्रभाव प्रकृति के हर जीव पर पड़ता है, चाहे वह सूक्ष्म हो या वृहद। प्रकृति में हुए इस बदलाव का उत्सव मकर संक्रांति के रूप में मनाया जाता है।

## सेहत-स्वाद और आत्मीयता



मकर संक्रांति का पर्व तिलकुट, गजक, रेवड़ी, मूंगफली, खिचड़ी और लड्डुओं के स्वाद में सराबोर होकर आता है। संयुक्त परिवारों में अब भी मीठी सेव, तिल और चावल के लड्डु बनाने के लिए बड़े-बड़े पतीले चूल्हे पर चढ़ते हैं। घर की सारी महिलाएं विभिन्न प्रकार के लड्डु बनाने के लिए एकत्र होती हैं। हंसी-ठिठोली करते हुए सेहत और स्वाद से भरी चीजें कनस्तर भर-भर कर बना ली जाती हैं, समय का पता ही नहीं चलता। शहर में रहने वाली काम-काजी महिलाएं अगर घर पर संक्रांति के पकवान बनाने का समय नहीं निकाल पाती हैं तो बाजार से सारी चीजें खरीद लाती हैं या ऑर्डर देकर बनवाती हैं। फास्ट फूड के जमाने में भी देसी स्नैक्स के क्रेज को बरकरार रखने के पीछे हमारे घर की बड़ी-बूढ़ी महिलाओं का विशेष योगदान होता है। तभी तो संक्रांति आते ही बाजार गजक, रेवड़ी और मूंगफली के आइटम से भर जाते हैं।

## जुड़ाव का पर्व



मकर संक्रांति सिर्फ स्नान, ध्यान और प्रकृति से जुड़ने का पर्व नहीं है, यह रिश्तों से भी जुड़ने का समय होता है। देखा जाए तो यह पर्व हमें स्वाद से जोड़ने के साथ-साथ रिश्तों से भी जोड़ता है। गांव के उस आंगन और रसोईघर की स्मृतियां ताजी हो जाती हैं, जब संक्रांति के बहाने कई परिवारों का भोजन एक ही चूल्हे पर पकता था। संक्रांति पर अकसर पौष्टिक खिचड़ी, साग आदि चीजें बनाई जाती थीं। सबसे पहले बच्चे साथ मिलकर खाते थे। फिर घर के बड़ों को भोजन परोसा जाता था। अंत में घर की सारी महिलाएं बोरसी की आंच के इर्द-गिर्द बैठकर भोजन करती थीं। कड़ाके की ठंड में भी आत्मीयता की आंच सबको ऊष्मा से भर देती थी। शहर में रहने वाले परिवार उन बिछड़े दिनों को याद कर कई बार संक्रांति मनाने गांव की ओर चल पड़ते हैं तो कई परिवार अपने शहर के घरों में ही संक्रांति के उल्लास का माहौल बनाने की कोशिश करते हैं। पारिवारिक प्रेम और सहयोग की पवित्र भावना संक्रांति पर्व पर दिखती है।

## दान की परंपरा

मकर संक्रांति पर नदियों में स्नान के बाद दान करने की परंपरा रही है। आज की बदली परिस्थितियों में छोटे-बड़े शहरों में भले ही नदियां नहीं हैं, लेकिन दान की परंपरा हर जगह बरकरार है। मकर संक्रांति के दिन महिलाएं तिल, मूंगफली, गजक और बेसन से बने सूखे व्यंजन अपनी काम वाली बाई, गेटकीपर, गार्ड जैसे लोगों को दान कर संक्रांति की परंपराओं को जीवित रखे हुए हैं। मकर संक्रांति पर बेटी के ससुराल में त्यौहारी पहुंचाने से लेकर चौक पर बैठी बुढ़िया और उनके दीन हीन बच्चों को गुड़, तिलकुट, रेवड़ी, मिठाई और कपड़े पहुंचाती हैं। सिर्फ संक्रांति पर ही नहीं, पूरे वर्ष घर-परिवार, पास-पड़ोस सबको वो देने का विशेष ख्याल रखती हैं। रिश्तों को समय, बच्चों को प्रेम, बड़ों को सम्मान, छोटों को मान महिलाएं ही तो देती हैं।

## सूर्य से प्रेरणा लें



मकर संक्रांति का सूर्य हमें अपने जीवन में आशा, उमंग और ऊर्जा भरने की प्रेरणा देता है। धुंध और कोहरे में कई हफ्ते तक निस्तेज रहने के बावजूद सूर्य अपनी आभा नहीं भूलता और चौदह जनवरी को मकर राशि में प्रवेश करता है। वैसे ही हमें भी कठिनाइयों के धुंध में पड़कर अपना विवेक, बुद्धि और हौसला नहीं छोड़ना चाहिए। मुश्किलों को अपने हौसले की नदी में विसर्जित करने का हुनर आज की स्त्री ने सीख भी लिया है। तभी तो वो दिन दूनी, रात चौगुनी गति से नई ऊंचाइयां छू रही हैं। सूर्य के समान ही अपनी आभा बिखेर रही हैं।

## सामूहिकता की संस्कृति

जैसा हम सब जानते हैं, मकर संक्रांति सामूहिकता का पर्व है। यह सामूहिकता ही हमारी संस्कृति के मूल में है। हम समाज का हिस्सा हैं और सामूहिकता ही हमें जीवन जीने का उल्लास देती है। हम सभी मिल-जुल कर रहें। मिल-बांट कर खाएं। हमारे आस-पास कोई भूखा न रहे। कोई तकलीफ में न रहे और यदि किसी को भी हमारी जरूरत हो तो हम उसकी मदद को तत्पर रहें। एक तरह से देखा जाए तो सामूहिकता की संस्कृति को जीवित रखने में महिलाओं का बड़ा योगदान है। घर-परिवार को एक डोर में बांधने का सारा दारोमदार महिलाओं पर ही होता है। कोई मनमुटाव हो तो महिलाएं ही आपसी सहमति या मेल कराने के लिए पुल का काम करती हैं, एकजुट बने रहने के महत्व को समझती हैं। मकर संक्रांति का पर्व हर वर्ष यही संदेश लेकर आता है।

## तन के साथ मन की शुद्धि

मकर संक्रांति पर स्नान करने की परंपरा है। जिस तरह मकर संक्रांति पर तन की शुद्धि के लिए स्नान किया जाता है, उसी तरह मन को भी शुद्ध रखना आवश्यक है। मन का शुद्धिकरण होता है, नकारात्मकता और अन्य द्वेषपूर्ण विचारों को मन से परित्याग करके। परिवार-समाज में रहते हुए कभी-कभी मन में ईर्ष्या, द्वेष, कड़वाहट की भावनाएं आ जाती हैं। सास-बहू के विचारों में टकराव, ननद-भाभी के बीच टकरार या पति-पत्नी के बीच नोक-झोंक होना आम बात है। ये अवरोधक बनकर हमारे आगे खड़े हो जाते हैं। हमारे रिश्तों की बेल आगे बढ़ने से रोकती हैं। खुश रहने और सबसे मेल-मिलाप करने से रोकती हैं। इस तरह हमारे जीवन और रिश्तों में मायूसी, उदासी और अकेलेपन की बर्फ जम जाती है। लेकिन मकर संक्रांति मन का सारा मैल साफ कर मन में प्रसन्नता का उजास जगाने का अवसर है। ❁

# मकर संक्रांति देता है सेहत संवारने के सूत्र



वैसे तो मकर संक्रांति धार्मिक और सांस्कृतिक पर्व है। लेकिन इससे जुड़ी परंपराएं और गतिविधियां ऐसी हैं, जिनमें हमें अपनी सेहत संवारने के सूत्र भी मिलते हैं। इनके बारे में आपको भी जानना चाहिए।

सजेशन
डॉ. मोनिका शर्मा

मकर संक्रांति केवल एक पारंपरिक त्योहार भर नहीं है। यह सेहत बनाने और संवारने का पाठ भी पढ़ाता है। हालिया बरसों में रोग प्रतिरोधक क्षमता अच्छी होने के मायने हमने अच्छे से समझ लिए हैं। परंपरागत खान-पान और अच्छी जीवनशैली का महत्व भी अब और गहराई से समझ आया है। ऐसे में मकर संक्रांति जैसे पर्व से जुड़ी हमारी मान्यताएं, स्वास्थ्य सहेजने में मदद करने वाली हैं।



**संतुलित दिनचर्या की अहमियत:** यह त्यौहार न केवल हमारे रहन-सहन, खान-पान और दिनचर्या में बदलाव लेकर आता है बल्कि सेहत के लिए भी कई संदेश लिए है। गुनगुनी धूप वाली इस रुत में हमारी दिनचर्या ही बदल जाती है। यह पर्व प्रकृति के जरिए स्वास्थ्य को सहेजने की सीख देता है। मकर संक्रांति पर सूर्य के उत्तर दिशा में जाने से दिन बड़े होने लगते हैं और इसी के साथ वसंत ऋतु का भी आगमन होता है। मकर-संक्रांति से प्रकृति भी करवट बदलती हैं। ऊर्जा और उजास का यह पर्व, मौसम के बदलाव संग सामंजस्य बनाते हुए अनुशासित जीवन जीने की सीख देता है। वैज्ञानिक अध्ययन और चिकित्सकों की सलाह भी तन-मन को सहेजने के लिए संतुलित दिनचर्या को सबसे जरूरी बताते हैं।

**धूप की जरूरत पर ध्यान:** इस पर्व पर पतंग उड़ाने की परंपरा है। यह केवल मनोरंजन भर नहीं है। पतंग उड़ाने की यह रीत सेहत से भी जुड़ी है। खुले आसमान तले छत पर या मैदान में पतंग उड़ाना और सूर्य की किरणों का सीधे हमारे शरीर के संपर्क में आना भी सेहत के लिए बहुत फायदेमंद है। अब तो वैज्ञानिक भी इस बात की पुष्टि कर चुके हैं कि धूप में बैठने से शरीर को विटामिन-डी मिलता है। कई तरह के कीटाणु खत्म होते हैं और मन भी अवसाद से दूर रहता है। नींद अच्छी आती है। ब्लड सर्कुलेशन अच्छा होता है, जिससे शरीर में ऑक्सीजन की मात्रा बढ़ती है। रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है। यह प्राकृतिक उजास समग्र जीवन को संवारती है। मनोभावों में संतुलन लाती है। अवसाद और थकान को दूर कर ऊर्जावान जीवनचर्या से जोड़ती है।

**मानसिक स्वास्थ्य का ख्याल:** सर्दियों का मौसम एक ठहराव लाता है। इसमें मन-अनमना सा रहता है। संक्रांति पर्व से मौसम का बदलाव और खिली धूप की रंगत मन को सुकून देती है। उत्तरायण में सूर्य के होने से व्यक्ति में नई ऊर्जा का संचार होता है। इस समय खिली धूप से मन को सकारात्मकता की उजास मिलती है। सूरज की किरणें पड़ने पर अच्छा महसूस कराने वाले हार्मोन, सेरोटोनिन और एंडोर्फिन का स्राव बढ़ता है। जिससे हमारे मन को खुशनुमा अहसास की सौगात मिलती है।


**खान-पान से बढ़े इम्यूनिटी:** देश भर में लोग मकर संक्रांति के त्यौहार पर तिल, मूंगफली, गुड़, चावल और उड़द की दाल जैसी चीजों का सेवन करते हैं। इन सभी चीजों में सबसे ज्यादा महत्व तिल को दिया जाता है। जो शरीर को निरोग रखता है। इस पर्व पर जिन चीजों को खाने में शामिल किया जाता है, वे पौष्टिक होने के साथ ही साथ शरीर को ऊर्जा देने वाले और रोग-प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने वाले हैं। समझना मुश्किल नहीं कि सांस्कृतिक विरासत ही नहीं सेहतमंद रहने के मोर्चे पर भी यह त्योहार बहुत महत्वपूर्ण है। ❁

# सर्दियों में जब करना हो ड्राई स्किन पर मेकअप

मेकअप
सरिता गुप्ता

सर्दी के मौसम में अधिकतर लोग स्किन पर ड्राईनेस की समस्या से परेशान रहते हैं। ऐसे में ड्राई स्किन पर मेकअप करने के बाद भी ग्लो नहीं आ पाता है। इसलिए मेकअप को अट्रैक्टिव बनाने के लिए स्किन का ध्यान रखना बेहद जरूरी हो जाता है। अगर आपकी भी स्किन ड्राई है तो मेकअप करने से पहले कुछ आसान टिप्स अपनाकर चार्मिंग मेकअप लुक पा सकती हैं।

**यूज करें फेस वॉश:** ड्राई स्किन होने के कारण कुछ लोग सर्दियों में फेस वॉश लगाना कम कर देते हैं, लेकिन आप ऐसा बिल्कुल न करें क्योंकि फेस को क्लीन करना बहुत जरूरी होता है। खासतौर पर मेकअप करने से पहले फेस वॉश करना न भूले। ड्राईनेस कम करने के लिए आप हाइड्रेटिंग या वाटर बेस्ड फेस वॉश यूज कर सकती हैं।



**स्किन पर करें मसाज:** आपने नोटिस किया होगा कि ड्राई स्किन पर कई बार मेकअप के बाद क्रैक दिखने लगते हैं, जिससे स्किन सुंदर दिखने की बजाय पैची दिखने लगती हैं। ऐसे में आप जब भी मेकअप करें, उससे पहले किसी अच्छे मॉइश्चराइजर से हल्की-सी मसाज कर लें। मसाज के बाद फेस को हाथों से थपथपा लें। इससे चेहरे का ब्लड सर्कुलेशन अच्छा हो जाता है और स्किन सॉफ्ट हो जाती है। ऐसा करने से मेकअप अच्छी तरह सेट हो जाता है और स्किन ड्राई नहीं रहती है। इससे मेकअप अपीलिंग दिखता है।

**लिक्विड फाउंडेशन-प्राइमर:** विंटर सीजन में ड्राई स्किन पर हमेशा मसाज के बाद प्राइमर जरूर लगाएं। फिर क्रीमी लिक्विड फाउंडेशन का यूज करें। इससे आपकी स्किन ग्लो करने लगेगी और उस पर जब आप मेकअप करेंगी तो अच्छा रिजल्ट दिखेगा।

**मेकअप प्रोडक्ट हों ग्लासी:** विंटर सीजन में स्किन ड्राईनेस को देखते हुए ग्लासी मेकअप करना अच्छा ऑप्शन है। मेकअप प्रोडक्ट्स में विटामिन-ई, विटामिन-ए, विटामिन-सी और एंटी ऑक्सीडेंट्स होने चाहिए। कंसीलर और फाउंडेशन भी विटामिन-सी और विटामिन-ई युक्त होने चाहिए। इनसे स्किन ज्यादा ग्लो करती है और मेकअप भी निखर उठता है।

**लूज पावडर यूज ना करें:** विंटर सीजन में मेकअप करने के दौरान ड्राई स्किन पर लूज पावडर का यूज बिल्कुल न करें, इससे आपका फेस और भी ड्राई नजर आने लगेगा। ये आपके मेकअप का सारा लुक खराब कर सकता है। इसलिए विंटर सीजन में लूज पावडर को अवॉइड करना सही होगा। ❁

**(मेकअप आर्टिस्ट ममता खन्ना से बातचीत पर आधारित)**

हाल के वर्षों में ऑनलाइन फ्रॉड के नए तरीके डिजिटल अरेस्ट के मामले अकसर देखने-सुनने को मिलने लगे हैं। इसमें जरा सी असावधानी से आपको भारी आर्थिक नुकसान हो सकता है। इससे बचने के लिए यहां बताई जा रही बातों का ध्यान रखें।

# डिजिटल अरेस्ट से रहें सावधान

एलर्टनेस
प्रेमलता यदु

आज डिजिटलाइजेशन का दौर है। डिजिटलाइजेशन के अनेक फायदे हमें हमारे रोजमर्रा के जीवन में देखने को मिलते हैं। जैसे अब हमें अपने साथ कैश लेकर चलने की जरूरत नहीं होती। हर छोटे से लेकर बड़े दुकानदार, यहां तक कि सड़क पर सामान बेच रहे गुमटी वालों के पास भी यूपीआई पेमेंट की सुविधा होती है, जिससे सेकेंडों में पेमेंट बड़ी ही आसानी से हो जाती है। इतनी सुविधाओं के बावजूद कई बार इससे नुकसान भी हमें उठाना पड़ सकता है, जब हम उनका उपयोग सावधानीपूर्वक नहीं करते हैं या उपयोग करते हुए लापरवाही बरतते हैं। ऑनलाइन क्राइम्स में से एक डिजिटल अरेस्ट भी है। इसके बारे में आपको जरूर जानना चाहिए।




**क्या है डिजिटल अरेस्ट :** डिजिटल अरेस्ट एक डिजिटल स्कैम है, जिसके जरिए अपराधी, लोगों को डराकर लाखों-करोड़ों रुपए लूट लेते हैं। इसमें फोन करने वाला व्यक्ति कभी पुलिस, कभी सीबीआई, कभी आरबीआई, कभी नारकोटिक्स ब्यूरो के अधिकारी तो कभी इनकम टैक्स या एटीएस अधिकारी बनकर वाट्सएप या स्काइप कॉल करता है। वो कुछ इस तरह से बात करता है कि असली अधिकारी लगता है। यहीं से डिजिटल अरेस्ट का खेल शुरू होता है। वे लोग व्यक्ति को मेंटली डराते-धमकाते हैं। वे कॉल पर कनेक्ट व्यक्ति को इस बात का यकीन दिलाते हैं कि उनके साथ या उनके परिजनों के साथ बहुत बुरा हो सकता है क्योंकि वे ड्रग्स, मनी लांड्रिंग, अवैध पार्सल, सेक्स रैकेट या फिर किसी ऐसे मामले में फंस गए हैं, जिस वजह से उन पर कानूनी कार्यवाही होना निश्चित है। ऐसे में ज्यादातर लोग डर जाते हैं, उनके जाल में फंसते चले जाते हैं और फिर जैसे-जैसे वे कहते हैं, वो करने लगते हैं। इसे ही कहते हैं डिजिटल अरेस्ट।

**डिजिटल अरेस्ट से बचने के तरीके :** कुछ बातों का ध्यान रखकर और कुछ जरूरी सावधानियां बरतकर आप बहुत हद तक स्वयं को डिजिटल अरेस्ट से बचा सकती हैं।

**अननोन कॉल्स को इग्नोर करें :** जब भी किसी अननोन नंबर या मेल आईडी से कॉल या ई-मेल के जरिए संदेश आए कि आप या आपके परिजन ड्रग्स, मनी लांड्रिंग, सेक्स स्कैंडल या चोरी जैसे आपराधिक मामले में लिप्त पाए गए हैं या जांच के दायरे में आ रहे हैं तो ऐसे कॉल या ई-मेल की ओर ध्यान न दें, उसे इग्नोर करें। रिप्लाई तो बिल्कुल न करें। हमेशा याद रखें, किसी भी एफआईआर या अपराधिक मामले पर ऑनलाइन कार्यवाही नहीं की जाती है।

**बिल्कुल न डरें-न घबराएं:** साइबर ठग अकसर आपके डर और घबराहट का ही फायदा उठाते हैं। वे इस बात की धमकी देते हैं कि आप पर या आपके परिजनों पर कानूनी कार्यवाही की जाएगी, गिरफ्तारी की जाएगी ऐसी बातों से न डरें, न ही घबराएं और न ही किसी प्रकार की कोई ओटीपी, अपना बैंक डिटेल या यूपीआई डिटेल शेयर करें।

**निजी जानकारी देने से बचें:** किसी भी अनजान नंबर से आए कॉल या विडियो कॉल पर बातचीत के दौरान पूछे गए सवालों के उत्तर देने की जल्दबाजी न करें। केवल सुनें और शांत रहें। किसी भी तरह की निजी जानकारी देने से बचें। जरा भी शक होने पर तुरंत फोन काट दें, अनजान नंबरों से आने वाली कॉल पर लंबी बातचीत करने से बचें।

**शिकायत दर्ज करवाने में न करें देर:** किसी भी प्रकार के फ्रॉड कॉल या वीडियो कॉल के शिकार होने पर चुप न बैठें। सरकारी पोर्टल चक्षु पर या हेल्पलाइन नंबर 1930 पर शिकायत अवश्य दर्ज कराएं। याद रखें किसी भी प्रकार के आपराधिक मामले में डिजिटल अरेस्ट का कोई प्रावधान नहीं है। इसलिए सतर्क रहें और सुरक्षित रहें। ❁

यह सही है कि आज अधिकतर लोग भाग-दौड़ भरी जीवनशैली जीते हैं। लेकिन हर काम, हर बात में जल्दबाजी या हड़बड़ी दिखाना सही नहीं है। ऐसा 'हरी सिकनेस' की वजह से हो सकता है। 'हरी सिकनेस' की मानसिकता से बचने के लिए आपको कुछ बातों का ध्यान रखना होगा।

# इतनी जल्दी किस बात की है...

लाइफस्टाइल
शिखर चंद जैन



दीपा हर वक्त मानो पायलट मोड में रहती है। इसलिए उसके घर वाले उसे हड़बड़िया कहते हैं। उसके पति उसे फटफटिया यानी फटाफट काम करने वाली कहते हैं। दरअसल, दीपा कोई भी काम हाथ में आते ही उसे जल्दी से जल्दी खत्म करने की कोशिश करती है, मानो कोई अवॉर्ड हासिल करना हो। वह हर किसी को कहती है, 'मेरे पास कोई काम कभी पेंडिंग नहीं रहता।' इसी तरह का एक और उदाहरण- मनीषा को कहीं से न्यौता मिल जाए या किसी के साथ अपॉइंटमेंट हो तो वह नियत समय से एक-डेढ़ घंटा पहले से ही तैयार हो कर इधर-उधर टहलना शुरू कर देती है। किसी तरह से वक्त होने का इंतजार करती है। कई बार तो समय से काफी पहले ही घर से निकल पड़ती है। हर वक्त हड़बड़ी में रहने के ऐसे लक्षण बताते हैं कि आप 'हरी सिकनेस' के शिकार हैं।

**क्या है हरी सिकनेस:** यह ऐसी मानसिक स्थिति है, जिसमें व्यक्ति हर काम को बहुत जल्दबाजी में करता है। ऐसा व्यक्ति किसी भी काम को करते वक्त उद्विग्नता, चिंता या हड़बड़ी महसूस करता है। जब तक वो किसी भी तरह काम को कर नहीं लेता, तब तक बेचैन रहता है। पास में काफी समय हो तो भी व्यक्ति उस काम को जल्दी में करने की चिंता में रहता है।

**हरी सिकनेस के लक्षण:** हरी सिकनेस का शिकार व्यक्ति अकसर जल्दी-जल्दी बोलता है, इतनी जल्दी कि शब्द भी ठीक से उच्चारित नहीं कर पाता और बहुत सारे शब्द उसके मुंह में ही रह जाते हैं। ऐसे लोग जल्दी-जल्दी खाते हैं मानो खाना खत्म हो जाएगा या फिर खाने का वक्त ही नहीं है। इन्हें किसी चीज में जरा-सी भी देर हो जाए तो इरिटेट हो जाते हैं। ऐसे लोग अकसर एक साथ कई काम करने की कोशिश करते हैं और किसी काम को भी सही ढंग से पूरा नहीं कर पाते। हरी सिकनेस के शिकार लोग दूसरों को अपनी बात खत्म करने नहीं देते और बीच में खुद ही बोलने लगते हैं। अगर ये रेस्टोरेंट में खाने जाएं या इन्हें किसी लाइन में इंतजार करना पड़ जाए तो झल्लाने लगते हैं। ये हमेशा एक तरह की हड़बड़ाहट-घबराहट में रहते हैं।

**नुकसान:** हरी सिकनेस और हड़बड़ी के कई तरह के नुकसान होते हैं। इसका सबसे बड़ा असर दिमाग और सेहत पर तब पड़ता है, जब जल्दी-जल्दी काम करने पर शरीर और दिमाग थक जाता है। इससे माइग्रेन की समस्या भी हो जाती है। कई लोगों में इम्यून सिस्टम कमजोर होने लगता है, पेट हमेशा खराब रहने लगता है। इन्हें भूख नहीं लगती और सांस फूल जाती है। अकसर ऐसे लोग बहुत जल्दी घबरा जाते हैं। समय पर इस आदत को सुधारा न जाए तो यह आदत आगे चलकर हाई ब्लड प्रेशर और हार्ट डिजीज का कारण बन सकती है।

**जरा धीरज रखिए:** वियतनाम के बौद्ध संत थिक न्यात हान्ह ने कहा है, 'जिंदगी में ज्यादा भागम-भाग करने की जरूरत नहीं है। आप जहां हैं, वहीं ठीक हैं। आपको अपनी जगह पर ज्यादा ध्यान का अभ्यास करना चाहिए।' ज्यादातर लोग इस बात पर विश्वास नहीं करते कि सिर्फ चलना ही पर्याप्त है, ऐसे जैसे आपको कहीं जाने की जल्दी है ही नहीं। वे कहते हैं कि कभी-कभी जमीन पर ऐसे चलिए जैसे उसे चूम रहे हों। जरा रुकने का भी अभ्यास करिए। चाय आहिस्ता-आहिस्ता पीजिए। ऐसे पिएं जैसे यही वह धुरी है, जिस पर पृथ्वी घूमती है। भविष्य की ओर भागे बिना वास्तविक क्षणों को जिएं। यह जो क्षण है, वही जिंदगी है।

जापानी दर्शन गमन में भी धैर्य, निरंतरता और दृढ़ता का पाठ पढ़ाया जाता है। इसमें कहा गया है कि प्रतिकूल परिस्थितियों में भी हमें चिड़चिड़ापन, झुंझलाहट या गुस्सा करने से बचें और शांत मन से स्थिति का सामना करना चाहिए। ❁

# शहडोल रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव से औद्योगिक विकास को मिलेंगे नए आयाम

## खनिज संपदा, ऊर्जा क्षमताओं, धार्मिक महत्व, प्राकृतिक सौंदर्य और पुरातात्विक धरोहरों के लिए प्रसिद्ध शहडोल में 16 जनवरी को होगा आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मप्र का शहडोल जिला अपनी खनिज संपदा, ऊर्जा क्षमताओं, धार्मिक महत्व, प्राकृतिक सौंदर्य और पुरातात्विक धरोहरों के लिए प्रसिद्ध है।

यहां 16 जनवरी को होने वाला रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव न केवल निवेश और औद्योगिक विकास को बढ़ावा देगा, बल्कि क्षेत्र की समग्र प्रगति के लिए ऐतिहासिक कदम साबित होगा। साथ ही शहडोल के विकास को नई दिशा मिलेगी।

**खास बातें**

- कॉन्क्लेव निवेश और औद्योगिक विकास को बढ़ावा देगा, क्षेत्र का होगा विकास
- शहडोल में आरआईसी से निवेशकों को मिलेंगे नए अवसर

### ऊर्जा आधारित उद्योगों के विकास के लिए आदर्श है शहडोल: सीएम



मुख्यमंत्री ने कहा कि शहडोल, अपने प्रचुर खनिज संसाधनों के लिए देश भर में जाना जाता है। यहां स्थित सोहागपुर कोलफील्ड, भारत के सबसे पुराने और समृद्ध कोयला खदान क्षेत्रों में से एक है। यह क्षेत्र ऊर्जा आधारित उद्योगों के विकास के लिए आदर्श है। ऊर्जा हब सिंगरौली और फूलपुर गैस पाइपलाइन का विस्तार, शहडोल को ऊर्जा आधारित उद्योगों के केंद्र के रूप में स्थापित कर रहा है।

### महिष्मति, कर्णगढ़ के लिए विशेष योजनाएं बनाई

शहडोल की ऐतिहासिक और पुरातात्विक धरोहरें इसे और भी खास बनाती हैं। जिले के आसपास के क्षेत्रों में पाए गए प्राचीन अवशेष और मंदिर, यहां की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को उजागर करते हैं। महिष्मति और कर्णगढ़ जैसे स्थल पुरातात्विक महत्व के केंद्र हैं। इन धरोहरों को वैश्विक मंच पर प्रस्तुत करने और संरक्षित करने के लिए राज्य सरकार ने विशेष योजनाएं बनाई हैं। पुरातात्विक पर्यटन को बढ़ावा देने से न केवल निवेशकों के लिए नए अवसर पैदा होंगे, बल्कि स्थानीय लोगों के लिए रोजगार के नए साधन भी खुलेंगे।

### इको-टूरिज्म और जैव विविधता का केंद्र बांधवगढ़

शहडोल के पास स्थित बांधवगढ़ राष्ट्रीय उद्यान, जो विश्व प्रसिद्ध है, समृद्ध जैव विविधता के लिए जाना जाता है। यह क्षेत्र न केवल इको-टूरिज्म को बढ़ावा देता है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण और रोजगार सृजन के लिए भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। शहडोल के जंगल, पहाड़ियां और नदियां इसे एक आदर्श इको-टूरिज्म स्थल बनाती हैं। इन पर्यटन स्थलों को संरक्षित और विकसित करने के लिए सरकार ने कई योजनाएं शुरू की हैं।

### आरआईसी दिलाएगा वैश्विक पहचान

शहडोल का हर क्षेत्र-चाहे वह खनिज हो, ऊर्जा हो, या सांस्कृतिक धरोहर, अपार संभावनाओं से भरा हुआ है। आरआईसी के माध्यम से इन संसाधनों का प्रभावी उपयोग कर, इस क्षेत्र को राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय निवेश का केंद्र बनाएंगे। आरआईसी से निवेशकों को खनिज आधारित उद्योग, ग्रीन एनर्जी, कृषि प्रसंस्करण, और पर्यटन के क्षेत्र में निवेश के अवसर मिलेंगे। शहडोल अपनी अपार खनिज संपदा, ऊर्जा क्षमता, सांस्कृतिक धरोहर और प्राकृतिक सौंदर्य के साथ एक आदर्श निवेश स्थल बनकर उभर रहा है। आरआईसी न केवल इस क्षेत्र को औद्योगिक विकास का नया केंद्र बनाएगा, बल्कि यहां के पर्यटन और सांस्कृतिक महत्व को भी वैश्विक पहचान दिलाएगा।

### अमलाई औद्योगिक क्षेत्र कागज उद्योग और खनिज प्रसंस्करण का प्रमुख केंद्र

अमलाई औद्योगिक क्षेत्र भी इस क्षेत्र का एक प्रमुख केंद्र है, जो कागज उद्योग और खनिज प्रसंस्करण के लिए प्रसिद्ध है। यहां स्थित उद्योग न केवल रोजगार प्रदान कर रहे हैं, बल्कि स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी मजबूती दे रहे हैं। अमलाई के अलावा, पास के अनूपपुर और उमरिया में भी औद्योगिक निवेश की अपार संभावनाएं हैं। शहडोल को ऊर्जा क्षेत्र में और अधिक सशक्त बनाने के लिए सरकार ने कई परियोजनाओं की शुरुआत की है। विशेष रूप से गैस आधारित उद्योगों और हरित ऊर्जा परियोजनाओं के लिए निवेशकों को आकर्षित करने की योजना बनाई जा रही है।

### शहडोल के आसपास आध्यात्मिकता और सांस्कृतिक समृद्धि के महत्वपूर्ण स्थल

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि शहडोल के आसपास स्थित धार्मिक स्थल इसे अध्यात्म और पर्यटन का एक महत्वपूर्ण केंद्र बनाते हैं। अमरकंटक, जो नर्मदा, सोन और जोहिला नदियों का उद्गम स्थल है, अपने आध्यात्मिक महत्व के कारण श्रद्धालुओं का प्रमुख आकर्षण है। इसके अलावा, यहां स्थित प्राचीन मंदिर और आश्रम भी धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देते हैं। धार्मिक स्थलों के साथ यहां का शांत और आध्यात्मिक वातावरण निवेशकों को पर्यटन क्षेत्र में निवेश के लिए प्रेरित करता है। राज्य सरकार इन स्थलों को और अधिक विकसित करने की दिशा में काम कर रही है, जिससे पर्यटन और स्थानीय उद्योग, दोनों को बढ़ावा मिलेगा।

---

### गरीब, किसान, युवा और महिला कल्याण के लिए मिशन मोड पर हो रहा है काम

# मुख्यमंत्री ने कहा- किसानों को सिंचाई के लिए दिन में देंगे 8 से 10 घंटे बिजली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

**कालापीपल के 155 ग्रामों को भी मिलेगा पीकेसी परियोजना से जल**

**शाजापुर जिले के कालापीपल में डॉ. यादव ने की कई घोषणाएं**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि हमारी सरकार समाज के हर वर्ग के हित के लिए कार्य कर रही है। प्रदेश में महिला, युवा, गरीब और किसानों के लिए मिशन मोड में कार्य किया जा रहा है। आज से 125 वर्ष पहले जब हमारा भारत गुलाम था और निराशा में डूबा हुआ था, तब स्वामी विवेकानंद ने उस निराशा को दूर करते हुए सब में उत्साह भरा और कहा था कि 21वीं शताब्दी भारत एवं सनातन संस्कृति की होगी। उनका यह कथन आज प्रधानमंत्री मोदी के कुशल नेतृत्व में सत्य सिद्ध हो रहा है। आज विश्व में भारत का दौर चल रहा है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव रविवार को शाजापुर जिले की तहसील कालापीपल में आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश की 1.27 करोड़ लाड़ली बहनों के खातों में 1553 करोड़ रुपए अंतरण के मौके पर बोल रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वामी विवेकानंद की जयंती पर हम सभी संकल्प लें कि भारत के साथ मप्र के विकास के लिए कंधे से कंधा मिलाकर कार्य करेंगे। सबके साथ से देश की तरक्की और सब का विकास होगा।

### सड़कों के निर्माण और 11 गांवों के नाम बदलने की घोषणा



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने क्षेत्र के विकास के लिए भी अनेक घोषणाएं की। उन्होंने कालापीपल तहसील को राजस्व अनुभाग बनाने तथा पोलायकलां उप मंडी को मुख्य मंडी बनाए जाने, कालापीपल में 15 ग्रामीण सड़कों के निर्माण और 11 गांवों के नाम बदलने की घोषणा की। ग्राम निपानिया हिस्सामुद्दीन को निपानिया देव, ढाबला हुसैनपुर को ढाबला राम, मोहम्मदपुर पवाड़िया को रामपुर पवाड़िया, खजूरी अलाहदाद को खजूरी राम, हाजीपुर को हीरापुर, मोहम्मदपुर मछनाई को मोहनपुर, रीछड़ी मुरादाबाद को रीछड़ी, खलीलपुर (ग्राम पंचायत सिलोंदा) को रामपुर, ऊंचोद को ऊंचावद, घट्टी मुख्त्यारपुर को घट्टी और शेखपुर बोंगी को अवधपुरी नाम देने की घोषणा की।

### जब तक युवा को काम नहीं, तब तक हमें आराम नहीं: डॉ. मोहन

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि स्वामी विवेकानंद की जयंती के अवसर पर प्रदेश में युवाओं के कल्याण के लिए युवा शक्ति मिशन योजना शुरू की गई है। हमारा संकल्प है जब तक युवा को काम नहीं, तब तक हमें आराम नहीं। हम युवाओं को सम्मानपूर्वक रोजगार देने के साथ ही स्वावलंबी और सामर्थ्यशाली बनाना चाहते हैं। प्रदेश में 2 लाख 70 हजार सरकारी पदों पर भर्ती की जाएगी। इसके साथ ही निजी क्षेत्र में भी बड़ी संख्या में रोजगार सृजन हो रहा है। प्रदेश में रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव, महानगरों में रोड-शो, खनन कॉन्क्लेव ओर यूके-जर्मन के माध्यम से चार लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं।*

### रात में सिंचाई नहीं करनी पड़ेगी, दिन में ही किसानों को बिजली मिलेगी

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सरकार किसानों के कल्याण के लिए निरंतर कार्य कर रही है। निरंतर बिजली और हर खेत को पानी मिलने से किसान वर्ष भर फसल ले सकेंगे। अब सरकार ने निर्णय लिया है कि किसानों को रात में सिंचाई नहीं करनी पड़ेगी, उन्हें दिन में ही 8 से 10 घंटे सिंचाई के लिए बिजली मिलेगी। उन्होंने पार्वती-कालीसिंध-चंबल परियोजना से जिले के 155 गांव को भी योजना से जोड़ने की घोषणा की। अगले 5 वर्षों में सिंचाई के रकबे को एक करोड़ हैक्टेयर करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

### अब नामांतरण, बंटवारा जैसे काम आसानी से हो जाते हैं

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सुशासन हमारा लक्ष्य है। पहले अपने कामों के लिए पटवारी को ढूंढना पड़ता था, लेकिन अब नामांतरण, बटवारा जैसे कार्य आसानी से हो जाते हैं। साइबर तहसील योजना के माध्यम से रजिस्ट्री के साथ ही नामांतरण अपने आप हो जाता है। इस मौके पर उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार ने कहा कि गरीब, युवा, किसान और महिला-ज्ञान पर ध्यान के विजन पर अमल करने के लिए महाअभियान चल रहा है। मप्र इसमें अग्रणी है। क्षेत्रीय विधायक घनश्याम चंद्रवंशी ने क्षेत्र के विकास के लिये अनेक प्रस्ताव रखे।*

---

### साल के पहले दिन मिला था सेप्टिक टैंक में पत्रकार का शव

# दिवंगत पत्रकार मुकेश चंद्राकर की अस्थियों को पवित्र गोदावरी में किया गया विसर्जित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीजापुर

दिवंगत पत्रकार मुकेश चंद्राकर की अस्थियों को शनिवार को तेलंगाना के कालेश्वरम स्थित गोदावरी नदी में उनके बड़े भाई यूकेश चंद्राकर और पुरुषोत्तम चंद्राकर ने विधि-विधान से विसर्जन किया गया। गौरतलब है कि एक जनवरी को हुई हत्या के बाद मुकेश का शव सेप्टिक टैंक में फेंक दिया गया था, जिसने पूरे देश को हिला कर रख दिया।

### परिवार सहित मीडिया क्षेत्र में आक्रोश

*इस जघन्य अपराध के बाद परिवार और पत्रकार समुदाय में गहरा आक्रोश है। मुकेश चंद्राकर की आत्मा की शांति के लिए 15 जनवरी को बीजापुर प्रेस क्लब में श्रद्धांजलि कार्यक्रम रखा गया है और अम्बेडकर भवन में शांति भोज का कार्यक्रम किया जाएगा। उक्त कार्यक्रम में पत्रकार, स्थानीय नागरिक और जनप्रतिनिधि शामिल होंगे। यह घटना न केवल पत्रकारिता समुदाय बल्कि समाज के हर वर्ग को सोचने पर मजबूर कर रही है कि पत्रकारों की सुरक्षा और न्याय की लड़ाई कितनी कठिन हो गई है। अब सबकी नजरें इस मामले में होने वाली कानूनी कार्रवाई पर टिकी हुई हैं।*

---

मुख्यमंत्री बोले- मांगों और समस्याओं का शीघ्र किया जाएगा समाधान

# सीएम से मिले राजपत्रित अधिकारी लंबित मांगों से कराया अवगत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र राजपत्रित अधिकारी संघ के पदाधिकारियों ने रविवार को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से मुलाकात की। संघ के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री को नव वर्ष के साथ मकर सक्रांति और गणतंत्र दिवस की अग्रिम शुभकामनाएं दी। राजपतित्र अधिकारियों ने मुख्यमंत्री से लंबित मांगों को लेकर चर्चा कर उनके निराकरण की गुहार लगाई।

संघ प्रांताध्यक्ष डीके यादव ने गैर राज्य प्रशासनिक सेवा के अफसरों को आईएएस अवॉर्ड देने के मामले से मुख्यमंत्री को अवगत कराया। इसके अलावा केंद्र के समान 53 फीसदी डीए और डीआर, अधिवार्षिकीय आयु 20 वर्ष करने, ग्रेच्युटी, भत्तों का समय से भुगतान



और सालों से बंद पड़े पदोन्नतियों का चैनल खोलने की मांग रखी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने संघ के पदाधिकारियों को भरोसा दिया कि शीघ्र ही उनकी मांगों और समस्याओं का समाधान किया जाएगा।

---

### सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के पुरानी हटरी क्षेत्र का मामला

# बुजुर्ग भाई-बहन की अज्ञात बदमाशों ने की नृशंस हत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायगढ़

जिला मुख्यलय में सिटी कोतवाली से महज तीन सौ मीटर दूर पुरानी हटरी में रहने वाले बुजुर्ग भाई-बहन की अज्ञात लोगों के द्वारा हत्या कर फरार हो जाने का मामला सामने आया है। घटना की जानकारी के बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंचकर आरोपियों की तलाश में जुट गई है।

मिली जानकारी के मुताबिक सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले पुरानी हटरी में रहने वाले सीताराम जायसवाल 70 साल उसकी बहन अन्नपूर्णा जायसवाल 68 साल की दोपहर को उनके ही घर में खून से लथपथ लाश मिलने से पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई। बताया जा रहा है कि बीती रात डेढ़ से दो बजे के आसपास अज्ञात आरोपियों ने सीताराम के सिर पर ट्यूबलाईट और पत्थर मारकर तो अन्नपूर्णा के गले में गमछा लपेटकर उसकी हत्या कर शव को काफी दूर तक घसीटा है।

### आरोपियों की तलाश में जुटी पुलिस



शहर के बीच सिटी कोतवाली थाना से लगभग तीन से चार सौ मीटर में बीती रात बुजुर्ग भाई बहन की जघन्य हत्या के बाद घटना स्थल पर पहुंची सिटी कोतवाली पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाल रही ताकि जल्द से जल्द आरोपियों तक पहुंचा जा सके। जिला मुख्यालय में दोहरे हत्याकांड की जानकारी के बाद घटना स्थल पर पहुंची डॉग स्वायड की टीम सांई मंदिर, श्याम टाकीज होते हुए रेलवे स्टेशन के प्लेट फार्म नंबर 2 में पहुंची जिसके बाद आशंका जताया जा रहा है कि आरोपियों ने देर रात 2 बजे हत्या की वारदात को अंजाम देने के बाद रेल मार्ग के जरिये फरार हुए होंगे। बताया जा रहा है कि सीताराम जायसवाल का अपनी पत्नी से काफी समय से पहले ही तलाक हो चुका है जिसके बाद वह अपनी बहन के साथ पुरानी हटरी स्थित अपने मकान में रहता था और बीच-बीच में सीताराम का बेटा उससे मिलने आते रहता था। ऐसे में आशंका जताई जा रही है कि आरोपियों ने जमीन विवाद के चलते इस घटना को अंजाम दिया होगा।

### रिश्तेदारों ने दरवाजा खटखटाया तो नहीं खोला गेट

*मृतक के रिश्तेदार करण जायसवाल ने बताया कि सुबह उसके बड़े पापा मौके पर पहुंचे और उनके द्वारा दरवाजा खटखटाने के बावजूद गेट नही खुलने पर उनके द्वारा सीढ़ी से चढ़कर अंदर जाने को कहा गया। जिसके बाद वह अंदर पहुंचा तो देखा कि दोनों का शव खून से लथपथ हालत में पड़ा हुआ था। जिसके बाद वह थाना पहुंचकर पुलिस को पूरे मामले की जानकारी दी।*

## बीजेपी का जिला मुख्यालय शुभारंभ के लिए अब सज-धजकर तैयार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बलरामपुर रामनुजगंज

जिला मुख्यालय में नया बस स्टैंड के समीप भारतीय जनता पार्टी के नवनिर्मित कार्यालय का उद्घाटन मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जमवाल, प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय, कृषि मंत्री राम विचार नेताम सहित अन्य संगठन के पदाधिकारियों की मौजूदगी में किया जाएगा। इसके लिए तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। वहीं भाजपा कार्यालय के नवनिर्मित भवन को भव्य रूप से सजाया गया है। गौरतलब है कि बलरामपुर रामानुजगंज जिले के गठन हुए एक दशक से अधिक समय बीत गया है लंबे समय से जिला भाजपा कार्यालय की जरूरत महसूस की जा रही थी। करीब डेढ़ वर्ष पूर्व भाजपा कार्यालय बनने के लिए भूमि पूजन का कार्य प्रारंभ किया गया था एक वर्ष में भाजपा कार्यालय को बनाने का कार्य पूर्ण कर लिया गया।


हरियाणा सरकार | निविदा सूचना

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि / बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | पंचायती राज करनाल | कैमला – गांव कैमला, खण्ड घरौंडा, जिला करनाल, एचजीवीवाई योजना के तहत सामुदायिक केन्द्र का निर्माण + 3 कार्य। | 09.01.2025 29.01.2025 | 168.93 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9813805200 prexeeng.krl@hry.nic.in |
| 2 | पंचायती राज करनाल | गांव लटरोन खण्ड नीलोखेड़ी, जिला करनाल में अम्बेडकर भवन को पूरा करने के लिए आकलन। | 09.01.2025 18.01.2025 | 3.53 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9813805200 prexeeng.krl@hry.nic.in |
| 3 | पंचायती राज सोनीपत | गांव नूरा खेड़ा, ब्लॉक मुंडलाना में आयुर्वेदिक डिस्पसेंरी को पूरा करना। | बंद होने की तिथि 16.01.2025 | 05.41 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416391006 prexeeng.snp@gmail.com |
| 4 | पंचायती राज कुरुक्षेत्र | बीर सोंटी 3.75 रूप सिंह पुत्र दलीप सिंह के मकान से मनी सिंह / मेवा सिंह के मकान तक नाली और गली का निर्माण + 9 कार्य। | 09.01.2025 24.01.2025 | 61.95 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9896224357 prexeeng.krk@hry.nic.in |
| 5 | पंचायती राज कुरुक्षेत्र | मुंडा खेड़ा 29.27 गांव मुंडा खेड़ा की कश्यप चौपाल में हॉल रूम का निर्माण। | 10.01.2025 25.01.2025 | 22.68 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9896224357 prexeeng.krk@hry.nic.in |
| 6 | पंचायती राज सिरसा | संत नगर (अमृतसर खू) डी प्लान (2024-25) – ब्लॉक ऐलनाबाद में बाजीगर चौपाल का निर्माण + 8 कार्य। | 11.01.2025 16.01.2025 | 72.83 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1666247479 prexeeng.srs@hry.nic.in |
| 7 | पंचायती राज सिरसा | खारिया – गांव खारिया ब्लॉक रानियं, जिला सिरसा (डी प्लान सामान्य) में स्टेडियम में पीने के पानी हेतु स्ट्रीट लाइट की स्थापना और प्रावधान + 1 कार्य। | 11.01.2025 16.01.2025 | 17.26 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1666247479 prexeeng.srs@hry.nic.in |
| 8 | पंचायती राज भिवानी | गांव सोहनसरा ब्लॉक लोहारु एचआरडीएफ योजना में राजेन्द्र धानक से राजेश जाट तक रास्ता का निर्माण + 6 कार्य। | 11.01.2025 16.01.2025 | 138.89 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1664243927 prexeeng.bhw@hry.nic.in |
| 9 | पंचायती राज बोंद कलां, चरखी दादरी | गांव सांझरवास ब्लॉक बोंदकलां में अम्बेडकर भवन को पूरा करना + 2 कार्य। | 10.01.2025 17.01.2025 | 20.69 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416927275 xenprcharkhidadri@gmail.com |
| 10 | जिला परिषद फतेहाबाद | गांव दीवाना ब्लॉक जाखल, जिला फतेहाबाद (जैडपीएफ) उप चिकित्सा केन्द्र का निर्माण + 2 कार्य। | 10.01.2025 16.01.2025 | 132.08 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416728389 zpftb@hry.nic.in |
| 11 | जिला परिषद फतेहाबाद | अहलीसदर – गांव अहलीसदर ब्लॉक / जिला फतेहाबाद (जिला परिषद) में एस.एच.सी. (स्वास्थ्य कल्याण केन्द्र) का निर्माण। | 10.01.2025 16.01.2025 | 54.90 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416728389 zpftb@hry.nic.in |
| 12 | लोनिवि भ व प गुरुग्राम | नारनौल, जिला महेन्द्रगढ़ में पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस के अतिरिक्त ब्लॉक के लैंडस्कैपिंग कार्य का विकास। | 10.01.2025 20.01.2025 | 12.44 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9717214202 zilesinghhort@gmail.com |
| 13 | स्वास्थ्य विभाग हरियाणा सिरसा | जिला सिरसा, स्वास्थ्य विभाग हरियाणा के सभी प्रिंटिंग / फ्लैक्स / वॉल पेंटिंग / पेंटिंग सामग्री हेतु ई-निविदा। | 09.01.2025 16.01.2025 | ईएमडी 2 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416255807 cposirsa@gmail.com |
| 14 | कल्पना चावला राजकीय महाविद्यालय करनाल | केसीजीएमसी करनाल में अस्पताल के इंडोर मरीजों के लिए रसोई और डाइट्री सेवाओं हेतु ई-निविदा के सम्बन्ध में। | 16.01.2025 27.01.2025 | ईएमडी 480000/- | https://etenders.hry.nic.in | 9416484103 director.kcghc-hry@gov.in |
| 15 | लोनिवि भ व प करनाल | लघु सचिवालय, जिला कैथल के डीसी ब्लॉक में पुराने 250 केवीए डीसी सैट को 400 केवीए डीसी सैट से बदलना। | 13.01.2025 20.01.2025 | 35.66 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1842265696 pwd-eeed-karnal@hry.nic.in |
| 16 | पंचायती राज रोहतक | काहनी में 7.5 (डी प्लान) प्रजापति चौपाल को पूरा करना। | 11.01.2025 16.01.2025 | 8.39 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9215555586 SDOPRROHTAK134@GMAIL.COM |
| 17 | पंचायती राज पंचकूला | खोई – गांव खोई, ब्लॉक पिंजौर, पंचकूला में महिला संस्कृति केन्द्र के पुराने भवन की स्थापना + 2 कार्य। | 10.01.2025 16.01.2025 | 24.11 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9467628236 prexeeng.pkl@hry.nic.in |
| 18 | स्वास्थ्य विभाग हरियाणा पंचकूला | पेशेंट प्रोवाइडर सपोर्ट एजेंसी। | 14.01.2025 28.01.2025 | ईएमडी 1 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9417931024 dtohrpkl@rntcp.org |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.etenders.hry.nic.in
पीआरडीएच-11/2025/360/31702/I/88/7 दि. 13.01.25

## चिंतन

# सोनमर्ग टनल बुनियादी ढांचे में नया अध्याय

राष्ट्र के सर्वांगीण विकास के लिए मजबूत बुनियादी ढांचा जरूरी है। यूं तो भारत अपने आजादी के समय से बुनियादा ढांचे को सतत मजबूत करने के लिए निवेश करता रहा है, जिसके चलते देश में बड़ा रेल व सड़क नेटवर्क है, लेकिन केंद्र में पीएम नरेंद्र मोदी की सरकार के वर्ष 2014 में आने के बाद से अब तक अछूते क्षेत्रों में आधारभूत ढांचे के विकास पर अधिक ध्यान दिया गया है। पूर्वोतर, सीमाई और जम्मू-कश्मीर के दुर्गम क्षेत्रों में सड़क और एयरपोर्ट के निर्माण पर जोर दिया गया है। कश्मीर को सोनमर्ग से जोड़ने वाली 6.4 किलोमीटर लंबी रणनीतिक सुरंग (जेड मोड टनल) का उद्घाटन सड़क ढांचे के विकास में एक और कदम है। राहुल गांधी ने वर्ष 2012 में इस टनल की आधारशिला रखी थी। करीब 12 किलोमीटर लंबी इस परियोजना का निर्माण 2,700 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से किया गया है। इसमें 6.4 किलोमीटर लंबी सोनमर्ग मुख्य सुरंग, एक निकास सुरंग और पहुंच मार्ग शामिल हैं। समुद्र तल से 8,650 फीट की ऊंचाई पर स्थित यह पुल लेह के रास्ते श्रीनगर और सोनमर्ग के बीच सभी मौसम में संपर्क बढ़ाएगा। यह लद्दाख क्षेत्र में सुरक्षित और निर्बाध पहुंच सुनिश्चित करेगा। 6,800 करोड़ रुपये की लागत वाली जोजिला सुरंग के पूरा हो जाने के बाद श्रीनगर-लेह मार्ग सभी मौसमों के लिए उपयुक्त हो जाएगा। जोजिला सुरंग के 2028 तक पूरा होने की उम्मीद है। कश्मीर घाटी को रेल मार्ग से भी जोड़ा जाएगा। जम्मू-कश्मीर में सबसे ऊंचा रेलवे पुल और अटल टनल ने यातायात को सुगम बनाया है। पूर्वोत्तर में असम, मेघालय, अरुणाचल प्रदेश, सिक्किम आदि पहाड़ी व पर्वतीय राज्यों में सड़क, नदीपुल और एयरपोर्ट नेटवर्क को मजबूत किया गया है। सबसे लंबा सड़क पुल भी पूर्वोत्तर में ही बनाया गया है। आज दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा सड़क नेटवर्क भारत में है। देश में विशाल रेल नेटवर्क है। रेल नेटवर्क का 94 फीसदी हिस्सा विद्युतीकृत हो चुका है। 100 हाई-स्पीड वंदे भारत ट्रेनें चल रही हैं और 1,318 रेलवे स्टेशनों का आधुनिकीकरण किया गया है। कई नए पोर्ट बने हैं। आज भारतीय बंदरगाहों का टर्न अराउंड टाइम 0.9 दिन है, जो अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, और सिंगापुर से बेहतर है। राष्ट्रीय राजमार्ग के अलावा शहरी बुनियादी ढांचे को भी मजबूत किया जा रहा है, हालांकि अभी देश के शहरों में पेयजल, स्वच्छता, पर्यावरण विनियमन, सीवेज प्रणाली, क्वालिटी शैक्षिक नेटवर्क, प्राथमिक स्वास्थ्य सेवा और बिजली आपूर्ति आदि के मामले में काफी कमियां हैं। बुनियादी ढांचे के लिए बजट 2023-24 में 10 लाख करोड़ रुपये (जीडीपी का 3.3%) आवंटित किया गया, जो 2019 से तीन गुना अधिक है। रेल मंत्रालय को अब तक का सर्वाधिक 2.4 लाख करोड़ रुपये का आवंटन किया गया, जो 2013-14 के आवंटन से लगभग नौ गुना अधिक है। सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय का बजट 36 प्रतिशत बढ़कर लगभग 2.7 लाख करोड़ रुपये किया गया। ये आंकड़े भारत सरकार के बुनियादी ढांचे के विकास के प्रति मजबूत इरादे को दर्शाते हैं। बुनियादी ढांचे के तेज विकास में भूमि अधिग्रहण, वित्तपोषण, उच्च प्रौद्योगिकी आदि की चुनौतियां हैं, इसके बावजूद विकसित राष्ट्र के लिए विश्व स्तर के हाईवे, एयरपोर्ट, सी-वे, पोर्ट, डिजिटल इन्फ्रास्ट्रक्चर (आई-वे) और ग्रीन एनर्जी नेटवर्क जरूरी हैं। पीएम गति शक्ति योजना व भारतमाला योजना बुनियादी ढांचे के विकास में अहम भूमिका निभा रही हैं। अभी भी ग्रामीण और पिछड़े इलाके के बुनियादी ढांचे के विकास पर ध्यान दिए जाने की जरूरत है।



महाकुंभ
अवधेश कुमार

# ऐसा अद्भुत आयोजन संकल्प से ही संभव

क्या स्वतंत्र भारत में पूर्व की सरकारों ने ऐसे अनूठे उत्सव को उसके मूल संस्कारों और चरित्र के अनुरूप भव्यता प्रदान करने, संपूर्णता तक पहुंचाने, भारत के आध्यात्मिक अनुकरणीय शक्ति को प्रदर्शित करने के लिए इस तरह केंद्रित उद्यम किए थे? इसका ईमानदार उत्तर है, बिल्कुल नहीं। कहने का तात्पर्य यह नहीं कि पूर्व सरकारों ने कुंभ के लिए कुछ किया ही नहीं। करोड़ों व्यक्ति और संत संन्यासी दो महीने के लिए वहां उपस्थित हों तो सरकारों के लिए उसकी व्यवस्था और अपरिहार्य हो जाती है। सच यह है कि जिस तरह केंद्र और प्रदेश सरकार ने कुंभ को स्थिति के साथ तादात्म्य बिठाते हुए कार्य किया वैसा पहले कभी नहीं हुआ।

प्रयागराज त्रिवेणी संगम से आ रहे दृश्य अद्भुत हैं। संपूर्ण पृथ्वी पर भारत ही एकमात्र देश है जहां ऐसे अद्भुत आयोजन संभव हैं। केवल भारत नहीं, संपूर्ण विश्व समुदाय के लिए यह न भूतो वाली स्थिति है। न भविष्यति इसलिए नहीं कह सकते कि एक बार जब देश और नेतृत्व अपनी प्रकृति को पहचान कर आयोजन करता है तो वह एक मानक बन जाता है और आगे ऐसे आयोजनों को और श्रेष्ठ करने की प्रवृत्ति स्थापित होती है। यह मानना होगा कि 144 वर्ष बाद पौष पूर्णिमा पर बुधआदित्य योग जिसे, महायोग युक्त कह रहे हैं, उस महाकुंभ का श्रीगणेश उसकी आध्यात्मिक दिव्यता के अनुरूप करने की संपूर्ण कोशिश केंद्र की मोदी सरकार और प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार ने किया है। भारत में दुर्भाग्यवश, राजनीतिक विभाजन इतना तीखा है कि ऐसे महान अवसरों पर भी नकारात्मक वातावरण बनाया जा रहा है। होना यह चाहिए था कि राजनीतिक मतभेद रहते हुए भी संपूर्ण भारत और विशेष कर उत्तर प्रदेश के राजनीतिक दल ऐसे शुभ आयोजन पर साथ खड़े होते। हमारे देश का संस्कार इतना महान है कि नेताओं के वक्तव्यों की अनदेखी करते हुए करोड़ों लोग साधु-संतों के द्वारा दिखाए रास्ते का अनुसरण करते हुए जाति, पंथ, क्षेत्र, भाषा, राजनीति सबका भेद भूलकर संगम में डुबकी लगाते, आवश्यक अपरिहार्य कर्मकांड करते आकर्षक दृश्य उत्पन्न कर रहे हैं, अन्यथा समाजवादी पार्टी और उनके नेता जिस तरह के वक्तव्य दे रहे हैं उनसे केवल वातावरण विषाक्त होता।

थोड़ी देर के लिए दलीय राजनीति की सीमाओं से बाहर निकलकर विचार करिए। क्या स्वतंत्र भारत में पूर्व की सरकारों ने ऐसे अनूठे उत्सव को उसके मूल संस्कारों और चरित्र के अनुरूप भव्यता प्रदान करने, संपूर्णता तक पहुंचाने, भारत के आध्यात्मिक अनुकरणीय शक्ति को प्रदर्शित करने के लिए इस तरह केंद्रित उद्यम किए थे? इसका ईमानदार उत्तर है, बिल्कुल नहीं। कहने का तात्पर्य यह नहीं कि पूर्व सरकारों ने कुंभ के लिए कुछ किया ही नहीं। लाखों करोड़ों व्यक्ति और संपूर्ण भारत के सारे संत -संन्यासी, साधु, महंत आचार्य दो महीने के लिए वहां उपस्थित हों तो सरकारों के लिए उसकी व्यवस्था और अपरिहार्य हो जाती है। सच यह है कि जिस तरह केंद्र और प्रदेश की योगी सरकार ने कुंभ को उसकी मौलिकता के अनुरूप वर्तमान देश, काल, स्थिति के साथ तादात्म्य बिठाते हुए कार्य किया वैसा पहले कभी नहीं हुआ। प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ संन्यासी हैं और उन्हें इसका ज्ञान है। उनके मंत्रिमंडल में भी ऐसे साथी हैं जो इन विषयों को काफी हद तक समझते हैं, जिनकी निष्ठा है। निष्ठा हो और संकल्प नहीं हो तो ज्ञान होते हुए भी साकार नहीं हो सकता। आप योगी आदित्यनाथ के समर्थक हों या विरोधी इन विषयों पर उनकी समझ, निष्ठा व संकल्पबद्धता को किसी दृष्टि से नकार नहीं सकते। जब इस तरह की टीम होती है तभी महाकुंभ, अयोध्या या काशी विश्वनाथ अपनी मौलिकता के साथ संपूर्ण रूप से प्रकट होता है। केंद्र का पूरा मार्गदर्शन और उसके अनुरूप सहायता हो तो समस्याएं नहीं आती। 2017 में प्रदेश में योगी आदित्यनाथ की सरकार आने के बाद प्रयागराज में




ही 2019 में अर्धकुंभ आयोजित हुआ था और वहां से नया स्वरूप सामने आना आरंभ हुआ। पहली बार लोगों ने केंद्र व प्रदेश का संकल्प देखा तथा केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने पानी को अधिकतम संभव शुद्ध और स्वच्छ बनाने के लिए मिलकर दिन रात एक किया। 2019 में पहली बार राज्य सरकार ने 2406.65 करोड़ व्यय किया जिसकी पहले कल्पना नहीं थी। इस बार सरकार की ओर से 5496.48 करोड़ रुपये व्यय अभी तक हुआ और केंद्र ने भी इसमें 2100 करोड़ रुपये का अतिरिक्त सहयोग दिया है। कुंभ के आयोजन के साथ गंगा और यमुना दोनों में शून्य डिस्चार्ज सुनिश्चित करने की कोशिश हुई है। सभी 81 नालों का स्थायी निस्तारण सुनिश्चित करने की तैयारी की गई। यह तो नहीं कह सकते कि गंगा, यमुना और त्रिवेणी संगम का जल शत-प्रतिशत शुद्ध और स्वच्छ हो गया, किंतु अधिकतम कोशिश कर हरसंभव परिणाम तक ले जाने के परिश्रम से हम इन्कार नहीं कर सकते। कुंभ को हरित कुंभ बनाने की दृष्टि से पहली बार मोटा-मोटी 3 लाख के आसपास पौधों के रोपण का आंकड़ा है। पहले भी वृक्षारोपण होते थे, किंतु संख्या अत्यंत कम होती थी। ऐसे आयोजनों में स्वच्छता के अभाव में लोगों में अनेक स्वास्थ्य समस्याएं भी पैदा होती हैं। केवल रिकॉर्ड संख्या में डेढ़ लाख शौचालय बनाए गए, बल्कि 10 हजार से अधिक सफाई कर्मचारियों की तैनाती की गई। शुद्ध पेयजल आपूर्ति के लिए लगभग 1230 किलोमीटर पाइपलाइन, 200 वाटर एटीएम तथा 85 नलकूप अधिष्ठान की व्यवस्था है। हालांकि हिंदुओं और सनातनियों के अंदर तीर्थयात्राओं में कष्ट सहने की मानसिकता और संस्कार है। हमारा चरित्र ऐसा है जहां जो कुछ व्यवस्थाएं उपलब्ध हैं उसी में अपना कर्मकांडीय दायित्व पूरी करते हैं, किंतु सरकार व्यवस्था करे तो सब कुछ आसान होता है। सबसे बड़ी बात कि अखाड़ों, आश्रमों आदि की परंपराओं के अनुरूप व्यवस्था करना ताकि कर्मकांड संपूर्ण नियमों के साथ ही सुनिश्चित हो, मुख्य शाही स्नान ठीक मूहूर्त पर शास्त्रीय विधियो से संपन्न हों इसकी व्यवस्था तो पूर्व सरकारों में संभव ही नहीं थी। आप राजनीतिक रूप से आलोचना करिए किंतु सत्य है कि हमारे राजनीतिक नेतृत्व और नौकरशाही ने कभी ऐसे अवसरों को इस तरह जन-जन तक मीडिया के माध्यम से पहुंचाने और लोगों के अंदर आने की भावना पैदा करने की दृष्टि से विचार ही नहीं किया। टीवी चैनलों पर विहंगम दृश्य देखकर आम लोगों की प्रतिक्रियाएं हैं कि एक बार अवश्य जाकर वहां डुबकी लगानी चाहिए। अयोध्या में पिछले वर्ष श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा में हमने प्रदेश सरकार की पहली बार ऐसी व्यवस्था देखी और अब महाकुंभ में उसका विस्तार है।

धीरे-धीरे अब परंपरागत आर्थिक विशेषज्ञ भी मानने लगे हैं कि भारत अगर विश्व की आर्थिक और आदर्श महाशक्ति बनेगा तो अध्यात्म-संस्कृत की क्षमता का उसमें सर्वाधिक योगदान होगा। मोटा-मोटी निष्कर्ष यह है कि लगभग 40 करोड़ लोग 45 दिनों में आते हैं तो दो से चार लाख तक का कारोबार हो सकता है। आयोजन के निर्माण में तैयार आधारभूत व्यवस्थाएं भविष्य में भी ऐसे स्थानों पर तीर्थ यात्रियों और आधुनिक संदर्भ में पर्यटकों को सतत आकर्षित करने का ठोस आधार बना रहेगा। कितने लोगों को रोजगार, आर्थिक समृद्धि, परिवारों में खुशहाली प्राप्त होगी इसकी कल्पना करिए। दुर्भाग्य से गुलामी के काल में अपनी ही महान आध्यात्मिक शक्ति, संस्कृति, कर्मकांड आदि को पिछड़ापन कहकर हमें उससे दूर किया गया। सच यह है कि ऐसे आयोजन जन कल्याण और संपूर्ण ब्रह्मांड के अंदर स्वाभाविक शांति की अमूर्त अंतःशक्ति पैदा करते हैं। साधु-संतों, अखाड़ों का स्नान, यज्ञ, अनुष्ठान विश्व कल्याण पर केंद्रित होता है। एक साथ हजारों की संख्या में यज्ञ अनुष्ठान से बना माहौल, मंत्रों की ध्वनि संगीत, जयकारे सब सूक्ष्म रूप से पूरे वातावरण में कैसी दिव्यता उत्पन्न करेंगे इसकी कल्पना करिए।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## सारा संसार



कोलुक्कुमालाई तमिलनाडु के थेनी जिले में स्थित का एक छोटा सा गाँव है। कोलुक्कुमलाई दुनिया में सबसे ऊंचे चाय बागानों के लिए प्रसिद्ध एक छोटा सा गांव है, जो चाय को एक विशिष्ट स्वाद देता है। प्रसिद्ध चाय कारखानों में से एक जहां वे पारंपरिक तरीके से चाय को संसाधित करते हैं।

मकर संक्रांति
श्वेता गोयल



# प्रकाश, पुण्य और नवजीवन का उत्सव

सूर्य उपासना का पर्व मकर संक्रांति प्रतिवर्ष 14 अथवा 15 जनवरी को पूरे उल्लास के साथ भारत सहित कई अन्य देशों में मनाया जाता है। इस वर्ष यह पर्व 14 जनवरी को मनाया जा रहा है। मकर संक्रांति के दिन से ही वसंत ऋतु की शुरूआत होती है। यह पर्व सम्पूर्ण भारत में फसलों के आगमन की खुशी के रूप में भी मनाया जाता है। मान्यता है कि इसी दिन सूर्य अपने पुत्र शनिदेव से नाराजगी भुलाकर उनके घर गए थे। कहा जाता है कि महाराज भगीरथ ने अपने पूर्वजों के लिए मकर संक्रांति के ही दिन तर्पण किया था। मकर संक्रांति के दिन सूर्य की कक्षा में होने वाले परिवर्तन यानी सूर्य के दक्षिणायन से उत्तरायण में आने को अंधकार से प्रकाश की ओर परिवर्तन माना जाता है। सूर्य प्रायः 14 या 15 जनवरी को ही मकर राशि में प्रवेश करता है, इसीलिए उसी दिन मनाए जाने वाले पर्व को 'मकर संक्रांति' कहा जाता है। यह हिंदू पर्व भारत के अलग-अलग राज्यों में भी अलग-अलग तरीकों और नामों से मनाया जाता है। उत्तर भारत में इसे खिचड़ी पर्व, पतंगोत्सव इत्यादि नामों से जाना जाता है जबकि मध्य भारत में इसे 'संक्रांति' कहा जाता है। दक्षिण भारत में यह त्योहार 'पोंगल' उत्सव के रूप में मनाया जाता है। मकर संक्रांति को उत्तरायण, माघी, खिचड़ी, पौष संक्रांति, भोगाली बिहू, शिशुर सेंक्रांत आदि नामों से भी जाना जाता है। नेपाल में इसे माघे संक्रांति या माघी संक्रांति व खिचड़ी संक्रांति, श्रीलंका में पोंगल या उझवर तिरूनल, बांग्लादेश में पौष संक्रांति, थाईलैंड में सोंगकरन, म्यांमार में थिंयान, कम्बोडिया में मोहा संगक्रान तथा लाओस में पिमा लाओ नाम से मनाया जाता है। कहा जाता है कि मकर संक्रांति से ही दिन तिल-तिल करके बढ़ता है अर्थात इस दिन से दिन की अवधि रात के समय से अधिक होने लगती है यानी दिन लंबे होने लगते हैं, जिससे खेतों में बोए हुए बीजों को अधिक रोशनी, अधिक ऊष्मा और अधिक ऊर्जा मिलती है, जिसका परिणाम अच्छी फसल के रूप में सामने आता है, इसलिए इस अवसर का खासतौर से किसानों के लिए तो बड़ा महत्व है। मकर संक्रांति में 'मकर' शब्द जहां मकर राशि को इंगित करता है, वहीं 'संक्रांति' शब्द का अर्थ है संक्रमण अर्थात प्रवेश करना। मकर संक्रांति के दिन सूर्य धनु राशि से मकर राशि में प्रवेश करता है। एक राशि को छोड़कर दूसरी राशि में प्रवेश करने की इस विस्थापन क्रिया को ही संक्रांति कहा जाता है। हिन्दू शास्त्रों में मकर संक्रांति को पुण्यदायी पर्व माना गया है। इस दिन श्राद्धकर्म तथा तीर्थ स्नान करना फलदायी माना गया है। इस दिन लाखों श्रद्धालु विभिन्न तीर्थ स्थलों पर पवित्र स्नान करते हैं और तिल से बने पदार्थों का दान करते हैं। गंगासागर पर तो इस अवसर पर तीर्थस्नान के लिए लाखों लोगों का हुजूम उमड़ पड़ता है, जो इस पर्व की महत्ता को परिलक्षित करता है। मान्यता है कि इस दिन देशभर के किसी भी पवित्र तीर्थ, संगम स्थल या गंगा अथवा यमुना के तट पर स्नान करने से आध्यात्मिक, शारीरिक एवं मनोवैज्ञानिक ऊर्जा मिलती है।आज के समय में मकर संक्रांति का उत्सव न केवल धार्मिक और सांस्कृतिक दृष्टि से मनाया जा रहा है, बल्कि इसे एक सामाजिक उत्सव के रूप में भी देखा जा रहा है। विभिन्न प्रकार के सामूहिक आयोजन, फसल उत्सव, सामूहिक भोज और पारंपरिक खेलों का आयोजन इसके आकर्षण को और बढ़ाता है। मकर संक्रांति न केवल एक पर्व है बल्कि यह भारतीय संस्कृति, परंपरा, धर्म और विज्ञान का अनूठा संगम है। इस पर्व में निहित वैज्ञानिक, खगोलीय और धार्मिक महत्व इसे अलग पहचान दिलाता है। यह पर्व हमें अंधकार से प्रकाश की ओर बढ़ने और जीवन में सकारात्मकता लाने की प्रेरणा देता है।

((लेखिका शिक्षिका हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# ईश्वर को जानने से पहले उसे प्रेम करें



संकलित
दर्शन

हम सभी की यह स्वाभाविक इच्छा होती है कि हम ईश्वर को जानें। इसके लिए हम तमाम प्रयत्न भी करते हैं। ध्यान-तपस्या से लेकर योग साधना तक, जो भी हमारे सामर्थ्य में होता है। लेकिन इन सबमें हम एक अहम बात भूल जाते हैं कि हमें ईश्वर को जानने से पहले उसे प्रेम करना आना चाहिए। ईश्वर की उपस्थिति का अभ्यास करें। एक छोटी-सी प्रार्थना करके अथवा थोड़ा-सा प्रकाश देखकर संतुष्ट होकर सोने के लिए न चले जाएं। निद्रा नशे में जाने की दवाई है। यदि आप भली प्रकार से इच्छाओं को नियंत्रित कर सकें; और यदि आप पूर्णरूप से सभी इंद्रियों को नियंत्रित कर सकें; और यदि आप अपनी आत्मा की पूर्ण शक्ति से ईश्वर को खोजें, तब वह आपके समक्ष प्रकट हो जाएंगे। यद्यपि आप उच्च सदाचारी हों और एक आध्यात्मिक व्यक्ति हों, तो भी ईश्वर के बोध के बिना आपके पास कुछ नहीं है। इसलिए स्वयं को धोखा न दें। अधिक ध्यान करें- अनवरत रूप से और ईमानदारी से। ईश्वर से कहें, 'मैं अपनी कमजोरियों को जानता हूं। लेकिन प्रभु वे सब आपकी हैं, क्योंकि आपने ही मुझे बनाया है। आपके सान्निध्य में रहने के अतिरिक्त मेरी और कोई इच्छा नहीं है, क्योंकि आप ही इस संसार रूपी चलचित्र को दिखा रहे हैं। आप इसके सुखांत और दुखांत दोनों पहलुओं से मुक्त हैं। इसलिए मैं भी मुक्त हूं, क्योंकि मैं आपका बच्चा हूं।' स्वयं को पापी न कहें; और न स्वयं को धर्मात्मा कहकर गर्व करें। अपितु, कहें कि ईश्वर आपके साथ हैं, और केवल वे ही, न कि कोई और! आपके द्वारा कार्य कर रहे हैं।

# अपने लक्ष्य की ओर बढ़ते रहें



संकलित
प्रेरणा

एक लोक कथा के अनुसार पुराने समय में एक संत अपने शिष्य के साथ एक गांव में रुके। कुछ ही दिनों संत की ख्याति आसपास के क्षेत्र में फैल गई। अब उनके प्रवचन सुनने और दर्शन करने के लिए दूर-दूर से लोग आने लगे। ये देखकर उसी गांव का एक अन्य पंडित परेशान हो गया। उसे लगने लगा कि इस संत की वजह से मेरे भक्त कम हो जाएंगे। मेरा जीवन यापन कैसे होगा? पंडित ने संत का दुष्प्रचार करना शुरू कर दिया। वह लोगों के सामने उस संत की बुराई करता था। एक दिन संत के शिष्य को ये सारी बातें मालूम हुईं तो उसे बहुत गुस्सा आया। वह तुरंत ही अपने गुरु के पास पहुंचा और पूरी बात बताई। संत ने शिष्य की बातें सुनी और कहा कि उसे छोड़ो। अगर मैं उस पंडित से वाद-विवाद करूंगा तो इससे ये सब बातें फैलना बंद नहीं होंगी। इसीलिए उसकी बातें पर ध्यान नहीं देना चाहिए। संत ने देखा कि शिष्य का क्रोध शांत नहीं हुआ है। तब उन्होंने कहा कि जब जंगल का हाथी गांव में आता है तो उसे देखकर सभी कुत्ते भौंकने लगते हैं, लेकिन हाथी पर इसका कोई असर नहीं होता है। हाथी अपनी मस्त चाल चलते रहता है। कुत्ते भौंकते हुए थक जाते हैं और वापस अपने इलाके की ओर भाग जाते हैं। हमें भी अपनी बुराई करने वालों के साथ इसी तरह पेश आना चाहिए। हमें सिर्फ अपना काम ईमानदारी से करना चाहिए और सत्य के मार्ग पर आगे बढ़ते रहना चाहिए। हमारे अच्छे काम ही ऐसे लोगों का मुंह बंद कर सकते हैं।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### दमघोंटू हवा के लिए जिम्मेदार कौन?

हमारा देश जो सारी दुनिया में प्रकृति प्रधान और शस्य श्यामला वसुंधरा के सौंदर्य से प्रसिद्ध है, उसकी छवि को हमने अपने स्वार्थ के लिए प्रदूषण बढ़ाकर खराब करने का काम किया है। माना कि सरकारों की गलत नीतियां प्रदूषण के लिए जिम्मेदार हैं, लेकिन क्या हम खुद प्रदूषण से होने वाले नुकसान को ध्यान में रखते हुए इसकी रोकथाम के लिए कुछ प्रयास नहीं कर सकते? अगर हमने स्वार्थी होकर पर्यावरण को संभालने के लिए अभी भी गंभीरता नहीं दिखाई और हवा में प्रदूषण फैलाने वाले गलत कामों पर पाबंदी नहीं लगाई तो वो दिन दूर नहीं है जब हमारा सांस लेना मुश्किल ही नहीं, बल्कि नामुमकिन हो जाएगा। कुदरत ने तो हमें साफ-सुथरी हवा सांस लेने के लिए दी थी, लेकिन हमने अपने स्वार्थ के लिए इसमें जहर घोलकर इसे दमघोंटू बना लिया है। इस पर रोक लगनी चाहिए। *जगनू राम साहू, रायपुर*

## करंट अफेयर

# समान अवसर सुनिश्चित करने आचार संहिता महत्वपूर्ण




देश में एक साथ चुनाव कराने के लिए सरकार द्वारा दिया गया एक प्रमुख कारण यह है कि बार-बार आचार संहिता लागू होने से विकास कार्य और सामान्य जन-जीवन बाधित होता है, लेकिन निर्वाचन आयोग ने कहा है कि यह एक "महत्वपूर्ण साधन" है जिसका उद्देश्य चुनावों में समान अवसर प्रदान करना है। 'एक देश, एक चुनाव' को लागू करने के लिए सरकार द्वारा लाए गए विधेयकों के अनुसार, विभिन्न कारणों से एक साथ चुनाव कराने की आवश्यकता है, जिसमें चुनावों का महंगा होना और समय लगना भी शामिल है। 'एक देश, एक चुनाव' को लागू करने के लिए संविधान संशोधन विधेयक में कहा गया है कि देश के चुनावी राज्यों में आदर्श आचार संहिता लागू होने से समूचे विकास कार्यक्रम रुक जाते हैं और सामान्य जन जीवन में व्यवधान उत्पन्न होता है। इसमें कहा गया है कि बार-बार चुनाव आचार संहिता लागू होने से सेवाओं का कामकाज प्रभावित होता है और कर्मचारियों को काफी समय तक उनके मूल काम से हटाकर चुनाव ड्यूटी में लगाना पड़ता है। चुनाव अधिकारियों का हालांकि मानना है कि "आदर्श आचार संहिता के अनुप्रयोग को व्यवधान के रूप में देखना सही नहीं होगा, क्योंकि यह एक महत्वपूर्ण साधन है जिसका उद्देश्य चुनाव प्रचार में शामिल सभी हितधारकों को समान अवसर प्रदान करना है।

## ऑफ बीट

# आईएस विफल होने के बावजूद अब भी आतंकवाद फैला रहा



नए साल के दिन तड़के तीन बजकर 15 मिनट पर टेक्सास निवासी एक अमेरिकी नागरिक और सेना के भूतपूर्व सैनिक शम्सुद्दीन जब्बार ने न्यू ओर्लियंस के बॉर्बन स्ट्रीट पर एक ट्रक को भीड़ में घुसा दिया, जिसमें 15 लोगों की मौत हो गई थी और कम से कम 35 अन्य घायल हो गए थे। संघीय जांच ब्यूरो ने इस हमले को 'आतंकवादी कृत्य' बताया था और कहा था कि जब्बार (42) आतंकवादी संगठन 'इस्लामिक स्टेट' (आईएस) से प्रभावित था। उसके वाहन के पीछे से समूह का कुख्यात काला झंडा बरामद किया गया था तथा उसने आईएस के प्रति अपने समर्थन की घोषणा करते हुए ऑनलाइन वीडियो पोस्ट किए थे। हम नहीं जानते कि जब्बार, जो पुलिस कार्रवाई में मारा गया था, वास्तव में आईएस का आतंकवादी था या नहीं। लेकिन उसके हमले का तरीका समूह की ओर से पहले किये गये हमलों जैसा ही था। वर्ष 2017 में लंदन के वेस्टमिंस्टर ब्रिज पर हुए हमले में नागरिकों को निशाना बनाने के लिए वाहनों का इस्तेमाल किया गया था, साथ ही 2016 में बर्लिन और फ्रांसीसी शहर नीस में भी हमले किये गये थे। आईएस ने 2014 में तब दुनिया का ध्यान आकर्षित किया था जब उसने इराक और सीरिया के बड़े हिस्से पर कब्जा कर लिया था।

## ट्रेंड

### आध्यात्मिक विरासत का प्रतीक



भारतीय मूल्यों और संस्कृति को महत्व देने के लिए एक बहुत ही खास दिन! आस्था, भक्ति और संस्कृति के संगम में अनगिनत लोगों को एक साथ लाते हुए, महाकुंभ प्रयागराज में शुरू हुआ। महाकुंभ भारत की शाश्वत आध्यात्मिक विरासत का प्रतीक है।
**-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### स्वास्थ्य का अहम स्तंभ



पूरी तरह से वित्त पोषित गावी वैश्विक स्वास्थ्य का महत्वपूर्ण स्तंभ है, जो टीकाकरण कवरेज की सुरक्षा करता है, स्वास्थ्य असमानताओं को कम करता है, बीमारी की घटनाओं व बाल मृत्यु दर रोकता है, खासकर कम आय वाले देशों में।
**-डॉ. टेड्रोस, डब्ल्यूएचओ महानिदेशक**

### डीएम को तुरंत हटाया जाए



नई दिल्ली विधानसभा में बीजेपी की धांधली साफ़ नज़र आ रही है। फ़र्ज़ी वोट बनवाने और पैसे, चादरें, चश्मे बांटने का यह खेल डीएम की मिलीभगत से चल रहा है। चुनाव आयोग से मिलकर मांग की है कि गड़बड़ी में शामिल डीएम को तुरंत हटाया जाए।
**-अरविन्द केजरीवाल, पूर्व सीएम दिल्ली**

### आधुनिक राजनीति का रूप



आधुनिक राजनीति: जब आप पाई का विस्तार नहीं कर सकते, तो फोकस इसे विभाजित करने पर केंद्रित हो जाता है। लेकिन जब पाई बढ़ती है, तो सभी के लिए और भी बहुत कुछ होता है। जो लोग पाई उगाते हैं वे हीरो हैं।
**-हर्ष गोयनका, उद्योगपति**

**अपने विचार**
**हरिभूमि कार्यालय**
टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

## हर-हर महादेव, जय श्री राम...' जयघोष करते हुए श्रद्धालुओं ने पुण्य स्नान किया, जीवन धन्य किया

# प्रयागराज में दिखा भक्ति, आस्था और परंपरा का संगम देश-विदेश के पहुंचे श्रद्धालुओं से दृश्य बन गया बिहंगम

एजेंसी ⏭ प्रयागराज

भव्य महाकुंभ आस्था, भक्ति और आध्यात्मिक एकता के जबरदस्त प्रदर्शन के साथ शुरू हुआ है। यहां देश और दुनिया भर से भक्तों का एक समूह न केवल जप, ध्यान और आध्यात्मिक तृप्ति के लिए एकत्र हुआ, बल्कि महाकुंभ की बेजोड़ सांस्कृतिक विरासत का अनुभव करने के लिए भी एकत्र हुआ। पवित्र नगरी प्रयागराज में संगम नोज समेत स्थायी और अस्थायी घाटों पर भारी भीड़ है। सभी प्रमुख घाटों पर डुबकी लगाते समय श्रद्धालु हर-हर महादेव, जय श्री राम और जय बजरंग बली के जयकारे लगाते नजर आए। बिहार, हरियाणा, बंगाल, ओडिशा, दिल्ली, उत्तराखंड, पंजाब, हिमाचल प्रदेश, महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश समेत विभिन्न राज्यों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु आए। कई भक्तों को दिव्य वातावरण से अभिभूत, नम आंखों के साथ देखा गया। वहीं कई लोग प्रार्थना, अनुष्ठान और एकता की भावना में डूबे रहे। पौष पूर्णिमा पर अपने गहन आध्यात्मिक अनुशासन के लिए जाने जाने वाले कल्पवासियों ने 'मोक्षदायिनी' संगम में डुबकी लगाई। महाकुंभ की भव्यता ने न केवल भारतीय श्रद्धालुओं, बल्कि दुनिया भर से आए पर्यटकों को भी मंत्रमुग्ध कर दिया। संगम घाट पर अंतरराष्ट्रीय तीर्थयात्रियों और आध्यात्मिक साधकों का तांता उत्सव में शामिल हुआ।




*स्थायी और अस्थायी घाटों पर भारी भीड़*

**इस साल का समागम पहले से कहीं ज्यादा बड़ा दिखा**

### श्रद्धालु उत्तर प्रदेश सरकार की तैयारियों से संतुष्ट

पहले स्नान के अवसर पर ही पूरी दुनिया से महाकुंभ नगर स्थित मेला क्षेत्र में श्रद्धालुओं की अपार भीड़ देखने को मिली। ये श्रद्धालु उत्तर प्रदेश सरकार की तैयारियों से बेहद संतुष्ट दिखे और महाकुंभ पर्व को लेकर की गई सुव्यवस्थित व्यवस्था को देखकर मुक्त कंठ से सरकार की तारीफ करते दिखे। स्नान के दो दिन पूर्व ही लाखों की तादाद में श्रद्धालुओं ने स्नान किया और पहले दिन श्रद्धालुओं का अपार उत्साह-उमंग दर्शाता है।

### गृहस्थ श्रद्धालुओं में भी स्नान को लेकर अपार उत्साह देखने को मिला

साधारण गृहस्थ श्रद्धालुओं में भी स्नान को लेकर अपार उत्साह देखने को मिला। पहले ही दिन प्रयागराज व आसपास के इलाकों समेत बिहार, हरियाणा, बंगाल, ओडिशा, दिल्ली, उत्तराखंड, पंजाब, हिमाचल प्रदेश, महाराष्ट्र तथा मध्य प्रदेश की भारी भीड़ तीर्थराज में रही।

### कल्पवास के नियम शुरू

कल्पवासी महाकुंभ अवधि के दौरान ब्रह्मचर्य, साधारण जीवन और नियमित प्रार्थना के सख्त व्रत का पालन करते हैं। उन्होंने न केवल अपने व्यक्तिगत आध्यात्मिक उत्थान के लिए बल्कि मानवता के कल्याण के लिए भी प्रार्थना की। इस वर्ष, महादेव की पूजा के लिए शुभ दिन सोमवार को पड़ने वाले पौष पूर्णिमा के संयोग ने इस अवसर को आध्यात्मिक रूप से और भी महत्वपूर्ण बना दिया।

**विदेशी मेहमानों ने की भूरि-भूरि प्रशंसा**

### महाकुंभ में पहुंचे विदेशी श्रद्धालु भी गदगद, हम तो धन्य हो गए



दक्षिण कोरिया के कई यूट्यूबर इस दिव्य अनुभव को अपने कैमरों में कैद करते नजर आए, जबकि जापान के पर्यटकों ने स्थानीय गाइडों से इस आयोजन के सांस्कृतिक और आध्यात्मिक महत्व को समझने की कोशिश की। रूस-अमेरिका समेत यूरोप के विभिन्न देशों से आए श्रद्धालु आस्था और एकता के इस महापर्व के साक्षी बने और डुबकी भी स्पेन की क्रिस्टीना भी थीं। उन्होंने जीवन को धन्य बताया।

**यहां के लोगों का व्यवहार बहुत ही मित्रवत**
पौलेंड से आईं श्रद्धालु क्लाउडिया ने कहा यहां आकर मुझे अत्यधिक प्रसन्नता हो रही है। मैंने कभी भी ऐसा महसूस नहीं किया था। कभी नहीं सोचा था कि मुझे कभी जीवन में इस तरह का अनुभव मिलेगा। कल मैं भी स्नान करूंगी। यहां के लोग मुझे बहुत अच्छे लगे। सभी का व्यवहार बहुत ही मित्रवत है।

**स्नान करके हो रहा अद्भुत अनुभव :** ऑस्ट्रेलिया से आई श्रद्धालु मंजरिका ने बताया कि मैं भारत में पिछले 40 दिनों से हूं। जब मैं भारत में आई थी, तो मैंने सोच लिया था कि मैं किसी भी कीमत पर महाकुंभ मेले में जरूर शिरकत करूंगी, क्योंकि यह अपने आप में अद्भुत अनुभव था।

**यह मंत्रमुग्ध करने वाला वातावरण :** मेले में जापान से आए श्रद्धालु मसाजी ने भी अपने अनुभव साझा किए। उन्होंने बताया कि मैं दूसरी बार महाकुंभ मेले में आया हूं और मुझे यहां आकर अत्यधिक प्रसन्नता हो रही है, जिसे मैं शब्दों में बयां नहीं कर सकता हूं।

### महाकुंभ में सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद

उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने मीडिया से कहा कि बड़ी संख्या में लोग वहां पहुंच रहे हैं। मैं सभी श्रद्धालुओं का स्वागत करता हूं। उत्तर प्रदेश सरकार की तरफ से सभी व्यवस्थाएं परिपूर्ण हैं। हर स्थिति से निपटने के लिए सारे इंतजाम कर लिए हैं। डीआईजी कृष्णा बताया कि भीड़ नियमन और पार्किंग व्यवस्था भी ठीक से काम कर रही है। विभिन्न मार्गों से आने वाले ट्रैफिक को डायवर्ट कर सही तरीके से पार्क करने की हिदायत दी जा रही है।



### अजब-गजब बाबा भी पधारे

### किसी ने 32 साल से नहाया नहीं तो किसी के जटाओं में उगी जौ

इस बार महाकुंभ में अजब-गजब बाबा भी पधारे हैं। किसी ने जटाओं में अनाज उगा रखा है तो किसी ने 32 साल से नहाया ही नहीं है। किसी के पास 35 साल पुरानी एंबेसडर कार है। एक बाबा ने बाइक से 25 राज्यों का सफर पूरा किया।



**अनाज वाले बाबा**
सोनभद्र के मारकुंडी से आए अमरजीत योगी ने अपने जटाओं में जौ उगा रखी है। वे लोगों को पर्यावरण संरक्षण और जैविक खेती का संदेश दे रहे हैं।



**पर्यावरण बाबाः**
महामंडलेश्वर अवधूत बाबा को लोग पर्यावरण बाबा के नाम से जानते हैं। वे प्रयागराज पहुंचे हैं।

**बिछड़े 250 से अधिक लोगों के मेला प्रशासन ने परिवार से मिलवाया**
महाकुंभ के पहले दिन सुबह-सुबह घनी भीड़ के कारण अपने परिवारों से बिछड़ गए 250 से अधिक लोगों को मेला प्रशासन ने उनके परिवार से मिलवा दिया। भारी भीड़ को नियंत्रित करने की माकूल व्यवस्था है।

## खबर संक्षेप

### क्षत्रिय गैंग के बदमाशों का पुलिस ने निकाला जुलूस

**झुंझुनूं।** राजस्थान पुलिस के नवाचार और कड़ी कार्रवाई ने अपराधियों में खौफ का माहौल



बना दिया है। झुंझुनूं जिले के चिड़ावा कस्बे में एक पेड़ा व्यवसायी से रंगदारी मांगने और फायरिंग करने के आरोप में गिरफ्तार अपराधियों का पुलिस ने सोमवार को भरे बाजार में जुलूस निकाला। इस दौरान गिरफ्तार अपराधियों ने हाथ जोड़कर और कान पकड़कर माफी मांगी। पैरों में प्लास्टर बंधे और लंगड़ाते चल रहे अपराधियों की पुलिस ने सारी हेकड़ी निकाल दी।

### अनवर ने छोड़ी विधायकी उपचुनाव भी नहीं लड़ेंगे

**नीलांबुर।** केरल के विधायक पीवी अनवर ने नीलांबुर के विधायक पद से इस्तीफा दे दिया है। दरअसल,



सत्तारूढ़ वाम लोकतांत्रिक मोर्चा (एलडीएफ) से अलग होकर पिछले सप्ताह तृणमूल कांग्रेस में शामिल होने वाले विधायक पीवी अनवर ने सोमवार को नीलांबुर निर्वाचन क्षेत्र के विधायक पद से इस्तीफा दे दिया। विधानसभा अध्यक्ष एएन शमसीर से उनके कक्ष में मिलने के बाद विधानसभा परिसर में अनवर ने अपने इस्तीफे की पुष्टि की। इससे टीएमसी में विवाद शुरू हो गया है। सियासी बयान शुरु हो गए हैं।

## कहा, आप केवल झूठे वादे करती है और भाजपा जो कहती है, वो करके दिखाती है

# केजरीवाल ने दिल्ली की जनता से किए गए 10 वादे, सभी ढकोसले साबित हुए : पुरी

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने आरोप लगाया है कि अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली की जनता झूठे वादों किए और 10 वर्षों तक दिल्ली को सिर्फ बर्बाद किया। केजरीवाल की सरकार ने दिल्ली की जनता से न केवल झूठ बोला, बल्कि उन्हें लगातार ठगा है। केजरीवाल ने 2020 में जो 10 वादे दिल्ली की जनता से किए थे, वे सभी केवल हवा-हवाई साबित हुए।

पुरी ने कहा कि वर्ष 2020 में अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली की जनता से जो वादे किए थे और 2022 में पंजाब में जो कहा था, उससे सभी भली-भांति परिचित हैं। दिल्ली देश की राजधानी है, लेकिन अरविंद केजरीवाल ने राजधानी का पूर्ण रूप से सत्यानाश कर दिया है। अरविंद केजरीवाल ने 2022 में पंजाब चुनाव के दौरान कहा था कि दिल्ली में किए गए वर्ल्ड क्लास बदलाव वे पंजाब में भी करेंगे। लेकिन उन्होंने वास्तव में क्या बदलाव किए? उन्होंने



पंजाब की महिलाओं को 1000 रुपए प्रति माह देने का वादा किया था। यह वादा 2022 में किया गया था, और आज 2025 चल रहा है। तीन साल बीत गए, लेकिन किसी को एक पैसा भी नहीं दिया गया। स्थिति यह है कि माताओं और बहनों को अपने अधिकारों के लिए दिल्ली आकर आवाज उठानी पड़ रही है। दूसरा वादा केजरीवाल ने पंजाब की जनता से किया था कि वे पंजाब को नशामुक्त बनाएंगे। लेकिन आज पंजाब की स्थिति कैसी है, यह पूरे मीडिया में चर्चा का विषय है। पंजाब के हालात और नशामुक्ति अभियान की सच्चाई दिख रही है।

### कहा-पंजाब में महिलाओं को 1100 रुपए देने की योजना अधर में

पुरी ने कहा कि 8 फरवरी 2020 को दिल्ली में चुनाव हुए थे, और अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली की जनता को 10 गारंटी दी थीं। 19 जनवरी को केजरीवाल ने वादों का पिटारा खोला था, जिसमें पहला 24 घंटे बिजली और 200 यूनिट मुफ्त बिजली, दूसरा 24 घंटे पाइप से पेयजल पहुंचाने और हर घर को 20 हजार लीटर पानी देने का वादा किया गया था। तीसरा वर्ल्ड क्लास शिक्षा देने के लिए 500 स्कूल बनाने का दावा किया गया, लेकिन 2022 तक स्कूलों की जगह केवल 65 क्लासरूम बने। सेंट्रल विजिलेंस एजेंसी ने खुलासा किया है कि केजरीवाल सरकार ने टॉयलेट को क्लासरूम बताया और कुछ काम नहीं किया। चौथा बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं के नाम पर मोहल्ला क्लिनिक का खेल खेला गया। पांचवां ट्रैफिक से निजात दिलाने के लिए केजरीवाल ने 500 किलोमीटर मेट्रो विस्तार और 11 हजार नई बसें लाने का वादा किया था, ताकि छात्रों और महिलाओं को मुफ्त यात्रा की सुविधा दी जा सके। छठा प्रदूषण रोकने और यमुना को साफ करने का वादा करते हुए 2 करोड़ पेड़ लगाने की बात कही गई थी, लेकिन आज यमुना 500 गुना ज्यादा प्रदूषित है और पेड़ न जाने कहां गायब हो गए। सातवां दिल्ली को कचरा मुक्त करने, 1.5 लाख सीसीटीवी कैमरे लगाने और सड़कों पर लाइट लगाने का वादा किया, आठवां मोहल्ला मार्शल की नियुक्ति, नौवां कच्ची कॉलोनियों में सीवर लाइन बिछाने जैसे वादे भी किए गए। इसके अलावा, दसवां वादा झुग्गी-झोपड़ी में रहने वालों को जहां झुग्गी, वहीं मकान के तहत घर देने का वादा भी केवल शब्दों तक सीमित रहा। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी झूठ और फरेब की फैक्ट्री है। भाजपा और आप में यही सबसे बड़ा अंतर है। भाजपा जो कहती है, वो करके दिखाती है।

## सरकार किसान संगठनों से करे वार्ता, समस्याओं का करे समाधानः सैलजा

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव, पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सिरसा की सांसद कुमारी सैलजा ने कहा है कि किसान आंदोलन और किसानों की मांगों को लेकर केंद्र सरकार जरा भी गंभीर नहीं है। किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल की बिगड़ती हालात और किसानों का उग्र होना सरकार के लिए चेतावनी का संकेत है। अभी भी समय है कि सरकार किसान संगठनों से वार्ता का रास्ता निकालकर उनकी समस्याओं का समाधान करे अगर जल्द ही कोई समाधान नहीं निकला तो देशभर में किसान आंदोलन का दायरा और बढ़ सकता है।

मीडिया को जारी बयान में सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि खनौरी बॉर्डर पर आमरण अनशन पर बैठे किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाला की तबीयत लगातार बिगड़ रही है। पर सरकार इस आंदोलन की अनदेखी कर रही है और इस आंदोलन को गंभीरता से नहीं ले रही है। किसान आंदोलन में पिछले डेढ़ माह में 3किसानों की मौत हो चुकी है, इन किसानों की मौत केंद्र सरकार को सीधे सीधे चेतावनी है। किसान सोचकर बैठा हुआ है कि अगर डल्लेवाल को कुछ हुआ तो स्थिति नियंत्रण से बाहर हो जाएगी।

सैलजा ने कहा है कि किसान एमएसपी की कानूनी गारंटी मांग रहा है, छोटे और मझोले किसानों के कृषि कर्ज माफ करने की मांग कर रहा है, छोटे किसानों और भूमिहीन मजदूरों के लिए पेंशन की व्यवस्था करने को कह रहा है। सरकार किसानों से बातचीत के लिए कोई रास्ता तक नहीं निकाल रही है, सरकार को किसानों से बातचीत के लिए किसी माध्यम की जरूरत नहीं है, सरकार किसानों से सीधी बातकर उनकी समस्याओं का समाधान कर सकती है। सरकार को किसानों के मुद्दों को टालने का प्रयास नहीं करना चाहिए। कुमारी सैलजा ने कहा कि बातचीत से हर समस्या का समाधान किया जा सकता है, सरकार जानती है बावजूद वह किसानों से बातचीत करने से पीछे भाग रही है।

### खराब फसलों का किसानों को जल्द मुआवजा दे सरकार

कुमारी सैलजा ने कहा कि हरियाणा के कई हिस्सों में ओलावृष्टि से हुई फसलों को भारी क्षति हुई है। पहले भी ओलावृष्टि से फतेहाबाद सहित कई जिलों में फसलों को भारी नुकसान हुआ था। सरकार को जल्द से जल्द खराब हुई फसलों का किसानों को मुआवजा देना चाहिए। ओलावृष्टि और बरसात से गेहूं, सरसों और सब्जियों की खड़ी फसलों को काफी नुकसान हुआ है। जल्द से जल्द विशेष गिरदावरी (फसल नुकसान का आंकलन) कराया जाए। कुमारी सैलजा ने कहा कि भाजपा सरकार ने किसानों को अपने मुआवजा पोर्टल की जटिलताओं में फंसाकर रखा हुआ है, यही वजह है कि किसानों को या तो मुआवजा नहीं मिलता या समय पर नहीं मिलता, सरकार को मुआवजा प्रक्रिया को सरल बनाना चाहिए।

## हिमाचल, जो शांतिपूर्ण वादियों के लिए जाना जाता है, अब अलग उपलब्धि के लिए पहचान बना रहा

# हिमाचल प्रदेश ने दिखाई राहः भारत की स्टार्टअप क्रांति का नया सितारा

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ शिमला

हाल ही में स्टेट स्टार्टअप रैंकिंग 2022 में एक करोड़ से कम जनसंख्या वाले राज्यों में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शनकर्ता का खिताब पाने वाले हिमाचल प्रदेश ने यह साबित कर दिया है कि नवाचार सीमाओं का मोहताज नहीं है। 144 डीपीआईआईटी प्रमाणित स्टार्टअप्स, जो कृषि प्रौद्योगिकी, पर्यटन और आईटी जैसे विभिन्न क्षेत्रों में कार्यरत हैं, के साथ यह राज्य



भारत की व्यापक स्टार्टअप क्रांति में अपनी खास पहचान बना रहा है। ये स्टार्टअप न केवल रोजगार पैदा कर रहे हैं, बल्कि नवाचार और प्रतिस्पर्धा के जरिए स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी बदल रहे हैं।

### अवसरों का पहाड़ः हिमाचल प्रदेश में स्टार्टअप क्यों कर रहे हैं आकर्षित?

हिमाचल प्रदेश, अपनी सक्रिय नीतियों और उद्यमिता को बढ़ावा देने वाले प्रयासों के कारण उभरते हुए स्टार्टअप केंद्र के रूप में सामने आया है। 2019 में लॉन्च की गई राज्य की स्टार्टअप नीति, विकास के विभिन्न चरणों में स्टार्टअप्स का समर्थन करने के लिए एक व्यापक ढांचा प्रदान करती है। यह नीति वित्तीय सहायता पर जोर देती है, जिसमें 25 लाख तक के सीड फंडिंग, सब्सिडी वाले इनक्यूबेशन स्पेस और अनुसंधान और विकास के लिए अनुदान शामिल है।

इसके अलावा, यह नीति व्यवसाय करने में आसानी को बढ़ावा देती है, जिसमें पंजीकरण प्रक्रियाओं को सरल बनाना और स्टार्टअप्स के लिए कर छूट प्रदान करना शामिल है। पर्यटन, कृषि, आईटी और नवीकरणीय ऊर्जा जैसे क्षेत्रों में विशेष ध्यान दिया गया है, जो राज्य की प्राकृतिक ताकतों और संसाधनों के साथ मेल खाता है।

इन पहलों के लाभ क्षेत्र के स्टार्टअप्स के लिए बेहद महत्वपूर्ण हैं। उद्यमियों को एक मजबूत इकोसिस्टम तक पहुंच मिलती है, जहां वे मेंटरशिप प्रोग्राम का लाभ उठा सकते हैं, निवेशकों के सामने अपने विचार पेश कर सकते हैं और उद्योग के नेताओं के साथ सहयोग कर सकते हैं। सरकार नवाचार को बढ़ावा देने के लिए हैकथॉन, कार्यशालाएं और नेटवर्किंग कार्यक्रम आयोजित करती है, जो स्टार्टअप्स को अपने उत्पादों और सेवाओं को प्रदर्शित करने के अवसर प्रदान करती है।

### एग्रीटेक,पर्यटन में सफलता

एक राज्य, जहां कृषि अर्थव्यवस्था की रीढ़ है, वहां एग्रीटेक स्टार्टअप्स नई संभावनाएं पैदा कर रहे हैं। जैसे कि ईकोएग्रीटेक, जो एआई-आधारित समाधान का उपयोग करके सेब की खेती की पैदावार को बढ़ाने में मदद कर रहा है। ये कंपनियां न केवल किसानों को सशक्त बना रही हैं, बल्कि स्थिरता को भी बढ़ावा दे रही हैं। इसी तरह, पर्यटन क्षेत्र के स्टार्टअप्स हिमाचल प्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और प्राकृतिक सुंदरता का उपयोग करके यात्रा अनुभवों को फिर से परिभाषित कर रहे हैं। पर्सनलाइज़्ड ट्रैवल सर्विसेज से लेकर पर्यावरण-अनुकूल आवास तक, ये वेंचर्स यात्रा को अधिक सुलभ और आकर्षक बना रहे हैं।

### महिला उद्यमियों को सशक्त बनाना समावेशी विकास की पहल

हिमाचल प्रदेश के स्टार्टअप इकोसिस्टम की एक अनूठी विशेषता इसकी समावेशिता है। जैसे कार्यक्रम, वीमेन एंटरप्रेन्योरशिप प्लेटफॉर्म (डब्ल्यू)। राज्य ने ग्रामीण महिलाओं को स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) के माध्यम से सशक्त बनाने पर भी जोर दिया है। ये समूह महिलाओं को छोटे व्यवसाय चलाने के लिए आवश्यक कौशल, वित्तीय सहायता और सामूहिक शक्ति प्रदान करके उनकी आर्थिक स्वतंत्रता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

हिमाचल प्रदेश में एसएचजी विशेष रूप से एग्रीफूड सेक्टर में सक्रिय हैं, जहां वे जैविक जैम, अचार, जूस और हर्बल चाय जैसे मूल्य-वर्धित उत्पादों का उत्पादन कर रही हैं। ये उत्पाद अक्सर स्थानीय रूप से उगाए गए फलों, सब्जियों और जड़ी-बूटियों से बनाए जाते हैं, जिससे महिलाएं जैविक और स्वास्थ्य-सचेत खाद्य उत्पादों की बढ़ती मांग का लाभ उठा सकती हैं।

इसके अलावा, हिमाचल के कारीगर एसएचजी के माध्यम से पारंपरिक शिल्प जैसे ऊनी शॉल, हथकरघा वस्त्र, मिट्टी के बर्तन और लकड़ी की कलाकृतियों का निर्माण और विपणन करते हैं। ये ग्रामीण महिलाएं उत्पादन, डिजाइन और बाजार तक पहुंच के बारे में जानकर राज्य की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करते हुए एक स्थायी आजीविका अर्जित कर रही हैं।

### चुनौतियां और आगे का रास्ता

हालांकि प्रगति उल्लेखनीय है, लेकिन चुनौतियां बनी हुई हैं। शुरुआती चरण की फंडिंग तक पहुंच विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में स्टार्टअप्स के लिए एक बड़ी बाधा है। इसे संबोधित करने के लिए, राज्य स्थानीय फंडिंग तंत्र विकसित करने और अधिक निवेशकों को आकर्षित करने का प्रयास कर रहा है।

# शिक्षा के मुद्दे पर भ्रम फैलाकर युवाओं को बरगलाती कांग्रेसः प्रधान

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

शिक्षा के मामले पर सत्ताधारी दल भाजपा और कांग्रेस आमने-सामने हैं। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने देश की शिक्षा व्यवस्था पर एक्स पोस्ट के जरिए केंद्र सरकार को घेरा, तो उस पर सोमवार को केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कड़ा पलटवार किया। उन्होंने कांग्रेस पार्टी और उसके अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे पर आरोप लगाते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी शिक्षा के मुद्दे पर भ्रम फैलाकर युवाओं को बरगलाकर देश में अशांति फैलाना चाहती है। यही इनकी नीति बन चुकी है। शिक्षा मंत्री ने अपनी पोस्ट में यूजीसी विनियम 2010, 2025 और राष्ट्रीय शिक्षा नीति को लेकर तमाम तथ्यों को भी स्पष्ट किया।

### एनईपी में भारतीयता के अंश से विरोध

शिक्षा मंत्री के कहा कि कांग्रेस को एनईपी में मौजूद भारतीयता के अंश की वजह से समस्या है। यह वही पार्टी है जिसने वर्षों तक देश की शिक्षा प्रणाली को कमजोर किया। साथ ही हमारी गौरवशाली सांस्कृतिक धरोहर को पाठयपुस्तकों से मिटाने का काम किया। इसलिए बिना तथ्यों को समझकर कांग्रेस पार्टी को सिर्फ आलोचना के लिए आलोचना करने की अपनी नीति बदलकर एक परिवार की चिंता छोड़कर देश के युवाओं की चिंता करनी चाहिए। प्रधान ने कहा कि यूजीसी विनियम में यह स्पष्ट है कि चांसलर, विजिटर ही कुलपति की नियुक्ति करते हैं। जहां तक राज्यपालों द्वारा कुलपति की जिम्मेदारियों के निर्वहन का सवाल है तो यह एक ऐसी प्रथा है जो देश की स्वतंत्रता से भी पहले से चली आ रही है।

## केंद्रीय मंत्री चौहान की अध्यक्षता में हुई बैठक में मिली मंजूरी

# 700 करोड़ रुपए की लागत से 56 नई वाटरशेड विकास परियोजनाएं स्वीकृत की

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

केंद्रीय ग्रामीण विकासा एवं कृषि मंत्री शिवराल सिंह चौहान की अध्यक्षता में सोमवार को भूमि संसाधन विभाग, वाटरशेड प्रबंधन प्रभाग, ग्रामीण विकास मंत्रालय ने पीएमकेएसवाई-डब्ल्यूडीसी 2.0 योजना के तहत 10 सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले राज्यों जैसे मध्य प्रदेश, असम, ओडिशा, तमिलनाडु, कर्नाटक, नगालैंड, राजस्थान, हिमाचल प्रदेश, सिक्किम और उत्तराखंड में 700 करोड़ की लागत से 56 नई वाटरशेड विकास परियोजनाओं को मंजूरी दी है। ये परियोजनाएं किसानों की आय बढ़ाने, भूमि क्षरण को रोकने और जलवायु लचीलापन मजबूत करने के प्रयासों में सहायता करेंगी।

वित्तीय वर्ष 2021-22 में, डब्ल्यूडीसी-पीएमकेएसवाई 2.0 के तहत लगभग 50 लाख हेक्टेयर क्षेत्र को कवर करने वाली 1150 परियोजनाओं को 12303 करोड़ की लागत से स्वीकृत किया गया है। प्रत्येक परियोजना का क्षेत्रफल लगभग 5,000 हेक्टेयर होगा, हालांकि पहाड़ी राज्यों में यह कम हो सकता है। इस पहल का उद्देश्य अवनत भूमि की समय पर पुनर्प्राप्ति और निधियों के कुशल उपयोग के माध्यम से क्षेत्र में प्रत्यक्ष प्रभाव सुनिश्चित करना है। डब्ल्यूडीसी-पीएमकेएसवाई 1.0 के तहत पूर्ण परियोजनाओं के मूल्यांकन से भूजल स्तर में उल्लेखनीय सुधार, सतही जल की उपलब्धता में वृद्धि, फसल उत्पादकता और किसानों की आय में सुधार देखा गया है।

# बफे की 10,71,408 करोड़ की संपत्ति उनके बच्चे संभालेंगे, गेट्स को नहीं मिलेगा पैसा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

दुनिया के सबसे अमीर व्यक्तियों में से एक वॉरेन बफे ने अपनी प्रॉपर्टी के बटवारे को लेकर नया प्लान बनाया है। उन्होंने हाल ही में दिए एक मीडिया इंटरव्यू में बताया कि वो अपनी सारी संपत्ति अब चौरिटेबल ट्रस्ट को ही देंगे, जिसे उनके बच्चे सूसी, हॉवी और पीटर संभालेंगे। उनके पैसे अब बिल गेट्स के ट्रस्ट को नहीं दिए जाएंगे। वॉरेन बफे दुनिया के मशहूर निवेशक हैं। उन्होंने कई सारी बड़ी कंपनियों में निवेश किया है और खुद बर्कशायर हैथवे के सीईओ हैं।

- प्रापर्टी जिस ट्रस्ट को दी जाएगी उस ट्रस्ट को तीनों बच्चे मिलकर चलाएंगे

## दुनिया के सबसे अमीर व्यक्ति वॉरेन बफे ने हाल में एक इंटरव्यू में कहा

### बच्चे पहले ही कई फाउंडेशन चला रहे

वॉरेन बफे की बची हुई 10,71,408 करोड़ की सारी प्रॉपर्टी अब उनके बच्चों के द्वारा ही मैनेज की जाएगी। उनके बच्चे पहले भी कई सारे अपने अलग-अलग फाउंडेशन चला रहे हैं, जिसमें वह सभी अच्छा काम भी कर रहे है। यही सब देखते हुए बफे ने अपने बच्चों पर भरोसा जताया और अपनी सारी कमाई उनके द्वारा चलाए जाने वाले ट्रस्ट को देने का फैसला किया है।


वॉरेन बफे


बिल गेट्स

### बिल एंड मिलिंडा गेट्स को नहीं मिलेगा अब दान

वॉरेन बफे ने बिल गेट्स के फाउंडेशन बिल एंड मिलिंडा गेट्स को साल 2006 से अब तक करीब 39 अरब डॉलर दान दिए हैं। लेकिन, उन्होंने कहा कि मेरी मौत के बाद अब गेट्स फाउंडेशन को कोई और पैसा नहीं दिया जाएगा। अब उनका पूरा फोकस उनके बच्चों पर ही होगा।

अब उनकी बची हुई प्रॉपर्टी को जिस ट्रस्ट को दिया जाएगा वह उनके तीनों बच्चे मिलकर चलाएंगे। वही यह फैसला लेंगे कि पैसे कहां और कितने खर्च करने हैं। वॉरेन बफे ने अपने बच्चों को बिजनेस के बारे में और आगे काम कैसे करना है इसके बारे में भी सुझाव दिए हैं। उन्होंने कहा कि दुनिया में करीब 8 अरब लोग हैं लेकिन उन सब में वह और उनके बच्चे सबसे ज्यादा लकी हैं। सूसी बफे ने कहा है कि हमने अभी ट्रस्ट के मूल्यों के बारे में ठीक तरीके से योजनाएं नहीं बनाई हैं, लेकिन ट्रस्ट का मकसद पैसे बनाने का नहीं होगा। इसके जरिए वॉरेन बफे ने जिस तरीके से दान किए हैं उनके जो मूल्य हैं उनको बढ़ाने का काम किया जाएगा।

## गोदरेज प्रॉपर्टीज को 1,300 करोड़ के आय की उम्मीद

**नई दिल्ली।** रियल एस्टेट कंपनी गोदरेज प्रॉपर्टीज लिमिटेड को हैदराबाद में अपनी पहली आवासीय परियोजना से करीब 1,300 करोड़ रुपये की आय की उम्मीद है। हैदराबाद में अपनी पहली प्रीमियम आवासीय परियोजना 'गोदरेज मैडिसन एवेन्यू' की शुरुआत की घोषणा की। कंपनी सूचना के अनुसार, हैदराबाद के कोकापेट में तीन एकड़ भूमि पर फैली इस परियोजना में करीब 12 लाख वर्ग फुट बिक्री योग्य क्षेत्र होगा

## सेंसेक्स ने 1,048 अंक का गोता लगाया, निफ्टी 346 अंक टूटा

**मुंबई (भाषा)।** वैश्विक शेयर बाजारों में भारी बिकवाली और अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल के दाम में तेजी के बीच घरेलू शेयर बाजारों में गिरावट का सिलसिला सोमवार को लगातार चौथे दिन जारी रहा। प्रमुख मानक सूचकांक बीएसई सेंसेक्स 1,048 अंक का गोता लगाकर 77,000 अंक के नीचे आ गया, जबकि एनएसई निफ्टी में 345 अंक की गिरावट आई। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 1,048.90 अंक यानी 1.36 प्रतिशत की गिरावट के साथ 76,330.01 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 1,129.19 अंक तक लुढ़क गया था। बीएसई में 3,562 शेयरों में गिरावट रही, जबकि 555 बढ़त में रहे। वहीं 131 के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। 508 शेयर 52 सप्ताह के निचले स्तर पर रहे। वहीं 120 शेयर एक साल के उच्चतम स्तर पर रहे। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 345.55 अंक यानी 1.47 प्रतिशत की गिरावट के साथ 23,085.95 अंक पर बंद हुआ।

मझोली कंपनियों से संबंधित बीएसई मिडकैप 4.17 प्रतिशत

## सीमा शुल्क स्लैब को 40 से घटाकर पांच फीसदी करने की मांग

# बजट में सीमा शुल्क ढांचे को आसान बनाने का सुझाव

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

शोध संस्थान ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (जीटीआरआई) ने सोमवार को कहा कि आगामी बजट में सरकार को सीमा शुल्क स्लैब को 40 से घटाकर पांच करके शुल्क संरचना आसान बनाने के साथ यह सुनिश्चित करना चाहिए कि आयात बिलों में कटौती, विनिर्माण एवं निर्यात को बढ़ाने के लिए कच्चे माल पर कम कर लगाया जाए।

जीटीआरआई ने एक रिपोर्ट में भारत के सीमा शुल्क ढांचे को परिष्कृत करने, अंतरराष्ट्रीय जांच से बचने और शुल्क को राष्ट्रीय लक्ष्यों के अनुरूप रखने के लिए शुल्क नीतियों की अंतर-मंत्रालयी समीक्षा की मांग की।




### शुल्क के पुनर्मूल्यांकन का वक्त आ गया

जीटीआरआई के संस्थापक अजय श्रीवास्तव ने कहा कि सीमा शुल्क की घटती हिस्सेदारी के बीच घरेलू विनिर्माण एवं वैश्विक व्यापार का समर्थन करने के लिए एक रणनीतिक साधन के तौर पर अब शुल्क के पुनर्मूल्यांकन का वक्त आ गया है। रिपोर्ट को श्रीवास्तव ने व्यापार विशेषज्ञ सतीश रेड्डी के साथ मिलकर तैयार किया है।

### कच्चे माल पर कम कर लगाया जाए

*रिपोर्ट कहती है, "सीमा शुल्क के स्लैब को 40 से घटाकर पांच पर लाना, अधिकतम शुल्क को 50 प्रतिशत पर सीमित करना और यह सुनिश्चित करना कि कच्चे माल पर तैयार माल की तुलना में कम कर लगाया जाए, आर्थिक वृद्धि को बढ़ावा देगा, आयात निर्भरता को कम करेगा और निर्यात बढ़ाने में मदद करेगा।'*

### सीमा शुल्क 10 फीसदी तक कम किया जाए

जीटीआरआई ने देश के औसत सीमा शुल्क को लगभग 10 प्रतिशत तक कम करने का सुझाव देते हुए कहा कि इस मकसद को किसी बड़े राजस्व नुकसान के बगैर भी हासिल किया जा सकता है। फिलहाल 85 प्रतिशत शुल्क राजस्व केवल 10 प्रतिशत आयात शुल्क श्रेणियों से आता है, जबकि 60 प्रतिशत शुल्क श्रेणियों का राजस्व में तीन प्रतिशत से भी कम अंशदान है।

### सीमा शुल्क की हिस्सेदारी घटी

रिपोर्ट के मुताबिक, सीमा शुल्क की भारत के सकल कर राजस्व में हिस्सेदारी घटकर सिर्फ 6.4 प्रतिशत रह गई है जबकि कॉरपोरेट कर (26.8 प्रतिशत), आयकर (29.7 प्रतिशत) और जीएसटी (27.8 प्रतिशत) इससे काफी आगे हैं।

**उत्तर रेलवे**

निविदा सूचना
(ई–टेंडरिंग द्वारा)

| | |
|---|---|
| कार्य का नाम तथा स्थान | सिग्नलिंग वर्क इन कनेक्शन विद प्रोविजन ऑफ डुअल एक्सल काउंटर (एक्सेप्ट सप्लाई, इंस्टॉलेशन & कमीशनिंग ऑफ एक्सल काउंटर ) इन ब्लॉक सेक्शंस विद एब्सोल्यूट ब्लॉक वर्किंग ओवर दिल्ली डिवीजन। |
| कार्य की अनुमानित लागत (रू) | Rs. 6,16,03,901.17/- |
| धरोहर राशि (रू) | Rs. 4,58,000/- |
| कार्यालय का पता | वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता–C, तृतीय तल, संकेत एवं दूरसंचार ब्रांच, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली–110055 |
| निविदा प्रपत्र जमा करने तथा निविदा खुलने का दिनांक तथा समय। | निविदा प्रपत्र अपलोड करने का समय दिनांक 13.01.2025/ निविदा खुलने का दिनांक 04.02.2025 15:00 बजे तक |
| वेब साइट एवं नोटिस बोर्ड का स्थान जहां से विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती है | उत्तर रेलवे की वेब साइट www.ireps.gov.in पर देखें या देखे नोटिस बोर्ड, तृतीय तल, संकेत एवं दूरसंचार ब्रांच, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली–110055 |

निविदा संख्या: 558-Sig-16-M-TENDER-1430 दिनांक: 13.01.2025
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 139/25

**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 82 CrPC देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **शमशाद पुत्र मो. अनवर निवासी डी–43, अशोक मोहल्ला मौजपुर, दिल्ली** ने **FIR No. 05/2018, U/S 12/9/55 G. Act, अन्तर्गत थाना वेलकम, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **शमशाद,** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **शमशाद,** फरार हो गया है (या उक्त वारंट के तामील से बचने के लिये अपने आपको छिपा रहा है)।

अतः इसके द्वारा उदघोषणा की जाती है कि **FIR No. 05/2018, U/S 12/9/55 G. Act, अन्तर्गत थाना वेलकम, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **शमशाद,** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **21.02.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार,
सुश्री दीपाक्षी राणा
न्यायिक दण्डाधिकारी, प्रथम श्रेणी–03
कमरा नं. 19, प्रथम तल, शाहदरा जिला
कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली

DP/409/NE/2025 (Court Matter)

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 82 Cr.P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **हरचरण सिंह उर्फ चरण सिंह, पुत्रः स्व. अमर सिंह, पताः एलआईजी फ्लैट नं. 02ए, पॉकेट–06, साइट 2, फेज–1, पिंक अपार्टमेंट, नसीरपुर, द्वारका, नई दिल्ली** ने **FIR No. 603/14, U/s 420 IPC, पुलिस थाना सागरपुर, नई दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **हरचरण सिंह उर्फ चरण सिंह** नहीं मिल रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त दानिश **हरचरण सिंह उर्फ चरण सिंह** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 603/14, U/s 420 IPC, पुलिस थाना सागरपुर, नई दिल्ली** के अभियुक्त **हरचरण सिंह उर्फ चरण सिंह** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **15.02.2025** या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री ईशा सिंह
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–03
कमरा नं. 18, मुख्य भवन
पटियाला हाउस कोर्ट, नई दिल्ली

DP/595/SW/2025

## जीडीपी में हो रही वृद्धि से कंपनियों के लिए कर्ज होगा सुलभ : फिच

- बैंक क्षेत्र की वित्तीय स्थिति में आया सुधार
- कर्ज लेने से जुड़े मानदंडों में सुधार की उम्मीद

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

साख तय करने वाली फिच रेटिंग्स ने सोमवार को कहा कि भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में लगातार हो रही वृद्धि, बैंक क्षेत्र की वित्तीय स्थिति में सुधार और 2025 में ब्याज दर में कटौती की उम्मीद वित्त वर्ष 2025-26 में कंपनियों के लिए कर्ज लेने को सुलभ बनाएगी। उच्च पूंजीगत व्यय के बावजूद, कर पूर्व आय मार्जिन व्यापक होने से अगले वित्त वर्ष (अप्रैल 2025-मार्च 2026) में रेटिंग प्राप्त भारतीय कंपनियों के कर्ज लेने से जुड़े मानदंडों में सुधार की उम्मीद है। हालांकि, वैश्विक स्तर पर जोखिमों, भारतीय रुपये की विनिमय दर में लगातार गिरावट के दबाव के बीच ऊर्जा की कीमतों में उल्लेखनीय वृद्धि होने पर नकारात्मक जोखिम पैदा हो सकता है। इसके अलावा व्यापार संरक्षणवादी उपायों के कारण निर्यात में गिरावट आती है, तो इससे भी जोखिम उत्पन्न हो सकते हैं। फिच ने 'भारतीय कंपनियों के कर्ज रुख' शीर्ष से जारी अपनी जनवरी की रिपोर्ट में कहा, "हमें उम्मीद है कि भारत की जीडीपी में लगातार हो रही वृद्धि का परिदृश्य, बैंक क्षेत्र की वित्तीय सेहत में सुधार और 2025 में नीतिगत दर में कटौती से वित्त वर्ष 2025-26 में कंपनियों के लिए कर्ज पहुंच बेहतर और सुलभ होगा। यह उम्मीद है कि भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) इस साल नीतिगत दर में कटौती कर सकता है।

### *कंपनियों के लिए मांग बेहतर होगी*

*रिपोर्ट के अनुसार, "हमें उम्मीद है कि वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान भारत की सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि 6.5 प्रतिशत होगी और मजबूत बुनियादी ढांचा खर्च के साथ सीमेंट, बिजली, पेट्रोलियम उत्पादों, इस्पात और इंजीनियरिंग और निर्माण (ई एंड सी) कंपनियों के लिए मांग बेहतर होगी।"*

## सोने में लगातार पांचवें दिन तेजी, चांदी स्थिर

**नई दिल्ली (भाषा)।** राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोमवार को सोने की कीमत में लगातार पांचवें कारोबारी सत्र में तेजी जारी रही और आज इसकी कीमत 110 रुपये बढ़कर 80,660 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने यह जानकारी दी है। पिछले सत्र में सोने की कीमत 80,550 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। पिछले पांच कारोबारी सत्रों में सोने की कीमत 1,660 रुपये बढ़कर 80,660 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई है। 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 110 रुपये बढ़कर 80,260 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई, जबकि इसका पिछला बंद भाव 80,150 रुपये प्रति 10 ग्राम था। एलकेपी सिक्योरिटीज में उपाध्यक्ष शोध विश्लेषक (जिंस एवं मुद्रा) जतिन त्रिवेदी ने कहा, "रुपये के कमजोर होकर 86.61 पर आने से सोने की कीमतों में तेजी आई। सोमवार को चांदी लगातार दूसरे सत्र में 93,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर स्थिर रही।

PROCLAMATION REQUIRING ATTENDANCE OF DEFENDANT
(ORDER 5, rule 20 of the Code of Civil Procedure)
In the court of Sh. Surinder S. Rathi
District Judge, Commercial Court-11, Central District
Room No. 310, Tis Hazari Courts, Delhi
Case Reg. No. : CS(COMM)/1138/2023
Shri Sameer Seth
Vs.
K K Enterprises
To,
M/s K.K. Enterprises
Through Its Proprietor Mr. Feja Khan
A-66, Ground Floor, Sector-10,
Noida-201301, U.P.
WHEREAS the Plaintiff has instituted a suit relating to a commercial dispute against you and you are hereby summoned to file a written statement within 30 days of the service of the present summons and in case you fail to file the written statement within the said period of 30 days, you shall be allowed to file the written statement on such other day, as may be specified by the Court, for reason to be recorded in writing and on payment of such costs as the Courts deems fit, but which shall not be later than 120 days from the day of service of summons. On expiry of one hundred and twenty days from the date of service of summons, you shall forfeit the right to file the written statament and the Court shall not allow the written statement to be taken on record.
You are required to appear in this Court in person, or by a pleader duly instructed, and able to answer all materials questions relating to suit, or who shall be accompanied by some person able to answer all such questions, on 05-02-2025 in the forenoon, to answer the claim, and further you are hereby directed to produce on the said day all documents in your possession or power upon which you base your defence or claim for set-off or counter-claim, and where you rely on any other document whether in your possession or power or not, as evidence in support of your defence or claim for set-off, or counter-claim you shall enter such documents in a list to be annexed to the written statement.
Take notice that, in default of your appearance on that day before mentioned, the suit will be heard and determined in your absence. Given under my hand and the seal of the Court, on this 07-01-2025.
Sd/
District Judge, Commercial Court-11, Central District
Seal Tis Hazari Courts, Delhi

**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 82 Cr.P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि **रवि,** पुत्रः कैलाश, पताः बी–2/67, सैक्टर–17, रोहिणी, नई दिल्ली ने **FIR No. 177/2013, U/s 420/467/468/471/511/34 IPC** थानाः कापसहेडा, दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **रवि** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **रवि** फरार, हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है।) इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 177/2013, U/s 420/467/468/471/511/34 IPC** थानाः कापसहेडा, दिल्ली के उक्त अभियुक्त **रवि** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **14.02.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री निधीश कुमार मीणा
महानगर दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी–10
जिला दक्षिण पश्चिम, कोर्ट नं 316
द्वारका कोर्ट, नई दिल्ली

DP/538/SW/2025
(Court Matter)

### जॉब

☞ आवश्यकता है-पैसिल, पेन, रबड़ के माध्यम से घर बैठे पैकिंग नौकरी की सुविधा भारत के हर क्षेत्र में दी जा रही आपको नौकरी की जरूरत है संपर्क करें:- 8240426971

### सूचना

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार–पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## रुपया 66 पैसे की जबर्दस्त उछाल के साथ 86.70 प्रति डॉलर के नए निचले स्तर पर बंद हुआ

**मुंबई (भाषा)।** डॉलर के मजबूत होने तथा कच्चे तेल कीमतों में उछाल के बीच रुपया सोमवार को औंधे मुंह लुढ़कता दिखा। अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले रुपया दो साल में पहली बार एक दिन की सबसे बड़ी यानी 66 पैसे की जोरदार गिरावट के साथ 86.70 प्रति डॉलर के नए रिकॉर्ड निचले स्तर पर बंद हुआ।अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 86.12 के भाव पर खुला और कारोबार के दौरान एक बार मजबूत होकर 86.11 पर पहुंचा। लेकिन अधिकांश समय यह नकारात्मक दायरे में ही रहा। कारोबार के अंत में रुपया 66 पैसे की जबर्दस्त गिरावट के साथ 86.70 प्रति डॉलर के अपने अबतक के सबसे निचले स्तर पर बंद हुआ। यह एक कारोबारी सत्र में डॉलर के मुकाबले रुपये की कीमत में आई दो साल की सबसे बड़ी गिरावट है। इसके पहले छह फरवरी, 2023 को रुपये में दिन के कारोबार में 68 पैसे की बड़ी गिरावट आई थी। पिछले दो सप्ताह में रुपये में अमूमन गिरावट का ही रुख रहा है। रुपया 30 दिसंबर को 85.52 के स्तर पर बंद होने के बाद से पिछले दो सप्ताह में एक रुपये से अधिक की बड़ी गिरावट देख चुका है। रुपया पहली बार 19 दिसंबर, 2024 को 85 प्रति डॉलर के पार गया था। पिछले कारोबारी दिवस शुक्रवार को रुपया 86.04 प्रति डॉलर के भाव पर बंद हुआ था।

## डिजिटल इन्फ्रा की सुरक्षा के लिए टेक्नोक्रेट कार्यबल की जरूरतः सीतारमण

**गांधीनगर (भाषा)।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को बैंकों एवं शेयर बाजारों जैसे डिजिटल बुनियादी ढांचे को बाधित करने के लिए प्रौद्योगिकी के बढ़ते दुरुपयोग के बीच इन प्रणालियों की सुरक्षा के लिए प्रौद्योगिकी जानने वाले कार्यबल की जरूरत पर जोर दिया। सीतारमण ने यहां 'राष्ट्रीय रक्षा विश्वविद्यालय' (आरआरयू) के चौथे दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि कुछ निहित स्वार्थों या नकारात्मक ताकतों द्वारा प्रौद्योगिकी का दुरुपयोग किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भारत की वृद्धि कुछ लोगों को पसंद नहीं आ सकती है।

## राशिफल

**मेष:** कारोबार के कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। किसी मित्र का सहयोग भी मिलेगा। शैक्षिक कार्यों में व्यवधान आ सकते हैं। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**वृष:** मन परेशान हो सकता है। आत्मविश्वास में कमी आयेगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में बदलाव हो सकता है।

**मिथुन:** परिवार का साथ मिलेगा। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं। भाइयों का सहयोग रहेगा।

**कर्क:** आत्मविश्वास में कमी रहेगी। नौकरी में स्थान परिवर्तन हो सकता है। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कारोबार में सफलता मिलेगी।

**सिंह:** बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। किसी सम्पत्ति से आय के साधन बन सकते हैं। जीवनसाथी का सहयोग एवं सानिध्य मिलेगा।

**कन्या:** नौकरी में परिवर्तन की सम्भावना बन रही है। किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी। क्रोध के अतिरेक से बचें।

**तुला:** भाग–दौड़ अधिक रहेगी। मित्रों का सहयोग मिलेगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। शैक्षिक कार्यों के लिए यात्रा पर जा सकते हैं। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**वृश्चिक:** जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। माता का साथ मिलेगा। शैक्षिक कार्यों में सफल रहेंगे। व्यर्थ की चिंताओं से मन विचलित रहेगा।


**धनु:** व्यर्थ के वाद–विवाद से बचें। नौकरी में अफसरों से सदभाव बनाकर रखें। तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी।

**मकर:** परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। पिता का साथ मिलेगा। धन प्राप्ति के मार्ग बनेंगे।

**कुंभ:** मन प्रसन्न रहेगा। फिर भी आत्मसंयत रहें। बातचीत में सन्तुलित रहें। कारोबार में परिवर्तन के अवसर मिल सकते हैं। लाभ के अवसर मिलेंगे।

**मीन:** तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे, परन्तु किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। खर्चों में वृद्धि होगी। आत्मसंयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें।

## शब्द पहेली - 5747




**बाएँ से दाएँ**
1.बलवान,ताकतवर–4
3.गाल,कपोल(ऊर्दू)–4
6.अनाज, धान–2
7.अवनति–3
8.जीवन तत्व–2
10.पुलिसकर्मी–4
11.भीगा हुआ–2
13.घमंडी,अभिमानी–4
15.दर्शन–3
17.अजदहा,शयालु–4
20.वायु रोग–2
21.दोस्त,सखा–3
23.ख्वाब,स्वप्न–3
25.अपशिष्ट पदार्थ–2
26.जंगल की आग–4
29.पुत्र,लड़का–3
31.पैगंबर,महापुरुष–4
32.राय,वोट–2
34.आफिस,दफ्तर–4
35.वीज,वीर्य–2
37.घर,भवन–3
39.सप्तम–2
40.आक्रमण,हमला–4
41.बलवान,सबल–4

**ऊपर से नीचे**
1.एक छोटी डबलरोटी–2
2.धर्मेंद्र,जीनत की एक फिल्म जो हीरे की चोरी पर बनी थी–4
3.मौसम,ऋतु–2
4.खोदना–3
5.छुट्टी,अवकाश–2
6.उदास,दुखी–4
7.पंख,पराया–2
9.जहीनता–4
10.आवश्यकता–4
12.अभिमान,गरुर–2
14.अग्नि,अनल–2
16.विदा होना–3
18.कुशल–3
19.फलों का रस–2
21.संगम,मिलना–3
22.वायदा–2
24.हार,मात–4
25.स्वार्थी–4
27.दीवार (अंग्रेजी–2)
28.आदत–4
30.यमराज–2
31.उथल-पुथल–4
33.पदक–3
34.श्रवणेंद्रिय–2
36.जीत,विजय–2
38.छोटी सवारी गाड़ी–2
39.पत्नी की बहन–2

### शब्द पहेली- 5746 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | ना | द | र | णी | य | | प्र | क्षे | प | क |
| सं | ग | | वे | | कृ | पा | ण | | र | म |
| वै | | अ | दा | व | त | | य | हां | | जो |
| धा | रा | दा | र | | | अ | | का | त | र |
| नि | | व | | प्र | क्षा | ल | न | | म | |
| क | म | त | र | ता | | सा | ग | र | गा | मी |
| | लि | | स | र | मा | या | | द | | न |
| बे | का | बू | | णा | | | व | न | वा | सी |
| क | | आ | स | | अ | द | र | क | | लै |
| द | म | | ब | हा | र | | दा | | ता | व |
| र | सा | त | ल | | ज | ही | न | कु | श | ल |



**आस्ट्रेलिया दौरे में लचर प्रदर्शन के कारण लगाई जा रही अटकलें**

# विराट और रोहित को अपना भविष्य खुद तय करने दीजिए : कपिल

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

ऑस्ट्रेलिया दौरे पर पांच मैचों की टेस्ट श्रृंखला में लचर प्रदर्शन के बाद कप्तान रोहित शर्मा और अनुभवी विराट कोहली के भविष्य को लेकर अटकलें लगायी जा रही हैं लेकिन भारत के पूर्व महान हरफनमौला कपिल देव ने कहा कि ये दोनों इतने बड़े खिलाड़ी हैं कि अपने भविष्य को लेकर फैसला खुद कर सकते हैं।

ऑस्ट्रेलिया दौरे पर कोहली नौ पारियों में एक शतक के साथ 190 रन ही बना सके और बार बार ऑफ स्टम्प से बाहर जाती गेंद पर कैच देकर आउट हुए । कप्तान रोहित शर्मा के आंकड़े यहां और खराब रहे और वह तीन मैचों की पांच पारियों में महज 31 रन ही बना सके। वह खराब फॉर्म के कारण पांचवें टेस्ट मैच से बाहर थे।

### सुपरस्टार प्रवृत्ति को पीछे छोड़ने की बात उठ रही

भारतीय टीम को अपना अगला टेस्ट इस साल जून में इंग्लैंड दौरे पर खेलना है लेकिन भारतीय क्रिकेट जगत में 'सुपटस्टार' संस्कृति को पीछे छोड़ने की बात उठ रही है। भारत के पूर्व महान खिलाड़ी कपिल देव से जब इन खिलाड़ियों के भविष्य के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा, " विराट और रोहित बहुत बड़े खिलाड़ी है और खेल में अपने भविष्य का फैसला उन्हें खुद करने दीजिये।"

### कप्तान को पूरा समय मिलना चाहिए

रोहित की जगह टीम में कप्तान के दावेदारों के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा, " इस में किसी तरह का विवाद नहीं होना चाहिये, जो मौजूदा कप्तान है वह भी किसी की जगह आये थे। जो भी कप्तान हो उसे पूरा समय मिलना चाहिये।' भारतीय टीम को इस दौरे पर बल्लेबाजों के साथ-साथ गेंदबाजों ने भी निराश किया।





### अन्य गेंजबाज प्रभावित करने में विफल

जसप्रीत बुमराह के अलावा कोई भी अन्य गेंदबाज प्रभावित करने में विफल रहा। बुमराह भी पांचवें टेस्ट में चोटिल होने के कारण दूसरी पारी में गेंदबाजी नहीं कर सके जिससे ऑस्ट्रेलिया के लिए छोटा लक्ष्य हासिल करना काफी आसान हो गया। बुमराह ने इस दौरे पर लगभग 150 ओवर गेंदबाजी कर 32 विकेट झटके।

### बुमराह अलग तरह की एक्शन के कारण चोटिल हो रहे

कपिल ने 1991-92 के ऑस्ट्रेलिया दौरे पर 284 ओवर गेंदबाजी की थी लेकिन बुमराह अपने अलग तरह के एक्शन के कारण जल्दी चोटिल हो गये। टीम को इस दौरे पर चोटिल मोहम्मद शमी की भी कमी खली। भारत को 1-3 से हार का सामना करना पड़ा।

### खेल में तुलना करना ठीक नहीं

कपिल ने अपनी गेंदबाजी से मौजूदा गेंदबाजों की तुलना करना सही नहीं समझा। उन्होंने ने पीजीटीआई के नये सत्र की घोषणा के लिए आयोजित कार्यक्रम में सवाल पर कहा, " खेल में तुलना करना ठीक नहीं है। दो अलग-अलग दौर के खिलाड़ियों की तुलना नहीं की जानी चाहिए। आज के दौर में खिलाड़ी एक दिन में 300 रन बना लेते है लेकिन हमारे जमाने में ऐसा नहीं होता था।"

### जायसवाल व पंत पर टिप्पणी से बचे कपिल

इंग्लैंड के खिलाफ सीमित ओवरों की आगामी श्रृंखला के लिए भारत की टी20 टीम में यशस्वी जायसवाल और ऋषभ पंत जैसे आक्रामक बल्लेबाजों को शामिल नहीं करने पर कपिल ने कहा, " मैं दूसरों के फैसले के बारे में कुछ नहीं कहना चाहता हूं , चयनकर्ताओं ने कुछ सोच समझ कर टीम का चयन किया है। मैं कुछ कहूंगा तो शायद उनकी आलोचना करना होगा। मैं आलोचना नहीं करना चाहता हूं।"

---

## खबर संक्षेप



### मुक्केबाजी जामवाल ने शिवा थापा को हराया

**बरेली।** हिमाचल प्रदेश के अभिनाश जामवाल ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए पुरूष राष्ट्रीय मुक्केबाजी चैम्पियनशिप के सेमीफाइनल में मौजूदा वेल्टरवेट चैम्पियन शिवा थापा को हराया। जामवाल ने इससे पहले 2022 युवा विश्व चैम्पियन वंशज कुमार को हराया था । सेना खेल नियंत्रण बोर्ड (एसएससीबी) ने अपना दबदबा बरकरार रखा और उसके दस में से आठ मुक्केबाज फाइनल में पहुंच गए । पूर्व युवा विश्व चैम्पियन सचिन सिवाच ने हरियाणा के गौरीश पुजानी को लाइटवेट (55 से 60 किलो) वर्ग में हराया । वहीं लक्ष्य चाहर ने मिजोरम के मालसावम्त्लुआंगा को लाइट हैवीवेट (75 से 80 किलो) में मात दी ।

### राष्ट्रीय क्रॉस कंट्री दौड़ के पुरुष वर्ग में सेना चैंपियन

**मेरठ।** सेना के हुकम और रेलवे की अंकिता ने यहां 59वीं राष्ट्रीय क्रॉस कंट्री चैंपियनशिप में पुरुष और महिला 10 किलोमीटर दौड़ के व्यक्तिगत खिताब जीते।



सेना ने पुरुष वर्ग में ओवरऑल टीम चैंपियनशिप जीती, तो वहीं रेलवे ने महिलाओं की ट्रॉफी अपने नाम की। हुकम (प्रथम स्थान), ईश्वर वर्मा (द्वितीय), प्रमोद सिंह (चौथा) और रवि दास (पांचवें) के प्रयासों ने सेना के लिए खिताब पक्का किया। रेलवे दूसरे स्थान पर जबकि राजस्थान तालिका में तीसरे स्थान पर रहा। महिला टीम का खिताब रेलवे के नाम रहा। इस वर्ग में उत्तर प्रदेश और पुलिस खेल संवर्धन बोर्ड क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे।

### हैदराबाद तूफान्स ने वेदांत कलिंगा को 5-1 से हराया

**राउरकेला।** हैदराबाद तूफान्स हॉकी इंडिया लीग (एचआईएल) के पुरुष वर्ग के मैच में यहां वेदांत कलिंगा लांसर्स पर 5-1 से शानदार जीत के साथ तालिका में दूसरे स्थान पर पहुंच गया। हैदराबाद तूफान्स के लिए गोंजालो पेइलेट ने दो गोल किए, जबकि माइको कैसेला, टिम ब्रांड और अर्शदीप सिंह ने एक-एक गोल किया। लांसर्स के लिए इकलौता गोल



अलेक्जेंडर हेंड्रिक्स ने किया। हेंड्रिक्स ने मैच के पांचवें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदल कर कलिंगा लांसर्स को शानदार शुरुआत दिलायी लेकिन टीम की यह खुशी ज्यादा देर तक बरकरार नहीं रही। पेइलेट ने अगले मिनट ही लांसर्स के गोलकीपर कृष्ण पाठक को छकाकर स्कोर को 1-1 से बराबर कर दिया। टीम ने 21वें मिनट में कैसेला के गोल से बढ़त हासिल कर मैच पर अपना दबदबा बनाना शुरू किया। जाचरी वालेच के पास पर अर्जेंटीना के इस खिलाड़ी ने मुश्किल कोण से शानदार गोल किया। दूसरे क्वार्टर के आखिर में पेइलेट के ड्रैग फ्लिक पर गोल कर टीम की बढ़त को मजबूत किया।

---

**सितारों से सजे इंडिया ओपन सुपर 750 बैंडमिंटन की आज से शुरुआत**

# इंडिया ओपन : भारत ने सबसे बड़ा दल उतारा, नजरें सात्विक और चिराग पर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत ने मंगलवार से यहां शुरू हो रहे सितारों से सजे इंडिया ओपन सुपर 750 टूर्नामेंट में अपना सबसे बड़ा दल उतारा है लेकिन नजरें कुछ जाने पहचाने नामों खासकर लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहे सात्विक साइराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी पर लगी होंगी।

भारतीय खिलाड़ियों को पिछले दो सत्रों से इस टूर्नामेंट में सफलता नहीं मिली है । भारत का 21 सदस्यीय दल इस कमी को पूरा करने के साथ छह महीने पहले पेरिस ओलंपिक में खराब प्रदर्शन के बाद अपनी गलतियों को सुधारने के इरादे से उतरेगा। भारत को सात्विक और चिराग से काफी अपेक्षायें हैं चूंकि दुनिया की पूर्व नंबर एक पुरूष युगल टीम ने 2022 इंडिया ओपन जीता था और 2025 सत्र में पिछले सप्ताह मलेशिया ओपन सुपर 1000 टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहुंचकर अच्छी शुरूआत की। टूर्नामेंट में दुनिया के शीर्ष 20 पुरूष एकल खिलाड़ियों में से 18 और महिला एकल में 14 शीर्ष खिलाड़ी भाग ले रही हैं। पेरिस ओलंपिक की निराशा के बावजूद चिराग और सात्विक पिछले दो साल में भारत के सबसे भरोसेमंद खिलाड़ी रहे हैं । चाइना मास्टर्स 2024 सेमीफाइनल खेल चुके सात्विक और चिराग का सामना पहले दौर में मलेशिया के वेइ चोंग मैन और केइ वुन ती से होगा ।



### सात्विक व चिराग को मिलेगी कड़ी चुनौती

दोनों ही खिलाड़ियों को चीन के ओलंपिक रजत पदक विजेता लियांग वेइकेंग और वांग चांग , पेरिस ओलंपिक कांस्य पदक विजेता मलेशिया के आरोन चिया और सोह वूइ यिक , डेनमार्क के किम एस्ट्रूप और एंडर्स रासमुसेन और इंडोनेशिया के फजर अल्फियान और मुहम्मद रियान अर्डियांटो से कड़ी चुनौती मिलेगी ।

### विवाह के कारण मलेशिया मास्टर्स से बाहर रही

इस साल भारत से 21 प्रविष्टियां मिली है जिसमें दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पी वी सिंधू शामिल है । सिंधू अपने विवाह के कारण मलेशिया मास्टर्स से बाहर रहने के बाद वापसी कर रही हैं। हैदराबाद की 29 वर्ष की सिंधू ने सैयद मोदी इंटरनेशनल खिताब जीता था लेकिन उसमे अधिकांश भारतीय खिलाड़ी ही खेले थे ।

### सिंधू का सामना उपाध्याय से होगा

सिंधू का सामना पहले दौर में अनुपमा उपाध्याय से होगा। वह आगे जापान की तोमोका मियाजाकी से खेल सकती है जिसने उन्हें पिछले साल स्विस ओपन में हराया था। सैयद मोदी खिताब जीतने वाले लक्ष्य सेन मलेशिया में शुरूआती दौर में ही बाहर हो गए थे । यहां तीन साल पहले खिताब जीत चुके लक्ष्य का सामना पहले दौर में चीन के होंग यांग वेंग से होगा।

---

**ऑस्ट्रेलियाई ओपन**

# जोकोविच की संघर्षपूर्ण जीत सिनेर, गाफ भी दूसरे दौर में



एजेंसी ▶▶| मेलबर्न

नोवाक जोकोविच का अपने पूर्व प्रतिद्वंद्वी एंडी मर्रे के कोच रहते हुए शुरुआत बहुत अच्छी नहीं रही और उन्हें सोमवार को यहां ऑस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस टूर्नामेंट के पहले दौर के मैच में पहली बार किसी ग्रैंड स्लैम प्रतियोगिता में खेल रहे 19 वर्षीय निशेष बासवरेड्डी के खिलाफ जीत के लिए पसीना बहाना पड़ा।

रिकॉर्ड 24 बार के ग्रैंड स्लैम विजेता जोकोविच पहले सेट में हार गए लेकिन इसके बाद उन्होंने अपने अनुभव का अच्छा इस्तेमाल किया तथा आखिर में 4-6, 6-3, 6-4, 6-2 जीत दर्ज करके मेलबर्न पार्क में 11वीं बार चैंपियन बनने की तरफ कदम बढ़ाए।

### सिनेर की दमदार वापसी

इससे पहले दूसरे टाइब्रेकर में खराब ड्रॉप शॉट पर एक सेट अंक गंवाने के बाद यानिक सिनेर ने दमदार वापसी करते हुए पहले दौर में निकोलस जैरी को 7- 6, 7-6, 6 -1 से हराया । टूर्नामेंट से पहले 2024 के डोपिंग मामलों में सुर्खियों में रहे सिनेर और महिला वर्ग में नंबर एक खिलाड़ी इगा स्वियातेक ने जीत के साथ आगाज किया ।

### गाफ ने सीधे सेटों में सोफिया को हराया

अमेरिका की तीसरी वरीयता प्राप्त कोको गाफ ने 2020 की चैम्पियन सोफिया केनिन को सीधे सेटों में 6-3, 6-3 से हराकर अपने अभियान की शुरूआत की। गाफ ने नवंबर में डब्ल्यूटीए फाइनल्स जीता था और पिछले सप्ताह युनाइटेड कप जीतकर अपनी तैयारियां पुख्ता की।



---

**क्रिकेट**

# कमिंस और हेजलवुड चोट के बावजूद आस्ट्रेलियाई टीम में



बार्डर गावस्कर ट्रॉफी में कमिंस चोट से जुझते रहे

एजेंसी ▶▶| सिडनी

पैट कमिंस को अगले महीने होने वाली चैम्पियंस ट्रॉफी में आस्ट्रेलियाई टीम का कप्तान चुना गया जबकि तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड को भी चोट के बावजूद टीम में जगह मिली है । कमिंस भारत के खिलाफ बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी में टखने की चोट से जूझते रहे थे । वह अपने दूसरे बच्चे के जन्म और इस चोट के कारण आगामी श्रीलंका दौरे पर भी नहीं जा रहे हैं ।

आस्ट्रेलिया के मुख्य चयनकर्ता जॉर्ज बेली ने कहा ,''जब हमने कुछ दिन पहले श्रीलंका दौरे के लिये टेस्ट टीम का ऐलान किया था तब मुझे जितनी जानकारी थी, उतनी ही आज है ।'' उन्होंने कहा ,'' उसने स्कैन कराया है लेकिन मुझे उसकी रिपोर्ट की जानकारी नहीं है । हम उसे बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के बाद आराम भी देना चाहते थे ।'' वहीं चोट के कारण मेलबर्न और सिडनी टेस्ट से बाहर रहे हेजलवुड श्रीलंका दौरे की टीम में नहीं है लेकिन चैम्पियंस ट्रॉफी के लिये 15 सदस्यीय प्रारंभिक टीम का हिस्सा हैं।

### आस्ट्रेलिया टीम

**पैट कमिंस (कप्तान)**, एलेक्स कैरी, नाथन एलिस, आरोन हार्डी, जोश हेजलवुड, ट्रेविस हेड, जोश इंगलिस, मार्नस लाबुशेन, मिचेल मार्श, ग्लेन मैक्सवेल, मैथ्यू शॉर्ट, स्टीव स्मिथ, मिचेल मार्श, मार्कस स्टोइनिस, एडम जाम्पा ।

### एंगिडि, नॉर्किया दक्षिण अफ्रीका टीम में शामिल

**जोहानिसबर्ग।** दक्षिण अफ्रीका ने अगले महीने होने वाली चैम्पियंस ट्रॉफी के लिये तेम्बा बावुमा की कप्तानी वाली टीम में चोट से उबर चुके तेज गेंदबाज लुंगी एंगिडि और एनरिच नॉर्किया को शामिल किया है । नॉर्किया को पिछले महीने अंगूठे में चोट लगी थी जिसकी वजह से वह पाकिस्तान के खिलाफ श्रृंखला नहीं खेल सके । वहीं नवंबर में ग्रोइन में लगी चोट के कारण एंगिडि श्रीलंका और पाकिस्तान के खिलाफ श्रृंखला से बाहर रहे थे ।

**दक्षिण अफ्रीका टीम :**
**तेम्बा बावुमा (कप्तान)**, टोनी डि जोर्जी, मार्को यानसेन, हेनरिच क्लासेन, केशव महाराज, एडेन माक्रम, डेविड मिलर, वियान मूल्डर, लुंगी एंगिडि, एनरिच नॉर्किया, कैगिसो रबाडा, रियान रिकेल्टन, तबरेज शम्सी, ट्रिस्टन स्टब्स, रासी वान डेर डुसेन ।

### पहली बार छत्तीसगढ़ में राष्ट्रीय स्तर का होगा गोल्फ टूर्नामेंट

**नई दिल्ली।** भारतीय पेशेवर गोल्फ टूर (पीजीटीआई) के नये सत्र के शुरुआती छह महीने में चार नये टूर्नामेंटों को शामिल किया गया है जिससे खिलाड़ियों को देश में फरवरी से अप्रैल 2025 के बीच 11 टूर्नामेंटों में खेलने का मौका मिलेगा। इन टूर्नामेंटों की कुल इनामी राशि 15.66 करोड़ रुपये हैं। पीजीटीआई ने सोमवार को नये सत्र के शुरुआती छह महीने के कार्यक्रम की घोषणा की जहां छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री अरुण साव, पीजीटीआई के अध्यक्ष कपिल देव और आगामी सत्र के प्रयोजक मौजूद थे। पीजीटीआई सत्र का आगाज 11 से 14 फरवरी तक कोलकाता में टाटा स्टील पीजीटीआई प्लेयर्स चैंपियनशिप से होगा। इस दौरान पहली पर छत्तीसगढ़ में राष्ट्रीय स्तर के किसी गोल्फ टूर्नामेंट का आयोजन होगा। राज्य की राजधानी रायपुर के 'फेयरवे गोल्फ एवं लेक रिजॉर्ट' में सत्र के तीसरे टूर्नामेंट का आयोजन 25 से 28 फरवरी तक होगा। इस मौके पर पीजीटीआई के अध्यक्ष और भारत के पूर्व महान क्रिकेट खिलाड़ी कपिल देव ने कहा, " मुझे खुशी है कि आगामी सत्र में नये टूर्नामेंटों के जरिये खिलाड़ियों को खुद को साबित करने का अधिक मौका मिलेगा। यह पहली बार है जब खिलाड़ियों को छह महीने के अंदर कम से कम 11 टूर्नामेंटों में खेलने का मौका मिलेगा।"



# अभ्यास मैच में भारत की स्कॉटलैंड पर जीत

### महिला अंडर-19 टी20 में 119 रन से हराया



फाइल फोटो

एजेंसी ▶▶| कुआलालंपुर

गत चैंपियन भारत ने सोमवार को यहां आईसीसी महिला अंडर-19 टी20 विश्व कप के अभ्यास मैच में स्कॉटलैंड को 119 रन से करारी शिकस्त दी। भारत ने पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किए जाने के बाद निर्धारित 20 ओवरों में सात विकेट पर 164 रन बनाए, जिसमें कमलिनी जी 23 गेंदों में 32 रन बनाकर शीर्ष स्कोरर रहीं। चार भारतीय बल्लेबाज तृषा जी (26), सानिका चालके (17), कप्तान निकी प्रसाद (25) और कमलिनी अपनी अन्य साथियों को मौका देने के लिए रिटायर आउट हो गईं।

स्कॉटलैंड के लिए एमी बाल्डी तीन ओवर में 13 रन देकर दो विकेट लेकर सबसे सफल गेंदबाज रहीं। भारत ने इसके बाद स्कॉटलैंड को 18.5 ओवर में 45 रन पर आउट कर दिया। भारत की तरफ से शबनम शकील, वैष्णवी शर्मा और सोनम यादव ने दो–दो विकेट लिए। अन्य अभ्यास मैचों में, ऑस्ट्रेलिया ने मेजबान मलेशिया को 140 रन से, वेस्टइंडीज ने नेपाल को नौ रन से, अमेरिका ने न्यूजीलैंड को 13 रन से, बांग्लादेश ने श्रीलंका को चार विकेट से, इंग्लैंड ने समोआ को नौ विकेट से और पाकिस्तान ने नाइजीरिया को 11 रन से हराया।

### भारत रविवार को इंडीज के खिलाफ शुरू करेगा अभियान

मुख्य टूर्नामेंट शनिवार से शुरू होगा। भारत रविवार को वेस्टइंडीज के खिलाफ अपना अभियान शुरू करेगा। भारत ने 2023 में दक्षिण अफ्रीका में खेले गए टूर्नामेंट के फाइनल में इंग्लैंड को सात विकेट से हराया था।

**अब तक के केरियर में लगभग हर ट्रॉफी व पदक जीता**

# अतीत से भविष्य के लिए प्रेरणा लेती हूं : सिंधू

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत की स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी पी वी सिंधू जब अपेक्षा के अनुरूप प्रदर्शन नहीं कर पाती हैं तो अतीत की अपनी कामयाबियों से भविष्य में नयी ऊंचाइयों को छूने की प्रेरणा लेती हैं । 29 वर्ष की सिंधू ने लगभग हर ट्रॉफी और पदक जीता है।

वह दो व्यक्तिगत ओलंपिक पदक जीतने वाले चार भारतीय खिलाड़ियों (सुशील कुमार, नीरज चोपड़ा और मनु भाकर) में से है । वह विश्व चैम्पियन रही हैं और एशियाई खेलों तथा राष्ट्रमंडल खेलों में पदक जीते हैं । पिछले सत्र में वह अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सफलता को दोहरा नहीं सकी ।

### सम्मान से बढ़ा आत्मविश्वास

सिंधू ने कहा ," उसके बाद से मेरा जीवन ही बदल गया और अभी तक मुझे काफी पुरस्कार , सम्मान मिले जिससे मेरा आत्मविश्वास बढा । मैने जो कुछ हासिल किया, उसके लिये कृतज्ञता है और जब मैं पीछे मुड़कर देखती हूं तो कह सकती हूं कि मैं जो कर सकती थी, मैने किया ।"



### अटकलों से विचलित नहीं होती

पेरिस ओलंपिक में पदक नहीं जीत पाने से उनके भविष्य को लेकर अटकलें लगने लगी। सिंधू हालांकि अटकलों से विचलित नहीं होती । वह उसी जुनून और जज्बे के साथ कोर्ट पर उतरती है जिससे उसने विश्व बैडमिंटन की ऊंचाइयों को छुआ है ।

### जीत की भूख अब भी

यह पूछने पर कि क्या अभी भी उनके भीतर जीत की भूख बाकी है, सिंधू ने कहा ," बिल्कुल ।" उन्होंने कहा ," मैं इसलिये ऐसा कह रही हूं क्योंकि जब आप उन कामयाबियों को देखते हैं तो आप खुश होते हैं और आपका आत्मविश्वास बढता है । बार बार जीत को देखने से भूख और बढती है ।"

### मैं आगे भी जीत सकती हूं

खेल उत्पाद निर्माता ब्रांड प्यूमा द्वारा कराई गई बातचीत में उन्होंने कहा ," कुछ क्लिप्स हैं जब मैं बिल्कुल छोटी थी और उन्हें देखकर बहुत अच्छा लगता है । ऐसा लगता है कि मैने कितना कुछ किया है और आगे भी कर सकती हूं । आप खुद से सवाल करते हैं और वहीं से सब शुरू होता है ।"




जम्मू-कश्मीर में संघर्ष विराम समझौते के बाद नियंत्रण में स्थिति, लेकिन 2024 में मारे गए

# एलएसी पर चीन के साथ विवाद खत्म होने के बाद भी हालात संवेदनशील: सेनाप्रमुख

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भारत और चीन के बीच पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर साढ़े चार साल से अधिक समय तक चला विवाद यूं तो पिछले साल 21 अक्टूबर को आधिकारिक रूप से खत्म हो गया है। लेकिन इलाके में जमीनी स्तर पर स्थिति संवेदनशील के साथ ही स्थिर बनी हुई है। अप्रैल 2020 से पहले की यथास्थिति में बदलाव से क्षेत्र में थोड़ा बहुत गतिरोध अभी भी बना हुआ है। दोनों देशों की सेनाओं के बीच विश्वास बहाली के प्रयास किए जाने की आवश्यकता है। भारतीय सेना की समूची एलएसी पर ठोस और संतुलित तैनाती है। साथ ही हम किसी भी परिस्थिति से निपटने का माद्दा रखते हैं। यह जानकारी सेनाप्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने सोमवार को सेनादिवस (15 जनवरी) के पूर्व में राजधानी में आयोजित किए गए वार्षिक संवाददाता सम्मेलन में पूछे गए प्रश्नों के जवाब में दी। उन्होंने इलाके में हालात पूर्णतः सामान्य होने की तय समय सीमा को लेकर कहा कि भारत के पास पर्याप्त सामरिक धैर्य है। गौरतलब है कि अप्रैल 2020 में एलएसी विवाद की शुरुआत हुई थी। इसके करीब ढाई महीने के अंदर गलवान की हिंसक झड़प हुई, जिसमें भारत के 20 और चीन के भी कई सैनिक मारे गए थे। इलाके में तनाव चरम पर पहुंचा, दोनों ओर से सैन्य तैनाती में जबरदस्त उछाल देखने को मिला। इसके बाद सैन्य, कूटनीतिक और शीर्ष राजनीतिक स्तर पर कई बैठकें हुईं। जिसके बाद अंततः ये विवाद 21 अक्टूबर 2024 को समाप्त हुआ।

### खास बातें

- सेना किसी भी परिस्थिति से निपटने का माद्दा रखती है
- भारत के पास पर्याप्त सामरिक धैर्य
- दोनों सेनाएं पारंपरिक गश्त इलाकों में लौटीं



### सत्यापन के दो चरण पूरे, जानवरों को चराते चरवाहे

*जनरल द्विवेदी ने कहा कि एलएसी विवाद के दो अंतिम विवादित इलाकों देपसांग और डेमचौक में तनाव खत्म होने के बाद बीते वक्त में दोनों तरफ से सैन्य गश्त का दो बार जमीनी स्तर पर सत्यापन किया जा चुका है। इसे लेकर दोनों सेनाएं संतुष्ट हैं। वहीं, घास के मैदानों को लेकर बनी आपसी सहमति के हिसाब से चरवाहों को अपने जानवरों को चराने की अनुमति प्रदान की गई है। पूर्व में ऐसा नहीं था। क्योंकि हमें लगता था कि उनके जाने से स्थिति में अचानक बदलाव आ सकता है। दोनों जगहों में भारत और चीन की सेनाएं अपने परंपरागत गश्त के इलाकों से आगे आकर, सैन्य ढांचे के साथ एक-दूसरे पर नजर बनाए हुई थीं। लेकिन डिसएंगेजमेंट का लाभ ये हुआ कि दोनों अपनी मान्यता वाले पारंपरिक गश्त के इलाकों की ओर लौट गई हैं। हमारा ध्यान सेना के क्षमता विकास संग अपने जंगी बेड़े में अत्याधुनिक जटिल तकनीक को शामिल करने पर केंद्रित है।*

### बफर जोन जैसी कोई व्यवस्था नहीं

उन्होंने गलवान घाटी व कुछ अन्य जगहों पर दोनों सेनाओं की सैन्य गश्त की मनाही वाले क्षेत्र बनाने को लेकर कहा कि बफर जोन जैसा कुछ नहीं है। बातचीत में ये तय किया गया कि कुछ जगहों पर सैन्य गश्त पर अस्थायी रोक रहेगी। दोनों सेनाएं वापस जाएंगी और इस इलाके में गश्त के लिए नहीं जाएंगी। क्योंकि अभी भी हमें यह लगता है कि इन जगहों पर दोनों सेनाओं के आमने-सामने आने पर हिंसा का स्तर बढ़ सकता है। विवाद समाप्ति के पीछे का श्रेय उन्होंने मुख्य रूप से दोनों देशों के बीच विभिन्न स्तरों पर हुई बैठकों को दिया। इसमें मंत्री स्तर से लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बीच रूस के कजान में हुई बैठक को अहम बताया। इसी तरह से 21 दिसंबर को हुई कोर कमांडरों की बैठक, 5 दिसंबर को डब्ल्यूएमसीसी और 15 दिसंबर को वरिष्ठ प्रतिनिधि स्तर की बैठक ने इस समस्या का समाधान निकालने में जरूरी भूमिका अदा की।

### स्थानीय कमांडरों को ताकत दी

अप्रैल 2020 के बाद बदले हालात में दोनों देशों के बीच का विश्वास की नई परिभाषा सामने आई है। हमें हालात को सामान्य करने और एक बार फिर से भरोसे को कायम करने के लिए बैठना पड़ा और सामंजस्य स्थापित करना पड़ा। भविष्य में दोनों देशों के विशेष प्रतिनिधि और डब्ल्यूएमसीसी स्तर की बैठक होंगी। जिनसे मिले मार्गदर्शन के हिसाब से हम आगे बढ़ेंगे। वहीं, स्थानीय कोर कमांडरों को यह अधिकार दिया गया है कि वो जमीनी स्तर पर विभिन्न मुद्दों को देखेंगे और हल करेंगे। जिससे बाद में समस्या आगे न बढ़े।

### रणनीतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण बांग्लादेश

उन्होंने कहा कि भारत के लिए रणनीतिक दृष्टि से बांग्लादेश महत्वपूर्ण है। दोनों देश एक-दूसरे के पड़ोसी हैं और उनके बीच किसी भी तरह की दुश्मनी एक-दूसरे के हित में नहीं है। मणिपुर में सुरक्षाबलों के समन्वित प्रयासों और सक्रिय सरकारी पहल ने स्थिति को नियंत्रण में ला दिया है। हालांकि हिंसा की कुछ घटनाएं हो रही हैं। लेकिन सरकार शांति बहाली के लिए कार्य कर रही है। इस दिशा में सीमा पर बाड़ लगाने का काम तेजी से आगे बढ़ रहा है।

### 2024 में मारे गए 60 फीसदी आतंकी पाकिस्तानी

जनरल द्विवेदी ने एलओसी को लेकर कहा कि जम्मू-कश्मीर में स्थिति नियंत्रण में है। नियंत्रण रेखा पर 2021 से पाकिस्तान के साथ संघर्षविराम समझौता लागू है। लेकिन सीमा पार आतंकी ढांचा बना हुआ है और अंतरराष्ट्रीय सीमा से लेकर अन्य मौजूद जगहों से घुसपैठ की घटनाएं हो रही हैं, ड्रोन से हथियार और मादक पदार्थ गिराए जा रहे हैं। कश्मीर घाटी में उत्तरी कश्मीर और डोडा-किश्तवाड़ क्षेत्र में हाल के महीनों में आतंकवादी घटनाएं बढ़ी हैं। पिछले साल 2024 में सुरक्षा बलों द्वारा पाकिस्तानी मूल के 60 फीसदी आतंकवादी मार गिराए गए हैं। हमारा मानना है कि पाक मूल के 80 फीसदी से अधिक आतंकी हैं। हिंसा की स्थिति नियंत्रण में है। सकारात्मक बदलाव के मुख्य कारकों में पर्यटन, अमरनाथ यात्रा और शांतिपूर्ण चुनाव शामिल हैं। जिससे आतंकवाद की जगह पर्यटन धीरे-धीरे बढ़ रहा है।

# 15 जनवरी को प्रधानमंत्री नौसेना को समर्पित करेंगे तीन युद्धक जहाज

## मुंबई के एमडीएल में आयोजित किया जाएगा भव्य समारोह

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बुधवार, 15 जनवरी को मुंबई स्थित मझगांव डाकयार्ड लिमिटेड (एमडीएल) में आयोजित एक भव्य समारोह में आईएनएस सूरत, नीलगिरि युद्धपोत और वागशीर पनडुब्बी को भारतीय नौसेना को समर्पित करेंगे। इन तीनों जंगी जहाजों को नौसेना के युद्धक बेड़े में शामिल किया जाना भारत के रक्षा मैन्युफैक्चरिंग और समुद्री सुरक्षा के मामले में ग्लोबल लीडर बनने की दिशा में उठाए जा रहे कदमों को काफी बढ़ावा देगा। नौसेना ने बताया कि आईएनएस सूरत उसकी 15-ब्रावो परियोजना का अंतिम युद्धपोत है। यह दुनिया का एक बड़ा और अत्याधुनिक विध्वंसक है। इसमें 75 फीसदी स्वदेशी तत्व है। साथ ही ये स्टेट ऑफ द आर्ट उपकरण, सेंसर और नेटवर्क आधारित क्षमताओं से लैस है। उधर, महाराष्ट्र में नौसेना के कार्यक्रम के अलावा प्रधानमंत्री नवी मुंबई के खारघर में इस्कॉन मंदिर का भी उद्घाटन करेंगे।

### दो अन्य जहाजों की विशेषता

नौसेना के मुताबिक उसका दूसरा युद्धपोत आईएनएस नीलगिरि 17-ए स्टेल्थ फ्रिगेट परियोजना का पहला युद्धपोत है। इसका डिजाइन नौसेना के युद्धपोत डिजाइन ब्यूरो ने बनाया है। इसमें ऐसे एडवांस फीचर्स को शामिल किया गया है। जिससे युद्धपोत की मारक क्षमता में कई गुना का इजाफा देखने को मिलेगा। इसके अलावा प्रोजेक्ट-75 के तहत बनाई गई स्कॉर्पीन श्रेणी की अंतिम पनडुब्बी आईएनएस वागशीर के नौसेना में शामिल होने से उसकी समुद्री निगरानी क्षमता बढ़ेगी। इस पनडुब्बी को एमडीएल ने फ्रांस के नेवल समूह के साथ मिलकर बनाया है।

# डीआरडीओ ने सफलता के साथ पूरा किया नाग मार्क-2 मिसाइल का परीक्षण

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने हाल ही में राजस्थान की पोखरण फील्ड फायरिंग रेंज में तीसरी पीढ़ी की एंटी टैंक मिसाइल नाग मार्क-3 का सफलतापूर्वक परीक्षण किया है। इसके लिए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और डीआरडीओ के अध्यक्ष डॉ. समीर कामत ने सेना, संगठन और उद्योग जगत की टीम को बधाई दी। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि परीक्षण के दौरान रेंज में भारतीय सेना के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे। तीसरे परीक्षण में मिसाइल सिस्टम ने अपनी न्यूनतम और अधिकतम गति के साथ सभी पूर्व तय लक्ष्यों पर सटीकता से निशाना लगाते हुए उन्हें ध्वस्त कर दिया। इससे उसकी अचूक मारक क्षमता का प्रदर्शन हुआ। मंत्रालय ने कहा कि नाग मिसाइल का दूसरा संस्करण पहले ही फील्ड आकलन का दौर पूरा कर चुका है। अब यह हथियार सिस्टम सेना में शामिल किए जाने के लिए पूरी तरह से तैयार है।




देश के लिए गर्व करने वाली बात

# भारत दुनिया के शीर्ष 25 हथियार निर्यातक देशों में शामिल:सीतारमण



एजेंसी ▶▶ गांधीनगर

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बताया कि भारत अब दुनिया के शीर्ष 25 हथियार निर्यातक देशों में शामिल हो गया है। उन्होंने कहा कि भारत की 100 से अधिक कंपनियां ब्रह्मोस मिसाइल, पिनाका रॉकेट सिस्टम और डोर्नियर एयरक्राफ्ट जैसे रक्षा उत्पादों का निर्यात कर रही हैं। सीतारमण ने यह बात गुजरात के गांधीनगर में राष्ट्रीय रक्षा विश्वविद्यालय (आरआरयू) के चौथे दीक्षांत समारोह के दौरान कही। वित्त मंत्री ने भारत की रक्षा क्षमताओं और आत्मनिर्भरता की दिशा में हुई प्रगति को देश के लिए गर्व का विषय बताया। समारोह में गुजरात सरकार के वित्त मंत्री कनु देसाई, आरआरयू के कुलपति बिमल एन. पटेल और आईएफएससीए के अध्यक्ष के. राजारमन भी मौजूद रहे।



### 2023-24 में 21,083 करोड़ का रक्षा निर्यात

*उन्होंने बताया कि भारत ने स्वदेशी रक्षा उत्पादन में बड़ी उपलब्धि हासिल की है। वित्त वर्ष 2023-24 में देश का रक्षा उत्पादन 1.27 लाख करोड़ रुपए के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया जो 2014-15 के मुकाबले 2.7 गुना अधिक है। देश के रक्षा निर्यात में भी बड़ी बढ़ोतरी हुई है। सीतारमण ने कहा कि वित्त वर्ष 2023-24 में भारत ने 21,083 करोड़ रुपए का रक्षा निर्यात किया जो अब तक का सबसे ऊंचा स्तर है। यह 2013-14 में केवल 686 करोड़ रुपए के मुकाबले 30 गुना ज्यादा है। इस दौरान, अंतरराष्ट्रीय वित्तीय सेवा केंद्र प्राधिकरण (आईएफएससीए) और आरआरयू के बीच एक समझौते पर हस्ताक्षर हुआ। इस समझौते का उद्देश्य शिक्षा और उद्योग के बीच की खाई को कम करना, पेशेवरों को प्रशिक्षण देना और शोध को बढ़ावा देना है।*

# सियाचिन ग्लेशियर युद्ध क्षेत्र पर सेना को मिली तेज संचार सुविधा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

रिलायंस जियो ने दुनिया के सबसे ऊंचे युद्धक्षेत्र में अपनी 5जी सेवा शुरु कर दी है। भारतीय सेना की 'फायर एंड फ्यूरी' कोर ने 'एक्स' पर यह जानकारी दी। सेना के मुताबिक, जियो टेलीकॉम और भारतीय सेना ने साथ मिलकर सियाचिन ग्लेशियर पर पहला 5जी मोबाइल टॉवर सफलतापूर्वक स्थापित कर दिया है। इसे सियाचिन की एक अग्रिम चौकी पर लगाया गया है। 15 जनवरी को सेना दिवस से ठीक पहले सियाचिन ग्लेशियर पर 4जी व 5जी सेवा शुरु कर जियो ने अभूतपूर्व उपलब्धि हासिल की है। सियाचिन ग्लेशियर पर सेवा शुरु करने वाला जियो देश का पहला ऑपरेटर बन गया है।

### सियाचिन ग्लेशियर की अग्रिम चौकी पर लगा 5जी नेटवर्क

### यह उपलब्धि बहादुर सैनिकों को समर्पित



भारतीय सेना ने इसे शानदार उपलब्धि बताते हुए कहा कि यह अदम्य उपलब्धि हमारे बहादुर सैनिकों को समर्पित है, जिन्होंने चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में तैनात रह कर इस चैलेंज को पूरा किया। इतनी ऊंचाई पर टावर लगाना बेहद कठिन रहा। सेना ने रसद सहित क्रू मेंबर की सुरक्षा सुनिश्चित की।

# ब्रिटेन के मंत्री बोले होमवर्क में मदद के लिए चैटजीपीटी के दें अनुमति

**लंदन।** यूनाइटेड किंगडम तेजी से एआई (आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस) और चैटजीपीटी को अपना रहा है। ब्रिटेन के विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री पीटर काइल ने कहा कि बच्चों को होमवर्क में मदद करने के लिए चैटजीपीटी के उपयोग करने की अनुमति दी जानी चाहिए। ब्रिटेन एआई के भविष्य को लेकर रूपरेखा तय कर रहा है।

मंत्री काइल ने कहा कि अगर सही तरीके और सही निगरानी में चैटजीपीटी का उपयोग किया जाता है तो इसे बच्चों के होमवर्क में मदद करने की अनुमति देने से कोई हर्ज नहीं है। चैटजीपीटी और एआई जिस तकनीकी भाषा का उपयोग कर रही है, वह पहले से ही अर्थव्यवस्था में इस्तेमाल हो रही है। उन्होंने कहा कि हमें यह तय करना होगा कि बच्चे और युवा इस तकनीक का उपयोग सीखें और इसे सीखने के विकास में शामिल करें। उन्होंने कहा कि चैटजीपीटी का उपयोग बच्चों के दिमाग की गति को तेज कर सकता है।




हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109